आषाढ़ शुक्ल पक्ष एकादशी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

बुधवार, 17 जुलाई 2024
वर्ष 5, अंक 241, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

अमृत विचार

बरेली

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

इजराइल की गाजा पर बमबारी में 60 की मौत 14

स्त्री 2 का नया पोस्टर रिलीज 13

MONTE CARLO
SALE START
20% to 50%
वास्तविक छूट
शर्ट, टी-शर्ट, जीन्स, ट्राउजर, लोअर ट्रैक सूट, लेडीज जीन्स, लेडीज टॉप, कुर्ती फुटवियर, पर्स, साड़ियाँ, लेडीज सूट, ड्रेसेज
7 DAYS OPEN
SELECTION POINT
The Complete Family Store
45, Civil Lines, Bareilly. Mob.7068300050
DD Puram, Bareilly. Mob.7055359111

पढ़ते रहिये...
अमृत विचार
मानसून ऑफर
₹5/- प्रतिदिन

विवाद : 14 राज्यों में शिक्षकों की ऑनलाइन उपस्थिति, यूपी में क्यों नहीं

रविशंकर गुप्ता, लखनऊ

अमृत विचार : प्रदेश के सरकारी विद्यालयों में शिक्षकों की ऑनलाइन उपस्थिति की व्यवस्था शुरू होते ही विरोध होने लगा तो मामला शासन तक पहुंचा। जिसके बाद इसे दो माह के लिए स्थगित कर दिया गया है। जबकि देश के 14 राज्यों गोवा, राजस्थान, झारखंड, त्रिपुरा, मेघालय, हरियाणा, चंडीगढ़, पंजाब, गुजरात, महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश, हिमाचल प्रदेश, तेलंगाना व असम आदि में शिक्षकों की हाजिरी ऑनलाइन हो रही है।

प्रदेश में शिक्षक पहले ही दिन से ऑनलाइन उपस्थिति व्यवस्था के विरोध में सड़क पर उतर आए। सवाल यह है कि जब देश के 14 राज्यों में शिक्षकों की ऑनलाइन उपस्थिति हो सकती है तो प्रदेश में क्यों नहीं? दरअसल, शिक्षा महानिदेशक ने शिक्षकों की समय से उपस्थिति के लिए 8 जुलाई से ऑनलाइन प्रक्रिया लागू की थी। इसके तहत 6.24 लाख सरकारी शिक्षकों में से पहले दिन 16,500 ने ऑनलाइन उपस्थिति भी दर्ज कराई। दूसरे दिन से इस संख्या में कमी आती गई, अब यह संख्या सिमट कर 500 के करीब आ गई।

महिला शिक्षकों को मिलते हैं ये अलग अवकाश : सरकारी स्कूलों में महिला शिक्षकों को करवाचौथ, हरियाली तीज, हरछठ, छठ पूजा पर अवकाश मिलता है, जबकि इसी विभाग में कार्यरत महिला (अधिकारी व बाबू) को ये छुट्टी नहीं मिलती हैं।

प्रदेश के सरकारी स्कूलों में यह व्यवस्था लागू होते ही शुरू हो गया था विरोध

हाजिरी के पीछे शिक्षक संघ बता रहे यह दिक्कत

शिक्षक संगठनों का कहना है कि ऑनलाइन हाजिरी के बीच किसी की तबीयत बिगड़ती है या उसके किसी परिचित के साथ कोई ट्रेजडी हो जाती है तो उसका क्या होगा। इसके लिए कोई प्रावधान नहीं किया गया है, न ही कोई हाफ डे, न कोई ईएल। शिक्षकों का कहना है कि उन्हें एक वर्ष में सिर्फ 14 सीएल ही मिलते हैं।

साल के 365 दिनों में मिलते हैं 167 अवकाश

एक वर्ष में 56 सार्वजनिक अवकाश हैं। 52 रविवार, किसी वर्ष में 53 रविवार भी होते हैं। 15 दिन सर्दी में अवकाश, 30 दिन ग्रीष्मावकाश, 14 सीएल मिलते हैं। इस तरह कुल 167 दिन शिक्षकों को अवकाश मिलता है। इनके मेडिकल अवकाश को आकस्मिक अवकाश की श्रेणी में रखा गया है। जबकि सत्र 220 दिनों से कम नहीं होना चाहिए।

शिक्षक नेता स्कूल न जाएं ऐसी कोई नियमावली नहीं

प्रदेश में करीब एक दर्जन शिक्षक संगठन सक्रिय हैं। नियमावली में यह नहीं है कि कोई शिक्षक नेता स्कूल पढ़ाने नहीं जाएगा। राज्य परियोजना कार्यालय की जांच में पाया गया कि शिक्षक नेता स्कूल पढ़ाने नहीं जाते हैं। तत्कालीन शिक्षा महानिदेशक द्वारा बीते वर्ष 10 जुलाई से 11 जुलाई के बीच कराई गई जांच में भी यह स्पष्ट हो गया था।

सरकार ने शिक्षकों के लिए किए कई कार्य

योगी सरकार ने शिक्षकों की सुविधा के लिए जो ऑनलाइन कार्य शुरू किए हैं, उनमें सीएल, सीसीएल, मेडिकल, एरियर भुगतान, शिक्षकों का मानव संपदा पोर्टल पर ऑनलाइन ब्योरा सहित कई ऐसे कार्य शामिल हैं, जिससे शिक्षकों को कोई परेशानी नहीं है।

शिक्षकों की ऑनलाइन हाजिरी व्यवस्था स्थगित

- समस्याओं को लेकर बनाई जाएगी विशेषज्ञ समिति

लखनऊ। प्रदेश के सरकारी स्कूलों में शिक्षकों को फिलहाल दो माह तक डिजिटल अटेंडेंस से राहत मिल गई है। लेकिन 11 अन्य रजिस्टर पर आनलाइन कार्य ही होंगे। इस संबंध में मंगलवार को मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह की चार मान्यता प्राप्त शिक्षक संगठनों से वार्ता हुई। प्रमुख सचिव बेसिक डॉ. एमके शनमुगा सुंदरम ने बताया कि डिजिटल अटेंडेंस दो माह के लिए स्थगित रहेगी। शेष 11 रजिस्टर की प्रक्रिया ऑनलाइन रहेगी। वहीं, डिजिटल अटेंडेंस समेत इससे जुड़ी अन्य समस्याओं को लेकर एक विशेषज्ञ समिति बनाई जाएगी, जो शिक्षकों के मुद्दों पर विचार कर दो माह में रिपोर्ट देगी। बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से पिछले दिनों डिजिटल हाजिरी का आदेश जारी किया गया था।

एक नजर

उच्चतम न्यायालय में दो न्यायाधीश नियुक्त

नई दिल्ली। न्यायमूर्ति एन. कोटिश्वर सिंह और न्यायमूर्ति आर महादेवन को मंगलवार को उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश के रूप में पदोन्नत किया गया। उनके शपथ ग्रहण करने के बाद उच्चतम न्यायालय में प्रधान न्यायाधीश सहित कुल न्यायाधीशों की संख्या फिर से 34 हो जाएगी। कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने 'एक्स' के जरिए इन नियुक्तियों की घोषणा की। जम्मू-कश्मीर हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश एन कोटिश्वर सिंह मणिपुर से शीर्ष न्यायालय में नियुक्त होने वाले पहले न्यायाधीश बन गए हैं। न्यायमूर्ति महादेवन वर्तमान में मद्रास हाईकोर्ट के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश हैं।

पुरी रत्न भंडार गुरुवार को फिर खोला जाएगा

पुरी। श्री जगन्नाथ मंदिर प्रशासन (एसजेटीए) ने मंगलवार को कहा कि रत्न भंडार का आंतरिक कक्ष गुरुवार को फिर खोला जाएगा ताकि आभूषणों को मंदिर में स्थित अस्थायी कोषागार में स्थानांतरित किया जा सके। यह निर्णय मंगलवार को यहां एसजेटीए के मुख्य प्रशासक अरबिंद पाधी, राज्य सरकार द्वारा नियुक्त पर्यवेक्षक समिति के अध्यक्ष न्यायमूर्ति विश्वनाथ रथ, पुरी के जिलाधिकारी सिद्धार्थ शंकर स्वैन की उपस्थिति में हुई बैठक में लिया गया।

मुठभेड़ में कैप्टन समेत पांच जवान शहीद

जम्मू-कश्मीर के डोडा में आतंकवादियों से गोलीबारी में हुए थे घायल

जम्मू, एजेंसी

जम्मू-कश्मीर के डोडा जिले में भारी हथियारों से लैस आतंकवादियों के साथ मुठभेड़ में गंभीर रूप से घायल हुए एक कैप्टन समेत सेना के चार जवान शहीद हो गए जबकि जम्मू-कश्मीर पुलिस के एक कर्मी की भी मौत हुई है। अधिकारियों ने मंगलवार को बताया कि आतंकियों की तलाश और उनके सफाए के लिए अतिरिक्त बल भेजा गया है। मुठभेड़ में शहीद हुए जवानों की पहचान कैप्टन बृजेश थापा, नायक डी राजेश, सिपाही बिजेन्द्र और सिपाही अजय के रूप में हुई है। जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा और सेना प्रमुख उपेंद्र द्विवेदी समेत सेना के सभी रैंक के अधिकारियों ने शहीद जवानों को श्रद्धांजलि दी। पिछले तीन सप्ताह में डोडा जिले के जंगलों में सुरक्षाबलों और आतंकवादियों के बीच यह तीसरी बड़ी मुठभेड़ है।

अधिकारियों ने बताया कि राष्ट्रीय राइफल्स और जम्मू-कश्मीर पुलिस के विशेष अभियान समूह के जवानों ने सोमवार देर शाम डोडा शहर से लगभग 55 किलोमीटर दूर देसा वन क्षेत्र के धारी गोटे उरबागी में संयुक्त घेराबंदी और तलाशी अभियान चलाया, जिसके बाद मुठभेड़ शुरू हो गई। उन्होंने बताया कि कुछ देर की गोलीबारी के बाद आतंकवादियों ने भागने की कोशिश की, लेकिन एक अधिकारी के नेतृत्व में बहादुर जवानों ने दुर्गम इलाके और घने जंगल के बावजूद उनका पीछा किया।

आतंकवादियों के साथ मुठभेड़ में शहीद सेना के चार जवानों के पार्थिव शरीर।

कैप्टन ब्रजेश थापा | सिपाही बिजेंद्र | अजय कुमार सिंह | नायक डी राजेश

दो माह में 9 आतंकी वारदातें, 12 सुरक्षाकर्मी शहीद

जम्मू संभाग में इस साल 9 आतंकी वारदातें हुईं जिसमें 12 सुरक्षाकर्मी शहीद हो गए हैं। 10 नागरिकों की मौत हुई, जबकि 55 लोग घायल हो गए। 15 जुलाई को डोडा में मुठभेड़ में एक कैप्टन समेत पांच जवान शहीद हुए। 8 जुलाई को कठुआ में पांच सैन्यकर्मी शहीद हो गए। 7 जुलाई को राजोरी में एक सैन्यकर्मी घायल हो गया। 26 जून को डोडा में तीन विदेशी आतंकी मारे गए। 12 जून को डोडा में एक पुलिसकर्मी घायल हो गया। 11/12 जून को कठुआ में एक जवान शहीद हुआ। इसी दिन डोडा में पांच जवान और एक पुलिस अधिकारी घायल हुए। 9 जून को रियासी जिले में बस पर आतंकी हमले में नौ तीर्थयात्री मारे गए। 4 मई को पुंछ में वायुसेना का एक जवान शहीद हो गया। 28 अप्रैल को उधमपुर में एक ग्राम रक्षा गार्ड शहीद हो गया जबकि 22 अप्रैल को राजोरी में आतंकवादियों ने एक सरकारी कर्मचारी की गोली मारकर हत्या कर दी।

ड्रोन-हेलीकॉप्टर से आतंकियों की तलाश

अधिकारियों ने बताया कि सेना और पुलिस ने सोमवार रात को ही अतिरिक्त बल को रवाना कर दिया था और मंगलवार की सुबह अधिक संख्या में जवानों के साथ क्षेत्र में नए सिरे से तलाशी अभियान शुरू किया गया। उन्होंने बताया कि सेना के शीर्ष पैरा-कमांडो को तैनात किया गया है, जबकि नजर रखने के लिए ड्रोन और हेलीकॉप्टर भी लगाए गए हैं। उन्होंने बताया कि मंगलवार को आतंकवादियों से अब तक सामना नहीं हुआ है। माना जा रहा है कि वे सीमा पार से घुसपैठ कर भारत में दाखिल हुए और पिछले कुछ महीनों से वन क्षेत्र में छिपे हुए हैं। नौ जुलाई को किश्तवाड़ जिले की सीमा से लगे घढ़ी भगवाह जंगल में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ के बाद आतंकवादी भाग गए थे। इससे पहले 26 जून को जिले के गंडोह इलाके में दिनभर चले अभियान में तीन आतंकवादियों को मार गिराया गया था। इसी तरह, 12 जून को भीषण गोलीबारी में पांच सैन्यकर्मी और एक विशेष पुलिस अधिकारी के घायल होने के बाद डोडा में आतंकवाद विरोधी अभियान तेज कर दिए गए थे।

नीट-यूजी पेपर लीक मामले में दो और गिरफ्तारी

- सीबीआई ने पटना और हजारीबाग में की कार्रवाई
- अब तक छह प्राथमिकी दर्ज कुल 14 गिरफ्तारियां

नई दिल्ली, एजेंसी

सीबीआई ने राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा-स्नातक (नीट-यूजी) पर्चा लीक मामले में एक प्रमुख आरोपी सहित दो लोगों को गिरफ्तार किया है, जिन्होंने झारखंड के हजारीबाग में राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी के ट्रंक से कथित तौर पर प्रश्नपत्र चुराया था। अधिकारियों ने मंगलवार को बताया कि इन दो गिरफ्तारियों के साथ ही मेडिकल प्रवेश परीक्षा में लीक, प्रतिरूपण और अन्य अनियमितताओं से संबंधित मामलों में गिरफ्तार किए गए व्यक्तियों की कुल संख्या अब 14 हो गई है।

अधिकारियों ने बताया कि एजेंसी ने राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान जमशेदपुर के 2017 बैच के सिविल इंजीनियर पंकज कुमार उर्फ आदित्य को गिरफ्तार किया है, जिसने हजारीबाग में राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) के ट्रंक से नीट-यूजी का प्रश्नपत्र कथित तौर पर चुराया था। उन्होंने बताया कि बोकारो के रहने वाले कुमार को पटना से गिरफ्तार किया गया। उन्होंने बताया कि सीबीआई ने राजू सिंह नाम के एक अन्य व्यक्ति को भी गिरफ्तार किया है जिसने कथित तौर पर कुमार को प्रश्नपत्र चुराने और गिरोह के अन्य सदस्यों को देने में मदद की थी। सिंह को हजारीबाग से गिरफ्तार किया गया। मेडिकल प्रवेश परीक्षा में कथित अनियमितताओं की जांच कर रही एजेंसी ने छह प्राथमिकी दर्ज की हैं। बिहार में दर्ज प्राथमिकी प्रश्नपत्र लीक होने से संबंधित है, जबकि गुजरात, राजस्थान और महाराष्ट्र में दर्ज शेष प्राथमिकी अभ्यर्थियों के स्थान पर परीक्षा देने और धोखाधड़ी से संबंधित हैं। केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय के संदर्भ पर एजेंसी की अपनी प्राथमिकी, परीक्षा में कथित अनियमितताओं की व्यापक जांच से संबंधित है।

अलीगढ़ के थाना खैर में बड़ी वारदात

थाने में लगाई मां को आग, झुलसने से हुई मौत, बेटा हिरासत में

संवाददाता, अलीगढ़

अमृत विचार : अलीगढ़ के थाना खैर में मंगलवार को बड़ी घटना घटित हुई। थाने में बेटे ने मां को आग लगा दी। पुलिसकर्मियों ने आग बुझाई और उसे अस्पताल में भर्ती कराया। 80 प्रतिशत तक जल चुकी महिला की इलाज के दौरान मौत हो गई। थाने में लगे सीसी कैमरे में बेटा आग लगाते हुए कैद हो गया है। पुलिस ने बेटे को हिरासत में ले लिया है। थाने में महिला को आग लगाने की सूचना पर आला अधिकारी आनन-फानन में मौके पर पहुंचे। एसपी देहात थाने पहुंचकर जांच में जुट गए। आईजी अलीगढ़ रेंज ने पूरे मामले में रिपोर्ट तलब की है।

दरकन नगरिया निवासी हेमलता के पति राजबहादुर सिंह की पांच साल पूर्व मौत हो चुकी है। उसका ममिया ससुर से मकान को लेकर विवाद चल रहा है। मंगलवार को हेमलता और उसका बेटा थाने पर आए थे। दूसरा पक्ष भी पहुंचा था। हेमलता ने दूसरे पक्ष के खिलाफ छेड़खानी का भी मामला दर्ज करा रखा था। मकान को लेकर पंचायत भी चल रही थी। लेकिन हेमलता और उसका बेटा दूसरे पक्ष की बात से सहमत नहीं थे और उठकर चले गए। थाने पर हेमलता पर उसके बेटे ने पेट्रोल छिड़क दिया और फिर लाइटर से आग लगा दी। हेमलता बुरी तरह से झुलस गई। पुलिस ने उसे अस्पताल पहुंचाया जहां इलाज के दौरान महिला ने दम तोड़ दिया। बेटा आग लगाने के बाद मां की वीडियो बनाता रहा। वह खुद आग लगाकर रिश्तेदारों को फंसाना चाहता था। थाने में महिला को आग लगाने की सूचना पर अधिकारियों के होश उड़ गए। एसपी देहात पलाश बंसल मौके पर पहुंच गए। आरोपी बेटे को हिरासत में ले लिया गया है और रिश्तेदारों को वीडियो दिखाया गया। एसपी देहात ने आला अधिकारियों को पूरे घटनाक्रम की जानकारी दी। आईजी अलीगढ़ रेंज शलभ माथुर ने एसएसपी से रिपोर्ट मांगी है। एसएसपी अलीगढ़ संजीव सुमन का कहना है कि आग बेटे ने ही लगाई है।

- घटना सीसीटीवी में कैद, मकान को लेकर है रिश्तेदार से विवाद

सरकार ने ट्रेनी आईएएस पूजा खेडकर को प्रशिक्षण स्थगित कर वापस बुलाया

मुंबई, एजेंसी

सरकार ने मंगलवार को विवादास्पद आईएएस अधिकारी पूजा खेडकर के जिला प्रशिक्षण कार्यक्रम को स्थगित कर दिया और उन्हें 23 जुलाई तक लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी में रिपोर्ट करने को कहा गया है।

खेडकर (34) सिविल सेवा परीक्षा में चुने जाने के लिए कपटपूर्ण तरीके का इस्तेमाल करने के आरोपों का सामना कर रही हैं। उन्होंने खुद को शारीरिक रूप से दिव्यांग और अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) समुदाय का बताया था। खेडकर पर पुणे में तैनाती के दौरान विशेषाधिकारों का दुरुपयोग करने का भी आरोप है। महाराष्ट्र के अतिरिक्त मुख्य सचिव नितिन गदरे द्वारा लिखे गए पत्र में कहा गया है कि अकादमी ने खेडकर के जिला प्रशिक्षण कार्यक्रम को स्थगित करने का निर्णय लिया है तथा उन्हें तत्काल वापस बुलाया गया है। इस बीच पूजा खेडकर ने पुणे के जिलाधिकारी सुहास दिवसे पर उत्पीड़न का आरोप लगाते हुए वाशिम थाने में शिकायत दर्ज कराई है।

- 23 जुलाई तक आईएएस अकादमी में रिपोर्ट करने के निर्देश

मेडिकल प्रमाणपत्रों की सत्यता जांचेगी पुलिस

पुणे। पुणे पुलिस पूजा खेडकर द्वारा प्रस्तुत चिकित्सा प्रमाणपत्रों की सत्यता की जांच करेगी। वर्तमान में वाशिम जिले में तैनात 2023 बैच की अधिकारी खेडकर ने संघ लोक सेवा आयोग को कई मेडिकल प्रमाणपत्र प्रस्तुत किए थे, जिनमें से एक दृष्टि संबंधी दिव्यांगता को दर्शाता है। मुख्य आयुक्त दिव्यांगजन कार्यालय ने प्रमाणपत्रों की जांच के संबंध में पुलिस और जिलाधिकारी को पत्र लिखा है।

मथुरा में दुष्कर्म के बाद बच्चे की हत्या करने के दोषी को मृत्युदंड

संवाददाता, मथुरा

- मथुरा जिले की पॉक्सो अदालत ने सुनाई सजा, 1.20 लाख जुर्माना

अमृत विचार : मथुरा जिले की विशेष पॉक्सो अदालत ने नौ साल के बच्चे के साथ कुकर्म के बाद उसकी हत्या के दोषी को मंगलवार को फांसी एवं एक लाख 20 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई।

जिला शासकीय अधिवक्ता शिवराम सिंह तरकर ने मंगलवार को बताया कि 21 जून 2022 को कोसीकलां थाना क्षेत्र के नगला मेव गांव में खाली पड़े एक मकान के पशुओं को बांधने के स्थान पर नौ साल के एक बच्चे का शव फांसी के फंदे पर लटका मिला था। इस मामले में गांव की ही एक महिला समेत 8 लोगों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया था। पोस्टमार्टम में बच्चे के साथ कुकर्म और गला दबाकर हत्या की पुष्टि हुई है, जांच में दरियाब नामक एक व्यक्ति की भूमिका संदिग्ध पाई गई। गांव के बच्चों से पता चला कि वह भी कई बार बच्चों के साथ खेलने के लिए आ जाता था। पुलिस के हाथ प्रमाण लगने के बाद दरियाब ने कुबूल कर लिया। अपर जिला न्यायाधीश पॉक्सो कोर्ट रामकिशोर यादव (तृतीय) ने दरियाब को दोषी करार देते हुए सजा सुनाई।

धार्मिक ग्रंथ पढ़ाने वाले ने छात्रा से किया दुष्कर्म

सहारनपुर। सहारनपुर जिले के सदर बाजार थाना क्षेत्र में धार्मिक ग्रंथ पढ़ाने वाले एक शिक्षक (ट्यूटर) ने 15 वर्षीय नाबालिग छात्रा के साथ कई बार दुष्कर्म किया, जिसे गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस अधीक्षक (नगर) अभिमन्यु मांगलिक ने बताया कि थाना सदर बाजार क्षेत्र के रक्खा कालोनी निवासी अफजाल (28) नामक आरोपी एक छात्रा को धार्मिक ग्रन्थ पढ़ाने उसके घर जाता था। उसने छात्रा से कई बार डरा-धमकाकर दुष्कर्म किया।

आईएएस अधिकारी और पूर्व विधायक के परिसरों पर छापा

नई दिल्ली/ पटना। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बिहार काडर के आईएएस अधिकारी संजीव हंस और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के पूर्व विधायक गुलाब यादव के खिलाफ धन शोधन मामले की जांच के सिलसिले में मंगलवार को बिहार, दिल्ली और पुणे में कई परिसरों पर छापेमारी की। हंस वर्तमान में बिहार ऊर्जा विभाग के प्रधान सचिव के रूप में कार्यरत हैं। पटना में हंस और यादव के घरों सहित करीब 22 परिसरों पर छापेमारी की जा रही है। पटना पुलिस ने बलात्कार, ब्लैकमेल करने और उसे जान से मारने की धमकी देने के आरोप में पिछले साल जनवरी में हंस और यादव के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की थी।

पति को छूट के खिलाफ अपील सुनेगा सुप्रीम कोर्ट

वैवाहिक बलात्कार

बीएनएस की धारा 63 के अनुसार बालिग पत्नी से यौनाचार बलात्कार नहीं

नई दिल्ली, एजेंसी

उच्चतम न्यायालय इस विवादास्पद कानूनी प्रश्न से संबंधित याचिकाओं को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध करने पर मंगलवार को सहमत हो गया कि क्या अपनी बालिग पत्नी को यौन संबंध बनाने के लिए मजबूर करने वाले पति को बलात्कार के अपराध वाले मुकदमे से छूट मिलनी चाहिए।

प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने एक याचिकाकर्ता की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता इंदिरा जयसिंह की दलीलों का संज्ञान लिया कि संबंधित याचिकाओं को कुछ प्राथमिकता दी जानी चाहिए। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने कहा कि याचिकाओं पर सुनवाई की जाएगी। उन्होंने संकेत दिया कि उन पर 18 जुलाई को सुनवाई हो सकती है। हाल ही में लागू भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) के तहत भी एक पुरुष द्वारा अपनी पत्नी के साथ यौन संबंध या यौनाचार बलात्कार की श्रेणी में नहीं आता है, बशर्ते वह नाबालिग नहीं है। बीएनएस की धारा 63 (बलात्कार) के अपवाद-दो में कहा गया है कि किसी पुरुष द्वारा अपनी पत्नी के साथ यौन संबंध या यौनाचार बलात्कार की श्रेणी में नहीं आता है, यदि पत्नी की उम्र 18 वर्ष से कम नहीं है। शीर्ष अदालत ने 16 जनवरी, 2023 को भारतीय दंड संहिता के संबंधित प्रावधान पर आपत्ति जताने वाली कई याचिकाओं पर केंद्र से जवाब मांगा था, जिसके तहत बालिग पत्नी से जबरन यौन संबंध बनाने के मामले में पति को अभियोजन से छूट प्राप्त है। शीर्ष अदालत ने 17 मई को इस मुद्दे पर बीएनएस के प्रावधान को चुनौती देने वाली एक समान याचिका पर केंद्र को नोटिस जारी किया था।

एक महिला ने दाखिल की है याचिका

नए आपराधिक कानून, भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस), भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) और भारतीय साक्ष्य अधिनियम, एक जुलाई से प्रभावी हुए हैं, जिन्होंने पुराने आपराधिक कानूनों का स्थान लिया है। पीठ ने कहा था, हमें वैवाहिक बलात्कार से संबंधित मामलों को सुलझाना है। इससे पहले, केंद्र ने कहा था कि इस मुद्दे के कानूनी और सामाजिक निहितार्थ हैं, और सरकार इन याचिकाओं पर अपना जवाब दाखिल करना चाहेगी। इनमें से एक याचिका इस मुद्दे पर 11 मई, 2022 को दिल्ली उच्च न्यायालय के खंडित फैसले से संबंधित है। यह अपील एक महिला द्वारा दायर की गई है, जो दिल्ली उच्च न्यायालय के समक्ष याचिकाकर्ताओं में से एक थी।

संसद सत्र से पहले 21 जुलाई को सर्वदलीय बैठक

नई दिल्ली। सरकार ने सोमवार 22 जुलाई से शुरू हो रहे संसद के मॉनसून सत्र से पहले 21 जुलाई को सर्वदलीय बैठक बुलाई है। संसदीय कार्य मंत्रालय ने सोमवार को कहा कि संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू संसद के बजट सत्र से पहले संसद के दोनों सदनों में राजनीतिक दलों के नेताओं के साथ बैठक करेंगे। बैठक सुबह 11 बजे संसदीय सौंध स्थित मुख्य समिति कक्ष में होगी। इस पारंपरिक बैठक में पहली बार नेता प्रतिपक्ष के रूप कांग्रेस सांसद राहुल गांधी शामिल होंगे। तृणमूल कांग्रेस का प्रतिनिधि इस बैठक में शामिल नहीं होगा क्योंकि पार्टी 21 जुलाई को शहीद दिवस के रूप में मनाती है।

बाढ़ का पानी कम होने के बाद खुली ओपीडी में पहले दिन 463 पर्चे बने, डॉक्टरों ने देखे मरीज

मेडिकल कॉलेज में आज से ट्रामा सेंटर में भर्ती होंगे मरीज

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

अमृत विचार : राजकीय मेडिकल कॉलेज में बाढ़ का पानी निकल जाने के बाद बुधवार से ट्रामा सेंटर चालू हो जाएगा और मरीज भर्ती होने लगेंगे। ओपीडी में आज पहले दिन ओपीडी में 463 पर्चे बने। डॉक्टरों ने कक्ष में बैठकर मरीजों को देखा और दवा का वितरण किया गया।

शहर के मोहल्ला अजीजगंज में स्थित राजकीय मेडिकल कॉलेज के ट्रामा सेंटर, ओपीडी, वार्डों व लेबर रूम में बाढ़ का पानी भर गया था। अब पानी मेडिकल कॉलेज के अंदर से निकल गया। लेकिन कुछ स्थानों पर कीचड़ अभी भी है। दवा स्टोर में भी पानी भर गया था। सही दवाओं को निकालकर दूसरी मंजिल पर शिफ्ट किया जा रहा है। गनीमत रही कि पानी से दवाओं का अधिक नुकसान नहीं हुआ है।

ओपीडी की सफाई कराने के बाद मंगलवार को सुबह आठ बजे से एक बजे तक डॉक्टर अपने कक्ष में बैठे। पर्चा काउंटर पर 463 पर्चे बने है। डॉक्टरों ने मरीजों को देखा और मरीजों ने दवा काउंटर से दवा उपलब्ध कराई गई। इधर ट्रामा सेंटर, सर्जिकल वार्ड व प्रसूति गृह को चालू कराने के लिए मंगलवार को कीचड़ निकालकर धुलाई की गई। इधर सरकारी आवास में डॉक्टर तथा अन्य स्टाफ भी वापस आ गया और घरों की सफाई कर रहने लगे। प्राचार्य डॉ राजेश कुमार ने बताया कि बुधवार से ट्रामा सेंटर चालू हो जाएगा और मरीज भी भर्ती किए जाएंगे।

ओपीडी में पर्चा बनवाते मरीज। ● अमृत विचार

ट्रामा सेंटर में सफाई करते कर्मचारी। ● अमृत विचार

मशीनों को रिपेयर किया जाएगा

मेडिकल कॉलेज में पानी भर जाने से पर्चा काउंटर पर पांच कंप्यूटरों में एक कंप्यूटर खराब हो गया था। इधर अल्ट्रासाउंड मशीन, एक्सरे मशीन में पानी आ गया था। जो रिपेयर कराया जाएगा। ट्रामा सेंटर में प्लास्टर कक्ष में पानी आ गया था। कुछ टेबलेट खराब हुई है। स्टोर रूम में लोहे की बनाई गई अलमारी के ऊपर दवा के बक्से रखे होने से ज्यादा नुकसान नहीं हुआ है।

गैस सिलेंडर के अधिक रुपये लेने का आरोप

शाहजहांपुर, अमृत विचार : सदर बाजार थाना क्षेत्र के मोहल्ला तारीन जलालनगर के घरेलू गैस उपभोक्ता रामऔतार, विनोद कुमार, मुशीर खां, खालिद खां, दिनेश कुमार, आबिद आदि ने डीएसओ को दिए गए शिकायती पत्र में बताया कि उनके मोहल्ले में एक गैस एजेंसी का डिस्ट्रीब्यूटर आता है। गैस सिलेंडर की होम डिलीवरी 831 रुपये है। डिस्ट्रीब्यूटर 880 रुपये प्रति सिलेंडर लेता है। यदि कोई उपभोक्ता कम रुपये देता है तो गैस सिलेंडर देने से मना कर देता है। बिना पर्ची वालों को ब्लैक में 950 रुपये में देता है। आरोप है कि डिस्ट्रीब्यूटर के पास कांटा नहीं होता है और प्रत्येक गैस सिलेंडर में गैस कम निकलती है। उपभोक्ताओं ने कार्रवाई की मांग की है।

एक नजर

ददरौल के प्रभावित ग्रामीणों के लिए मांगे आवास

शाहजहांपुर। ददरौल विधानसभा क्षेत्र के विधायक अरविंद सिंह ने जिले के प्रभारी मंत्री नरेंद्र कश्यप को मांगपत्र देकर बाढ़ पीड़ितों की मदद के लिए आग्रह किया है। विधायक ने अपने विधानसभा क्षेत्र के बाढ़ प्रभावित गांवों की सूची सौंपते हुए भारी नुकसान की भरपाई करने को कहा है। विधायक ने पत्र के माध्यम से प्रभारी मंत्री को अवगत कराया कि 10 जुलाई को आई बाढ़ से उनके क्षेत्र की स्थिति बहुत खराब हो गई है। विधायक अरविंद सिंह ने बताया कि उनके विधानसभा क्षेत्र के ब्लॉक ददरौल में बाढ़ से 97 गांव, कांट के 20 और भावलखेड़ा के चार गांव अत्यधिक प्रभावित हुए हैं।

बाढ़ को लेकर सपा जिलाध्यक्ष ने की बैठक

शाहजहांपुर। बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में राशन, पानी, मोमबत्ती वितरण कार्यक्रम के तहत मंगलवार को जिला पंचायत सदस्य के आवास पर पूड़ी सब्जी के पैकेट तैयार किये गए, जिनको प्रतिदिन की भांति छात्र सभा के जिलाध्यक्ष प्रसून कुमार, उत्पल यादव, समाजसेवी आमिर खां, सौमित्र यादव की टीम ने जरूर मंदों तक पहुंचाने का कार्य किया। इससे पूर्व समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष तनवीर खान ने नवादा इंदेपुर पहुंचकर टीम को राहत सामग्री बांटने के निर्देश दिए। उन्होंने सपा नेता नीरज मिश्र व उनके सहयोगी युवा नेताओं की बाढ़ पीड़ितों की मदद करने के लिए प्रशंसा की। कहा संकट की घड़ी में आगे भी समाजवादी पार्टी के लोग खड़े रहेंगे। नीरज मिश्र ने मांग करते हुए कहा कि गरीबों के टूटे मकानों को सरकार बनवाए व क्षतिग्रस्त मार्गों की मरम्मत कर आवागमन सुचारू किया जाए।

बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में गए प्रभारी मंत्री, नुकसान का लिया जायजा

भेदपुर, बरेली मोड़, आवास विकास, कांशीराम कॉलोनी, मेडिकल कॉलेज का किया निरीक्षण

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

अमृत विचार: प्रदेश के पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) एवं जिला के प्रभारी मंत्री नरेंद्र कश्यप ने मंगलवार को बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का भ्रमण कर बाढ़ से हुए नुकसान का जायजा लिया। उन्होंने बाढ़ से सर्वाधिक प्रभावित क्षेत्रों भेदपुर, बरेली मोड़, आवास विकास-कांशीराम कॉलोनी, राजकीय मेडिकल कॉलेज सहित अन्य क्षेत्रों का निरीक्षण कर स्थिति का जायजा लिया। इस दौरान प्रभारी मंत्री ने बाढ़ पीड़ितों से मुलाकात कर उनकी व्यथा भी सुनी और सरकार की ओर से मुहैया कराई जा रही राहत सामग्री के बारे में जानकारी ली।

पिछले लगभग एक सप्ताह से बाढ़ से मचे हाहाकार के बाद स्थिति सामान्य होते ही मंगलवार को प्रभारी मंत्री नरेंद्र कश्यप ने बाढ़ प्रभावित इलाकों का जायजा लिया। पूर्वांह 11 बजे के आसपास वह सबसे पहले बरेली मार्ग स्थित भेदपुर गांव पहुंचे। उन्होंने पार्टी जिलाध्यक्ष केसी मिश्रा, ददरौल विधायक अरविंद सिंह, एडीएम प्रशासन संजय पांडेय आदि के साथ गांव का भ्रमण कर ग्रामीणों से बातचीत की और नुकसान के बारे में जानकारी जुटाई। इसके बाद उनका काफिला बरेली मोड़ स्थित हुंडई शोरूम और नैनीताल ढाबे के समीप पहुंचा, जहां बाढ़ से नेशनल हाईवे के कटान और नैनीताल ढाबा के पास हुए नुकसान को देखा। इसी क्रम में वह आवास विकास-कांशीराम कॉलोनी पहुंचे। बतादें कि बाढ़ में कांशीराम कालोनी में भी अत्यधिक जलभराव हुआ था, इसलिए प्रभारी मंत्री इस क्षेत्र में भी पहुंचे।

कांशीराम कॉलोनी में पार्क में हुए जलभराव को देखा, महिलाओं से काफी देर तक वह बात करते रहे और उन्हें हर संभव मदद का न सिर्फ आश्वासन देते रहे, बल्कि एसडीएम सदर ज्ञानेंद्र सिंह को तत्काल राहत किटों का वितरण करने के निर्देश दिए। इसके बाद राजकीय मेडिकल कॉलेज पहुंचे। यहां प्राचार्य डॉ. राजेश कुमार के साथ प्रभारी मंत्री ने टीम के सदस्यों के साथ इमरजेंसी, मुख्य औषधि भंडार, औषधि वितरण, एक्स-रे रूम, अल्ट्रासाउंड कक्ष का निरीक्षण कर पानी से खराब हुई मशीनों को देखा। मेडिकल कॉलेज में बाढ़ से फैली गंदगी की सफाई होते मिली। उन्होंने प्राचार्य को निर्देश दिए कि जल्द सफाई कराकर चिकित्सीय सेवाएं बहाल कराई जाएं और बाढ़ के कारण खराब हुईं जांच मशीनों को भी जल्द दुरुस्त कराया जाए। प्रभारी मंत्री नरेंद्र कश्यप ने कहा कि चिकित्सा सेवाओं के लिए पैसों की कमी नहीं होने दी जाएगी। सरकार इस मामले में बहुत गंभीर है। इस दौरान ददरौल विधायक अरविंद सिंह, महापौर अर्चना वर्मा, महानगर अध्यक्ष शिल्पी गुप्ता, नगर आयुक्त डॉ. विपिन कुमार मिश्र, एडीएम प्रशासन संजय कुमार पांडेय, अपर नगर आयुक्त एसके सिंह, एसडीएम सदर ज्ञानेंद्र नाथ, हरजीत सिंह, क्षेत्रीय पार्षद आदि मौजूद रहे।

आवास विकास गोल चक्कर के पास कांशीराम कालोनी की महिलाओं से बात करते प्रभारी मंत्री नरेंद्र कश्यप। ● अमृत विचार

- गन्ना शोध अतिथि गृह में बने राहत शिविर में बाढ़ से प्रभावित 75 परिवारों को बांटी राहत सामग्री
- प्रभारी मंत्री ने मेडिकल कॉलेज प्राचार्य को दिए जल्द चिकित्सीय सेवाएं शुरू करने के निर्देश
- कहा: मेडिकल कॉलेज की जांच मशीनें तत्काल दुरुस्त कराएं रूपये की कमी नहीं होने देंगे

बरेली मोड़ स्थित नैनीताल ढाबा के पास एडीएम संजय पांडेय के साथ बाढ़ से हुए नुकसान को देखते प्रभारी मंत्री नरेंद्र कश्यप। ● अमृत विचार

बरेली मोड़ स्थित नैनीताल ढाबा के पास एडीएम संजय पांडेय के साथ बाढ़ से हुए नुकसान को देखते प्रभारी मंत्री। ● अमृत विचार

बाढ़ पीड़ितों को प्रभारी मंत्री ने दिया अपना नंबर

प्रभारी मंत्री नरेंद्र कश्यप के आने की सूचना मिलते ही आवास विकास कालोनी में विशन चंद्र सेठ पार्क (गोल चक्कर) के पास बड़ी संख्या में बाढ़ से प्रभावित महिलाएं और पुरुष इकट्ठे हो गए। जैसे ही मंत्री का काफिला वहां पहुंचा कि महिलाओं ने उन्हें घेर लिया। प्रभारी ने गाड़ी से उतर कर सिर्फ उनकी व्यथा ही सुनीं, बल्कि अपना मोबाइल नंबर भी नोट कराया और कहा कि कोई भी समस्या हो या फिर राहत सामग्री न मिले, तो तत्काल उन्हें फोन पर जानकारी दी जाए। उन्होंने कहा कि वह इस आपदा की घड़ी में उनके साथ हैं। उनकी सरकार हर संभव मदद करेगी, किसी को छोड़ा नहीं जाएगा। इस बीच मंत्री ने एसडीएम सदर को तत्काल राहत सामग्री बंटवाने के निर्देश दिए।

तिरपाल, जरी कैन आदि आवश्यक वस्तुएं भी दी गईं

प्रभारी मंत्री ने गन्ना शोध अतिथि गृह में बनाए गए बाढ़ राहत शिविर में बाढ़ से प्रभावित 75 परिवारों को सरकार की ओर से उपलब्ध कराई गई राहत किटों का भी वितरण किया। राहत सामग्री के साथ तिरपाल, जरी कैन आदि आवश्यक वस्तुओं का भी वितरण किया। इस दौरान मंत्री नरेंद्र कश्यप ने कहा कि प्रदेश सरकार बाढ़ को लेकर अत्यंत गंभीर और संवेदनशील है। राहत एवं बचाव के कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। शिकायत होने पर दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। उन्होने कहा बाढ़ प्रभावितों को हर हाल में राहत सामग्री उपलब्ध कराने के साथ ही स्वास्थ्य सेवाएं तथा आवश्यक दवाओं की उपलब्धता भी सुनिश्चित की जाए।

संकुल पद से शिक्षकों ने दिया सामूहिक त्यागपत्र दिया

पुवायां, अमृत विचार : उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के आवाहन पर पुवायां शिक्षक संकुल के सदस्यों ने खंड शिक्षा अधिकारी को सामूहिक रूप से त्यागपत्र दिया। खंड शिक्षा अधिकारी को दिए पत्र में शिक्षक संकुल सदस्यों ने कहा कि शासनादेश के अनुसार शिक्षण संकुल का चयन दो वर्ष के लिए किया जाता हैं, लेकिन अनेक वर्ष बीत जाने के बाद भी नवीनीकरण नहीं किया गया। इसके अलावा संकुल की मासिक बैठक विद्यालय के समय के बाद रखी जाती है जबकि दिनभर कार्य करने के बाद शिक्षकों की ऊर्जा समाप्त हो चुकी होती है और ठंड के दिनों में शिक्षकों को संकुल के मीटिंग करने के बाद घर पहुंचने में अंधेरा हो जाता है। जिसमें महिला शिक्षक भी शामिल होती हैं। पत्र में शिक्षण संकुल ने यह भी कहा कि सन 2017 के बाद किसी भी शिक्षक की पदोन्नति नहीं हुई जबकि पांच वर्ष की संतोषजनक सेवा पर शिक्षकों को पदोन्नति देय है। सामूहिक त्यागपत्र देने वालों में कार्तिक, रूपल, दक्षिता, राम प्रकाश, मंगल, पूजा, विमल, विचित्र, कवच, रामवीर, अमिता, रोली, हरिकृष्ण कांत, रामकृष्ण वर्मा, अरविंद, विनोद सिंह, पल्लवी, अजय पांडेय, शिवम, राजीव गुप्ता, शिवशरन, प्रेमचंद वर्मा, मुकेश, सुखपाल, अमित, अंबुज आदि शिक्षक संकुल मौजूद रहे।

अधिकारियों ने किया नदी में पानी छोड़ने की अफवाह का खंडन

शाहजहांपुर, अमृत विचार : गर्रा व खन्नौत नदी का जलस्तर घटने लगा है और आमजन जीवन फिर से पटरी पर लौटने लगा है, लेकिन कुछ शरारती तत्वों ने मंगलवार की सुबह से नदियों में पानी छोड़े जाने की अफवाहें उड़ानी शुरू कर दी है। जिससे बाढ़ प्रभावित लोगों में दहशत बैठ गई। वह लोग पार्षद, प्रधान, अधिकारियों से दिन भर पूछते हैं कि पानी छोड़ा जाएगा कि नहीं। जानकारी होने पर अधिकारियों ने उक्त बात का खंडन किया। शारदा नहर खंड के अधिशासी अभियंता ने इस संबंध में एक पत्र जारी करके जिलेवासियों को बताया कि पानी छोड़ने की जो अफवाह फैलाई जा रही है, वह पूरी तरह गलत है तथा वर्तमान में गर्रा नदी में बाढ़ आने की कोई संभावना नहीं है। अगर कहीं से पानी छोड़ने की सूचना मिलती है, तो जिसे पूर्व में ही बता दिया जाएगा।

एसएस कॉलेज में प्रवेश प्रक्रिया कल से

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- जीएफ कॉलेज और आर्य महिला महाविद्यालय में शुरू हुए प्रवेश
- बाढ़ ने शिक्षण कार्य को किया प्रभावित, प्रवेश को नहीं पहुंच रहे छात्र

अमृत विचार: एमजेपी रुहेलखंड विश्वविद्यालय की स्नातक कक्षाओं में प्रवेश के लिए रजिस्ट्रेशन तिथि 10 जुलाई बीतने के बाद प्रवेश के लिए मेरिट सूची जारी होनी थी, लेकिन 10 जुलाई से बाढ़ आ जाने से प्रवेश प्रक्रिया बाधित हो गई। महानगर में एसएस कॉलेज समेत बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में स्थित कॉलेजों में जबरदस्त जल भराव हो जाने से अभी तक प्रवेश शुरू नहीं हो सके हैं। एसएस कॉलेज में प्रवेश के लिए 18 जुलाई को पहली मेरिट लिस्ट लगाई जाएगी और इसी दिन से प्रवेश भी शुरू कर दिए जाएंगे। इधर, जीएफ कॉलेज में पहली मेरिट जारी कर दी गई है, जिसके तहत प्रवेश प्रारंभ हैं, लेकिन छात्र-छात्राओं के प्रवेश लेने की गति बहुत सुस्त बताई जा रही है। स्नातक कक्षाओं में प्रवेश की अंतिम तिथि 10 अगस्त निर्धारित कर दी गई है।

एसएस कॉलेज के प्राचार्य प्रोफेसर डॉ. आरके आजाद ने बताया कि महाविद्यालय में बाढ़ का पानी घुस जाने से बहुत नुकसान हुआ है। अभी तक बिजली सप्लाई सुचारू नहीं हो सकी है। इलेक्ट्रिक उपकरण सभी खराब हो चुके हैं। महाविद्यालय का रिकॉर्ड भी भीगकर खराब हो चुका है। बाढ़ के कारण संस्थान लगातार बंद चल रहा था। प्राचार्य ने बताया कि परिसर और शिक्षण कक्षों की सफाई कराई जा रही है। फिलहाल 18 जुलाई से कालेज के प्रथम तल पर प्रवेश प्रक्रिया शुरू करा दी जाएगी। सुबह मेरिट लिस्ट जारी कर प्रवेश आरंभ हो जाएंगे। प्राचार्य आजाद ने कहा है कि जिन छात्र-छात्राओं ने कालेज में स्नातक कक्षा में प्रवेश के लिए रजिस्ट्रेशन कराया है, वह मेरिट सूची देखकर अपने प्रवेश लेना सुनिश्चित करें।

इधर, जीएफ कालेज के प्राचार्य प्रोफेसर डॉ. मोहसिन हसन खां ने बताया कि उन्होंने 1600 छात्र-छात्राओं के प्रवेश के लिए पहली सूची जारी कर दी है, जिसके तहत प्रवेश भी आरंभ हो गए हैं। विश्वविद्यालय से प्रवेश की अंतिम तिथि 10 अगस्त निर्धारित की गई है। बाढ़ के कारण अभी बहुत कम विद्यार्थी प्रवेश के लिए आ रहे हैं, फिलहाल वह 26 जुलाई को दूसरी मेरिट लिस्ट भी जारी कर देंगे। प्राचार्य ने कहा है कि मेरिट में स्थान पाए विद्यार्थी समय से आकर प्रवेश सुनिश्चित करें। वहीं, आर्य महिला महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. सुनीता जैसल ने बताया कि बाढ़ के कारण उनके यहां भी प्रवेश प्रक्रिया शिथिल रही है। सोमवार से प्रवेश शुरू किए जा चुके हैं, जो लगातार जारी रहेंगे।

नवागत बीडीओ ने संभाला चार्ज

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

अमृत विचार : नवागत खंड विकास अधिकारी कांट देव कुमार चतुर्वेदी ने मंगलवार को कार्यभार संभाल लिया। इससे पहले वह सिंधौली में बतौर खंड विकास अधिकारी कार्यरत थे। हाल ही में बाबू लाल वर्मा का तबादला खंड विकास अधिकारी कांट के पद से रायबरेली जनपद में कर दिया गया था। जिसके बाद देव कुमार को यहां भेजा गया है। उन्होंने मंगलवार को कार्यभार संभालने के बाद सचिवों के साथ बैठक कर विकास कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास, मुख्यमंत्री आवास, मनरेगा के कार्य, शौचालयों के निर्माण में गति लाने के निर्देश दिए। वहीं, दूसरी ओर उन्होंने क्षेत्र में बन रही गोशाला की स्थिति की जानकारी ली। बीडीओ ने बताया कि उनकी प्राथमिकता योजनाओं का समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण संचालन करना होगी। प्रयास करेंगे कि आम जनमानस को दर-दर न भटकना पड़े। इस दौरान एडीओ पंचायत अभय मोहन मिश्र, ग्राम सचिव संजीव भारद्वाज, शिवानंद सिंह राठौर, विनीत चौधरी, सुप्रिया पटेल, आकांक्षा अग्निहोत्री, अनिल वर्मा, अनामिका गौतम मौजूद रहीं।

देव कुमार चतुर्वेदी।

दिक्कत — कच्चे परिसर होने से बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में परिषदीय स्कूलों का बुरा हाल

बाढ़ ने शिक्षा व्यवस्था पर भी लगाया ग्रहण

- जलभराव और रास्ते क्षतिग्रस्त होने से शिक्षकों और छात्र-छात्राओं का स्कूल पहुंचना दुष्कर

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

अमृत विचार : गर्रा और खन्नौत नदी में आई बाढ़ से शिक्षा व्यवस्था भी बहुत प्रभावित हुई है। खासतौर पर बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में स्थापित स्कूल-कॉलेजों में जलभराव हो जाने और रास्ते क्षतिग्रस्त हो जाने से शिक्षकों और छात्र-छात्राओं का स्कूल पहुंचना असंभव सा हो गया। सोमवार से स्कूलों की साफ-सफाई कराने का काम शिक्षकों द्वारा शुरू कराया गया। अभी भी कुछ स्कूलों में स्थिति सामान्य नहीं हो सकी है।

परिषदीय स्कूलों में की दशा कुछ ज्यादा ही खराब हुई। स्कूल परिसर कच्चे होने के कारण बाढ़ ने दलदल बना दिया। शिक्षण कक्षों में भी पानी भर गया, जिससे फर्नीचर भी कीचड़ से खराब हो गया। चूंकि अधिकांश परिषदीय स्कूल गांवों में ही हैं, इसलिए रास्ते भी कच्चे होने के कारण उन पर आवागमन बंद हो गया। मंगलवार को धूप खिलने से रास्ते सूख गए हैं, इसलिए आवागमन सुचारू होने की उम्मीद बढ़ गई है। स्कूलों में शिक्षण व्यवस्था सुचारू करने के लिए शिक्षकों ने प्रयास किए और ग्राम प्रधान के सहयोग से स्कूलों की सफाई कराने का काम जोर पकड़ चुका है। फिलहाल अब बाढ़ का प्रकोप शांत हो चुका है, इसलिए दिनचर्या ढर्रे पर लौटनी शुरू हो गई है।

पूर्व माध्यमिक विद्यालय शाहबाजपुर का बाढ़ इस तरह हुआ हाल-बेहाल।

खुटार में रुपये लेते लेखपाल का वीडियो वायरल

- गांव टाहखुर्द कलां की बताई जा रही वीडियो

खुटार, अमृत विचार : दो दिनों से सोशल मीडिया पर एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है। जिसमें एक व्यक्ति लेखपाल को रुपये दे रहा है। यह वीडियो गांव टाहखुर्द कलां की बताई जा रही है। दोनों के बीच अवैध खनन के मामले में चर्चा को लेकर बात होती दिख रही है। लेकिन यह वीडियो कब की है यह पता नहीं चल सका है। मामले में अधिकारियों ने जानकारी होने से इंकार किया है।

बताया जा रहा है कि खुटार के गांव टाहखुर्द कलां में अवैध खनन का कारोबार होता है। खनन में खुटार पुलिस और खनन अधिकारी को सूचना देने के बाद भी ध्यान देने की जरूरत नहीं समझी जाती है। कभी-कभार डंपर और ट्रैक्टर-ट्रॉलियों को पकड़ कर सीज कर कार्रवाई कर दी जाती है। जबकि अवैध खनन में लेखपाल की भूमिका रहती है। इसी से जुड़ी एक वीडियो सामने आया है। जिसमें लेखपाल और उसका साथी एक व्यक्ति के पास बैठे हैं। वीडियो में एक व्यक्ति रुपये गिनकर पूरे होने का दावा कर लेखपाल को देते हुए दिखाई दे रहा है। इस प्रकरण में अवैध खनन की बात की जा रही है। इस बीच किसी ने घटना की वीडियो बनाकर अपने मोबाइल में कैद कर ली और इसे सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया है। माना जा रहा है कि लेखपाल हर महीने रिश्वत ले रहा है।



बाढ़ का पानी कम होने के बाद रिहायश में निकलने लगे जीव, झोपड़ी में पहुंचा मगरमच्छ, मची चीख-पुकार

झोपड़ी में तख्त पर सो रहा था ग्रामीण, नीचे आराम फरमा रहा था मगरमच्छ

संवाददाता, निगोही/शाहजहांपुर

- निगोही के गांव महमदपुर में बाढ़ के पानी के साथ पहुंचा मगरमच्छ
- वन विभाग की टीम गांव पहुंची और मगरमच्छ को पकड़कर ले गए

अमृत विचार : गांव महमदपुर में बाढ़ का पानी कम होने के बाद गांव के एक मकान के बाहर झोपड़ी में मगरमच्छ दिखाई देने से हड़कंप मच गया। बड़ी संख्या में लोग एकत्र हो गए। सूचना पर वन विभाग की टीम गांव पहुंची और मगरमच्छ को पकड़कर ले गए। तब ग्रामीणों ने राहत की सांस ली।

गांव महमदपुर निवासी रामकुमार के मकान के बाहर झोपड़ी पड़ी है और उसी में भैंस आदि जानवर बांधते हैं। वह जानवरों की रखवाली के लिए झोपड़ी में ही सोते हैं। रात करीब नौ बजे खाना खाकर हाथ में टॉर्च और लाठी व बिस्तर लेकर झोपड़ी में सोने के लिए पहुंच गए। तख्त पर बिस्तर लगाकर वह लेट गए। एक गहरी नींद लेने के बाद रात करीब 11 बजे अचानक आंख खुल गई। तभी उन्हें तख्त के नीचे से सूं-सूं की आवाज सुनाई दी। पहली बार तो उन्होंने सुनाई दे रही आवाज को अनसुना कर दिया लेकिन जब सूं-सूं की आवाज कई बार सुनाई दी। उन्होंने टॉर्च की रोशनी डाली तो उनके होश उड़ गए। करीब तीन मीटर लंबा मगरमच्छ आराम फरमा रहा था और लंबी-लंबी सांसे ले रहा था। मगरमच्छ को देखकर उनकी घिग्गी बंध गई। मौके से भाग कर वह घर पहुंचे और फिर शोर मचाना शुरू कर दिया। इसके बाद गांव के लोग जाग गए और मौके पर पहुंच गए। मगरमच्छ को देख गांव के लोगों की भीड़ लग गई। चूंकि रात का समय था, इसलिए वन विभाग को सूचना देना भी संभव नहीं लग रहा था, इसलिए रात में मगरमच्छ की घेराबंदी किए रहे। सुबह होने पर वन विभाग को सूचना दी। तिलहर वन रेंजर घनश्याम शुक्ला मंगलवार सुबह करीब नौ बजे टीम के साथ गांव पहुंचे और मगरमच्छ को पकड़वाकर पिंजरे में बंद कर ले गए, ताकि उसे दूर किसी नदी में छोड़ा जा सके।

गोबर की गंध पाकर झोपड़ी में पहुंचा

वन रेंजर घनश्याम शुक्ला ने बताया कि मगरमच्छ गाय-भैंस का गोबर खाता है और इसी गंध को पाकर वहां पहुंच गया। झोपड़ी में भैंसें बंधी थी और गोबर पड़ा था। मगरमच्छ करीब तीन मीटर लंबा था।

चलने पर आती है पट-पट की आवाज

वन रेंजर ने बताया कि मगरमच्छ जब सांस लेता है तो सूं-सूं की आवाज आती और जब यह चलता है तो पट-पट की आवाज सुनाई देती है।

गांव के करीब से निकला है दमा नाला

निगोही से तिलहर रोड पर 12 किलोमीटर दूर गांव महमदपुर के पास से दमा नाला निकला है। एक सप्ताह पहले आई बाढ़ में दमा नाला का पानी गांव में घुस आया और इसी के साथ जलीय जीव-जंतु भी आ गए। इसी केसाथ मगरमच्छ भी आ गया और बाढ़ का जब पानी कम हुआ तो मगरमच्छ दिखाई दिया।

गांव महमदपुर में तख्त के नीचे बैठा मगरमच्छ। ● अमृत विचार

कमरे में दुपट्टे से लटका मिला महिला का शव

कांट क्षेत्र के गांव गंधार की घटना, दहेज में पांच लाख न देने पर मायके पक्ष ने लगाया हत्या का आरोप

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

अमृत विचार : एक महिला का शव कमरे में पंखे के कुंडे से दुपट्टे से संदिग्ध परिस्थितियों में लटका मिला है। मृतका के मायके वालों ने दहेज के लिए ससुराल वालों पर मार डालने का आरोप लगाया है। दो दिन पहले उसने भाभी को फोन किया था कि ससुराल वाले प्रताड़ित कर रहे है।

मृतका सोनी।

कांट थाना क्षेत्र के गांव गंधार निवासी सुमित कुमार की शादी एक साल पहले सोनी(22) निवासी रखिया बुजुर्ग थाना सिंधौली के साथ हुई थी। सोमवार को दिन में दो बजे उसका शव कमरे में पंखे के कुंडे से दुपट्टे से लटका हुआ था। मृतका के देवर हिमांशु ने शाम पांच बजे उसके मायके वालों को फोन करके बताया कि भाभी ने फांसी लगा ली है। मृतका के पिता रामकुमार परिवार वालों के साथ बेटी की ससुराल पहुंचे। उन्होंने बताया कि बेटी का शव घर में जमीन पर रखा हुआ मिला। उसके शरीर पर चोट के निशान थे। उन्होंने कांट थाना पर सूचना दी। प्रभारी निरीक्षक दया शंकर फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। मृतका के पिता राम कुमार ने बताया कि एक साल पहले शादी की थी और सामर्थ्य के अनुसार दहेज दिया था। दहेज से उसकी बेटी के ससुराल वाले संतुष्ट नहीं थे। ससुराली बेटी से पांच लाख रुपये और लाने को कहते थे। उसके मना करने पर प्रताड़ित करने लगे। सोनी ने अपनी भाभी को दो दिन पहले फोन किया था कि ससुराल वाले मार पीट रहे और आकर ले जाओ। सोनी की फुफेरी बहन की शादी भी खीरी जिले के पसगवां थाना क्षेत्र में थी। जिसमें उसे जाना था। मृतका के पिता ने ससुराल वालों पर मार डालने का आरोप लगाया है। प्रभारी निरीक्षक दया शंकर ने बताया कि मायके वालों की तरफ से तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट से मौत का कारण स्पष्ट होगा।

पोस्टमार्टम हाउस पर मृतका सोनी के परिजन। ● अमृत विचार

- दो दिन पहले भाभी को फोन पर दी थी प्रताड़ित किए जाने की जानकारी

पति से विवाद के बाद फंदे पर लटक कर महिला ने दी जान

निगोही। गांव हरसेली निवासी रानी देवी(31) का सोमवार रात अपने पति सूरजपाल से किसी बात को लेकर विवाद हो गया। इससे वह नाराज हो गई। रात में किसी समय उसने साड़ी से गले में फंदा कसा और पंखे के कुंडे से लटक गई। रात करीब एक बजे अचानक पति की आंख खुली तो उसने देखा कि पत्नी फंदे पर लटकी हुई है। उसने पुलिस को सूचना दी और पत्नी के मायके लखीमपुर खीरी भी सूचना भेजी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को नीचे उतारा। थानाध्यक्ष अशोक कुमार सिंह ने बताया मायके वालों ने किसी तरह का कोई आरोप नहीं लगाया है। मृतका के दो बच्चे हैं, जिनमें बेटी गुड़िया(7) और बेटा छोटू(2) का है। शादी को 11 वर्ष हो गए है। शव पोस्टमार्टम को भेजा गया है।

पति समेत पांच के खिलाफ दहेज हत्या की रिपोर्ट दर्ज

मृतका सोनी देवी की मां चमेली पत्नी रामकुमार ने कांट थाने में तहरीर देकर मृतका के पति सुमित, ससुर साधु, सास सत्यवती, देवर हिमांशु, ससुर के पिता नोखे लाल के खिलाफ धारा 80,85,3,4 के तहत रिपोर्ट दर्ज कराई है। आरोप लगाया कि सुमित अपने जमुका वाले प्लांट पर कारोबार के लिए सोनी को बार-बार परेशान कर रहा था एवं मारपीट कर रहा था और पांच लाख रुपये की मांग कर रहा था।

रॉड से प्रहार कर दो भाइयों को कर दिया लहूलुहान

संवाददाता, सिंधौली

- बरात में गाली-गलौज का विरोध करने पर बोला हमला
- छह लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज आरोपियों की तलाश जारी

अमृत विचार: बरात में हुई कहासुनी के बाद घात लगाए बैठे आधा दर्जन लोगों ने दो भाइयों की घेराबंदी कर रॉड से पिटाई कर दी। पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए भेजकर आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

क्षेत्र के गांव इंदरखू जिगनिया निवासी निरपाल सिंह ने बताया कि वह अपने चचेरे भाई मुनेंद्र के साथ 13 जुलाई को गांव के ही रमेश श्रीवास्तव की बरात में शामिल होने सेहरामऊ दक्षिणी गया था। बरात में गांव के कुछ लोगों से गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर आरोपियों ने उसे व भाई को लात-घूसों से मारपीटा। वहां मौजूद लोगों ने बीच बचाव करा दिया। इसके बाद रात करीब एक बजे वह दोनों भाई वापस लौट रहे थे, उसी समय इंदरखू गांव से पहले घात लगाकर बैठे लोगों ने दोनों भाइयों निरपाल और मुनेंद्र की घेराबंदी कर रॉड से पिटाई कर दी। जिसमें दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। शोर शराबा सुनकर गांव वाले आए तो उन्हें देखकर मारपीट करने के बाद आरोपी धमकी देते हुए चले गए। इस दौरान आरोपी रामनरेश ने तमंचे से फायर कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों घायलों को उपचार के लिए भेजकर आरोपी राजीव, रामनरेश, दीपू, रीपू, अश्वनी, अंशू के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली। वहीं प्रभारी निरीक्षक धर्मेन्द्र गुप्ता ने बताया कि भारतीय न्याय संहिता की धाराओं के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। आरोपियों की तलाश की जा रही है।

आज का मौसम

32.0° अधिकतम तापमान	29.0° न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 05.25	सूर्यास्त 07.8

एक नजर

सर्पदंश से महिला की मौत

सिंधौली। गांव बरौरा निवासी प्रीति(32) पत्नी सर्वेश सोमवार को घर के कार्यों में व्यस्त थी। इस दौरान दरवाजे के पीछे छिपे सांप ने प्रीति के पैर की उंगली में डस लिया। परिजन उपचार के लिए भावलखेड़ा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे दिया। जहां स्वास्थ्य केंद्र पर टीका लगाकर घर भेज दिया गया। मंगलवार की सुबह हालत बिगड़ने के दौरान उसकी मृत्यु हो गई।

छवि धूमिल करने का आरोप

शाहजहांपुर। कटरा के गांव लालपुर बड़ागांव निवासी सुरजीत सिंह ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि 13 जुलाई को सोशल मीडिया पर एक वीडियो देखा गया, जो उपेंद्रपाल सिंह निवासी अलीअकबरपुर नवादा थाना जैतीपुर द्वारा अपलोड किया गया है, जिसमें उसके द्वारा कटरा के विधायक वीर विक्रम सिंह प्रिंस के बारे में अनावश्यक आरोप लगाया जा रहा है। जो सारे आरोप निराधार है। भाजपा के विधायक की छवि धूमिल करने के लिए किया गया है।

पत्नी से कहासुनी के बाद युवक ने पीया कीटनाशक

संवाददाता, तिलहर

- ससुराल में पत्नी से पंखे से हवा करने को लेकर विवाद हो गया था विनीत का विवाद

अमृत विचार: ससुराल में पत्नी से कहासुनी होने पर युवक ने अपने घर आकर कीटनाशक पी लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन उसे सीएचसी ले गए, जहां प्राथमिक उपचार देकर उसे मेडिकल कॉलेज भेज दिया गया।

कोतवाली क्षेत्र के गांव खिरिया उदैत निवासी रामभजन ने बताया कि उसका बेटा विनीत(25) जलालाबाद के गांव मुड़िया स्थित अपनी ससुराल गया था। विनीत की उसकी पत्नी नीमा से पंखे से हवा करने को लेकर विवाद हो गया था, जिस पर विनीत ससुराल से रात में ही चला आया और मंगलवार अपरान्ह करीब चार बजे धान में डालने वाली कीटनाशक दवाई पी ली। विनीत की हालत बिगड़ने पर पिता रामभजन उसे नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे। जहां उसका उपचार किया जा रहा है। विनीत के पिता राम भजन ने बताया कि विनीत की पत्नी को घटना की खबर दे दी गई है, लेकिन वह अभी तक पहुंची नहीं है। विनीत के दो बच्चे हैं।

किशोरी ने फंदे पर लटक दे दी जान

शाहजहांपुर, अमृत विचार : पुवायां थाना क्षेत्र के गांव चौसेड़ा निवासी श्यामू की 14 वर्षीया पुत्री सलोनी सोमवार की शाम घर पर अकेले थी। श्यामू ने पुवायां क्षेत्र में स्थित एक मेले में दुकान लगाई थी। उसकी पत्नी भी दुकान पर थी। सोमवार की शाम पांच बजे श्यामू की पत्नी घर पर आई तो देखा कि उसकी पुत्री सलोनी कमरे में एक पंखे के कुंडे से दुपट्टे से लटकी हुई थी। खबर मिलने पर श्यामू घर पर गए और बेटी के शव को नीचे उतारा। पुलिस मोके पर पहुंची और जानकारी की। मृतका के पिता ने बताया कि घर के अंदर किसी से कोई विवाद नहीं था। उसने आत्महत्या क्यों की, उनको जानकारी नहीं है। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया।

पंखे का प्लग लगाते समय लगा करंट, ग्रामीण की मौत

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- तिलहर क्षेत्र के गांव सरोवर नगर के निवासी थे वेदराम
- बाढ़ के पानी से बचाव को खोलकर रख दी थी मोटर
- उसी को लगाने के दौरान गर्मी लगने पर चला रहे थे पंखा

अमृत विचार : कमरे में पंखे का प्लग लगाते समय एक व्यक्ति को करंट लग गया। परिवार वाले उसे भावलखेड़ा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर ले गए। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।

मृतक वेदराम।

तिलहर थाना क्षेत्र के गांव सरोवर नगर निवासी वेदराम(54) सोमवार की शाम पांच बजे घर में पानी का मोटर ठीक कर रहे थे। गर्मी लगने पर वह पंखा चलाने के लिए प्लग लगाने लगे। इस बीच उनको करंट लग गया। करंट लगने पर शोर मचाने के बाद वह बेहोश हो गए। परिवार वाले तुरंत कमरे में गए और बिजली की लाइन काट दी। परिवार वाले वेदराम को मेडिकल कॉलेज लेकर आए। यहां बाढ़ के पानी के कारण अस्पताल बंद था। परिवार वाले उसे लेकर भावलखेड़ा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर ले गए। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिवार वालों ने बताया कि बाढ़ का पानी मकान में आ गया था इसलिए पानी का मोटर खोल दिया था। उसी मोटर को लगा रहे थे। उनका हाथ पंखे का प्लग लगाते समय तार में छू गया था। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। उसकी पत्नी का नाम वेदवती है और पांच बच्चे है। मौत की खबर से परिवार में रोना पीटना मच गया।

पोस्टमार्टम हाउस पर गुमसुम खड़े मृतक के परिजन। ● अमृत विचार

रंजीत हत्याकांड: गुत्थी उलझी, आरोपी की पत्नी और साढ़ू हिरासत में

रोते बिलखते मृतक के परिजन। ● अमृत विचार

गांव में शव पहुंचने के बाद बड़ी संख्या में मौजूद ग्रामीण। ● अमृत विचार

संवाददाता, खुटार

- हत्या के कारणों की वजह जानने में जुटी पुलिस, मृतक के भाई की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज
- हैदराबाद और खुटार पुलिस की मौजूदगी में गांव तुलापुर में किया गया अंतिम संस्कार

अमृत विचार : लखीमपुर खीरी के थाना हैदराबाद की गांव सभा बगहा में हुए रंजीत हत्याकांड मामले में पुलिस ने मृतक के भाई की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है और हत्या की वजह जानने के लिए आरोपी की पत्नी और साढ़ू को हिरासत में लिया है। पुलिस दोनों से पूछताछ कर रही है। वहीं पोस्टमार्टम के बाद शव का तुलापुर गांव में अंतिम संस्कार कर दिया गया। इस दौरान थाना हैदाराबाद और खुटार की पुलिस मौजूद रही।

मृतक रंजीत।

बता दें कि खुटार क्षेत्र के गांव तुलापुर निवासी लेखराज श्रीवास्तव का पुत्र रंजीत श्रीवास्तव(30) अपनी मां रामकली के साथ सोमवार को बाइक से लखीमपुर खीरी के थाना हैदराबाद के गांव बगहा रिश्ते में बहनोई रामदत्त उर्फ झब्बू लाल के बेटे संदीप श्रीवास्तव की शादी में गया था। संदीप की शादी कस्बा मोहम्मदी के गांव गुलौली में दिन में होने गई थी। लेकिन रंजीत लेट हो जाने के चक्कर में बगहा में रामदत्त के घर पर ही रुका रहा। शादी घर वापसी होने से पूर्व सोमवार रात करीब सात बजे रंजीत और उसकी मां रामकली रामदत्त के घर छत पर बैठे थे। तभी आरोपी चचेरे बहनोई कामता प्रसाद ने रंजीत के सिर में गोली मार दी। जिससे उसकी मौत हो गई। घटना के बाद आरोपी फरार हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने लोगों से पूछताछ की और आरोपी की पत्नी संगीता देवी, साढ़ू शिवा को हिरासत में लेकर चली गई। साथ ही शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। 23 घंटे बाद रंजीत का शव खुटार के गांव तुलापुर पहुंचा। जहां उसका अंतिम संस्कार कर दिया गया है। विवाद होने की आशंका में रामदत्त व उनके परिवार के लोग अंतिम संस्कार में शामिल नहीं हो सके।

शादी के बाद से ससुराल में रह रहा था आरोपी

आरोपी कामता प्रसाद मूल रूप से थाना हैदराबाद के गांव बगहा का रहने वाला था। उसकी शादी रंजीत के चाचा माधौराम की सबसे बड़ी बेटी संगीता देवी के साथ हुई थी। मझली बेटी आरती की शादी के बाद माधौराम और उनकी पत्नी का निधन हो गया। माधौराम की तीसरी बेटी नीतू की शादी कामता प्रसाद ने की। आरोपी को ससुराल तुलापुर में आठ बीघा खेती मिली। इसी वजह से वह करीब 10 साल से ससुराल में रह रहा था और उसकी शादी को करीब 13 से 14 साल हुए है। आरोपी के दो बेटे शांतनु(12), संस्कार(09) हैं।

तीन भाइयों में तीसरे नंबर का था रंजीत

गांव तुलापुर निवासी लेखराज श्रीवास्तव ने बताया कि उसके सबसे बड़े बेटे कुलदीप, सुरेश की शादी हो चुकी है। जबकि रंजीत आविवाहित था और तीसरे नंबर का था। इसके अलावा पुत्री सत्यलता, दीपा, नन्ही, सरोज, उषा की शादी हो चुकी है। अभी सबसे छोटी पुत्री गुंजन की शादी होनी है। बेटे रंजीत की शादी को रिश्ते भी आ रहे थे। लेकिन सोमवार रात को उसकी हत्या कर दी गई।

साजिश रचकर घटना को दिया अंजाम

चर्चा है कि आरोपी कामता प्रसाद ने शादी वाले घर से कुछ दूर रास्ते में बाइक को खड़ा कर दिया और रंजीत कहां बैठा है। इस बात की पहले ही खबर थी। आरोपी मौका गवाएं सीधे रंजीत के पास पहुंचा। जहां तमंचा से फायर कर दिया और रंजीत की मौत हो गई। घटना के बाद आरोपी बाइक से फरार हो गया।

> मृतक के भाई की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज किया गया। शव पोस्टमार्टम के बाद परिजन लेकर अपने गांव तुलापुर पहुंचे। खीरी पुलिस साथ में गई। आरोपी अभी फरार है। कुछ लोगों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया है। जिनसे पूछताछ की जा रही है। पूछताछ के बाद आगे की कार्यवाही की जाएगी।
> –**दीपक तिवारी**, थानाध्यक्ष, हैदराबाद, लखीमपुर खीरी

जच्चा-बच्चा की मौत, आशा वर्कर पर आरोप

जलालाबाद, अमृत विचार : थाना क्षेत्र के गांव गुनारा निवासी फारूक ने थाने पर दी गई तहरीर में बताया कि उसकी पत्नी नेहा का प्रसव होना था। गांव की आशा उमाकांति उसकी पत्नी को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर ले गई। डॉक्टर ने देखने के बाद नेहा को रेफर कर दिया। 13 जुलाई को आशा वर्कर ने नेहा को महिला अस्पताल न ले जाकर बल्कि याकूबपुर में एक निजी अस्पताल में भर्ती करा दिया। आरोप है कि उसी दिन डॉक्टर ने अधिक पैसे कमाने के चक्कर में उसकी पत्नी का ऑपरेशन कर दिया। जहां एक पुत्र पैदा हुआ। दो घंटे बाद बच्चे की मौत हो गई। इसी दौरान जच्चा की भी हालत बिगड़ने लगी तो डॉक्टर ने बरेली रेफर कर दिया। नेहा ने सोमवार शाम दम तोड़ दिया। उसकी डेढ़ साल पहले शादी हुई थी। पीड़ित फारूक ने मांग की है कि आशा वर्कर तथा डॉक्टर के खिलाफ कार्रवाई की जाए। प्रभारी निरीक्षक हरिपाल सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

मृतका नेहा।

- गांव गुनारा निवासी पीड़ित ने पुलिस को दी तहरीर

दरोगा और सिपाही से मारपीट करने का एक आरोपी गिरफ्तार

संवाददाता कलान/शाहजहांपुर

- प्रार्थनापत्र की जांच करने गई थी पुलिस, तीन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

अमृत विचार : झकरेली गांव में मेड़ के लेकर हुए विवाद में दरोगा तथा सिपाही गांव में पहुंचे। एक पक्ष को समझाने का प्रयास किया तो आरोपियों ने दरोगा व सिपाही से गाली-गलौज कर मारपीट की। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया और अन्य आरोपियों की तलाश कर रही है।

आरोपी जयवीर।

कलान थाना के उपनिरीक्षक नितिन कुमार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि 15 जुलाई को सुबह दस बजे सिपाही सुधीर कुमार के साथ आवेदक वंशीलाल के प्रार्थनापत्र की जांच करने के लिए गांव झकरेली पहुंचे। उन्होंने बंशीलाल तथा विपक्षी पक्ष जदुवीर को बुलाकर दोनों से बातचीत की। दोनों को समझाया जा रहा था। विपक्षी जदुवीर बंशीलाल से झगड़ा करने लगा। उप निरीक्षक ने जदुवीर, जयवीर, सोवेंद्र को झगड़ने से मना किया। आरोप है कि आरोपी उप निरीक्षक व सिपाही के साथ गाली गलौच करने के साथ मारपीट करने लगे। उप निरीक्षक तथा सिपाही ने जान बचाने का प्रयास किया। सिपाही सुधीर कुमार ने इसका वीडियो बना लिया। सिपाही ने फोर्स बुलाने के लिए थाने पर फोन किया तो सोवेंद्र तथा जदुवीर मौका पाकर भाग गए। उप निरीक्षक ने आरोपी जयवीर को पकड़ लिया। इसी थाने से पुलिस फोर्स झकरेली गांव में पहुंच गई। उप निरीक्षक नितिन कुमार ने जयवीर, सोवेंद्र तथा जदुवीर के खिलाफ विभिन्न धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली है। अभियुक्त जयवीर पर पहले से मुकदमे दर्ज है। पुलिस ने अभियुक्त का चालान कर दिया।

आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

शाहजहांपुर। रामचंद्र मिशन थाना क्षेत्र के गांव ख्वाजा फिरोज निवासी यासिर खां ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि 15 जुलाई को शाम छह बजे कल्लू निवासी आवास विकास कॉलोनी चौक कोतवाली, फरहान खां, मोहिज खां तथा दानिश खां निवासी बिसरता चौक कोतवाली व छह अज्ञात लोग दरवाजे पर आए। उसके भाई हारिश के साथ मारपीट करने लगे और जान से मारने की नीयत से फायर किए। भाई गोली लगने पर घायल हो गया। प्रभारी निरीक्षक सीपी शुक्ला ने बताया कि आरोपी कल्लू समेत पांच लोगों के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। पुलिस मामले की विवेचना कर रही है।

Leading you to blossoming health
खुशलोक हॉस्पिटल
मल्टी सुपर स्पेशियेलिटी हॉस्पिटल एवं ट्रामा सेन्टर
सिन्धी मार्केट, निकट पुलिस चौकी मॉडल टाउन, स्टेडियम रोड, बरेली
फोन : 7500875003 0581-2530800/700
HELPLINE 9760701234
मेडिसिन एवं क्रिटिकल केयर विभाग

डा. सुधीर कुमार यादव
एम.डी. (मेडिसिन) गोल्ड मेडलिस्ट
(महामहिम राष्ट्रपति द्वारा गोल्ड मेडल से सम्मानित)
कन्सलटेन्ट फिजिशियन एवं क्रिटिकल केयर विशेषज्ञ
ओ.पी.डी. समय
प्रातः 10 से 4 बजे तक
सायं 7 से 9 बजे तक
कोलेस्ट्रोल, शुगर, ब्लडप्रेशर, थायराइड, कमजोरी, डेगू, मलेरिया, टाइफायड, एवं खून की बीमारिया
छाती की समस्याः
सांस फूलना, दमा, निमोनिया, खांसी, बलगम, टी.बी.
दिल की समस्याः
ब्लडप्रेशर, हार्टअटैक, छाती में दर्द, धड़कन बढ़ना, घबराहट
पेट एवं लीवर की समस्याः
पीलिया, काला पीलिया, उल्टी, कब्ज, पेट दर्द, लीवर खराब, खाना नहीं पचना, भूख न लगना
खून सम्बन्धित रोगः
खून की कमी, खून की गन्दगी, इओसिनोफिलिया
सामान्य रोग
क्रिटिकल केयर सिरियस मरीजों का ईलाज
डायलिसिस की सुविधा उपलब्ध
आयुष्मान भारत योजना के अन्तर्गत निःशुल्क इलाज की सुविधा
24 घण्टे इमरजेन्सी
आई.सी.यू. व वेंटिलेटर की सुविधा उपलब्ध
Website: www.khushlokhospital.com
Email: khushlokhospital@rediffmail.com

MAXLIFE SUPERSPECIALITY HOSPITAL & FAHMY IVF CENTRE
मैक्सलाइफ सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल एण्ड फहमी आई.वी.एफ. सेन्टर

डॉ. अनीस बेग
M.B.B.S., D.C.H.
Child Specialist

डॉ. फैहमी खान
M.B.B.S., D.G.O D.M.A.S., F.M.A.S
Gyanaecologist, Ivf Specialist
हृदय रोग विभाग
स्थायी/अस्थायी पेसमेकर इम्प्लांटेशन
बैलून माइट्रल वाल्वोटॉमी
2डी ईको कार्डियोग्राफी
टी.एम.टी.
24 Hrs हॉल्टर मॉनिटरिंग
ई.सी.जी.
डिजिटल एक्स-रे

अनुभवी कार्डियोलॉजिस्ट द्वारा संचालित कैथ लैब
कोरोनरी एंजियोग्राफी, एंजियोप्लास्टी

लैप्रोस्कोपिक सर्जरी

एडवांस आई.सी.यू.

एडवांस एन.आई.सी.यू.

मॉडयूलर ऑपरेशन
24/7 सुविधा उपलब्ध
निकट ईसाइयों की पुलिया, सिन्धु नगर, सैटेलाइट बरेली
0581-2990926
0581-2990928

अनियंत्रित विकास, नदियों के किनारे कॉलोनियों और ऊंची सड़कों ने पैदा कर दिए बाढ़ के हालात

शाहजहांपुर में बाढ़ इतनी भयावह तो कभी नहीं थी

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

अमृत विचार : जिले की एक विशेषता यहां फैला हुआ नदियों का जाल है। ब्रिटिश गजेटियर स्पष्ट करता है कि उत्तर प्रदेश के बहुत कम ऐसे जिले हैं जहां इतनी जलधाराएं एक साथ बहती हों। उल और गोमती से शुरू होकर दक्षिण में गंगा व रामगंगा तक असंख्य छोटी-बड़ी जलधाराएं आगे बढ़ती हैं।

डॉ: विकास।

एसएस कॉलेज में इतिहास विभागाध्यक्ष डॉ. विकास खुराना बताते है कि यह नदियां प्रतिवर्ष मानसून के दिनों में साथ लाई जलोढ मिट्टी की चादर पूरे खादर क्षेत्र के ऊपर बिछाती हैं। जिससे जमीन उपजाऊ हो गई और गन्ना, चावल के अलावा अन्य फसलें बहुतायात से होने लगीं। शाहजहांपुर अपने वास्तु में अद्भुत है। गर्रा और खन्नौत के मध्य ऊंची भूमि पर इसे बसाया गया। नदियों की कुछ विशेषताएं हैं, जिन्हें ब्रिटिश गजेटियर चिन्हित करता है। खन्नौत निश्चित घाटी में ही बहती है। वहीं गर्रा जगह बदलती रहती है।

समृद्ध बंदरगाह था अजीजगंज

रेल के आने से पहले यह नदियां ही आवागमन का केंद्र थी। प्रतिवर्ष वर्षाकाल में कन्नौज और पीलीभीत से बड़ा जल यातायात होता था। ब्रिटिश गजेटियर अजीजगंज को शहर का समृद्ध बंदरगाह बताता है जो पालिका को उसकी आमदनी का पच्चीस प्रतिशत वार्षिक आय देता था। इसी प्रकार बिसरात घाट जहां आज उत्तर भारत के सबसे बड़े हनुमान स्थित हैं, उसको शहर की ऐतिहासिक किताबों में गोल्डन हर्ब की संज्ञा दी गई है।

जलमग्न हनुमत धाम।

दो सदियों में शहर को क्षति का उदाहरण नहीं

देश के बड़े शहरों में जलभराव एक बड़ी समस्या बन गया है। शाहजहांपुर के मुख्य क्षेत्र में अभी भी इसका उदाहरण देखने को नहीं मिलता। चाहे कितना भी पानी गिर जाए, कुछ ही पलों में बहकर नदियों में समाहित हो जाता है। ब्रिटिश सरकारी सर्वे के कुछ प्रपत्रों के अनुसार बाढ़ शाहजहांपुर शहर को कभी व्यापक नुकसान नहीं पहुंचा पाई, जिसका कारण इसका ऊपर की भूमि पर स्थित होना है। गर्रा और खन्नौत का मिलन शहर के पार हुआ और मानसून के दिनों में गर्रा बड़ी जल राशि को खन्नौत में वापस भेजती है, जिसे काउंटर स्ट्रीम कहा जाता है। हालांकि गोमती, खन्नौत पर बने स्टीम ट्राम के पुल कई बार बाढ़ की वजह से बहे, लेकिन शहर सुरक्षित रहा।

बरेली मोड़ पर बाढ़ के पानी से होकर गुजरते लोग। ● अमृत विचार

अमरीका-यूरोप में बड़े बांध समाप्ति की ओर

आज पूरे अमरीका और यूरोप में बड़े बांध समाप्ति की ओर हैं, वहीं भारत में उनपर निर्भरता बढ़ाई जा रही है। यह पाया गया कि बड़े बांधों से होने वाले फायदों से नुकसान ज्यादा हैं। ब्रिटिशकाल में गर्रा और खन्नौत पर जगह जगह पर पाल बांध कर प्रवाह नियंत्रित किया जाता था, वह विज्ञान भी वर्तमान पीढ़ी ने विलुप्त कर दिया। अब बढ़ता तापमान, अनिश्चित वर्षा राशि भविष्य में शहर की रूपरेखा क्या तय करेगा, यह आने वाला वक्त ही बताएगा।

ग्लोबल वार्मिंग से भारी हो रहे बादल

ग्लोबल वार्मिंग की वजह से बादल भारी हो रहे हैं और एक ही जगह पर बरस रहे हैं। अब अनेक दिन तक चलने वाली रिमझिम के दिन जा चुके है और उनका स्थान फ्लैश फ्लड ने ले लिया है। इससे भूमिगत जलस्तर भी लगातार गिर रहा है। शहर का विस्तार कभी गर्रा और खन्नौत के पार नहीं हुआ था, लेकिन अब नदियों के परे निचली भूमि पर भी अविवेक पूर्ण ढंग से प्लाटिंग कर दी गई। यहां बड़ी कालोनियां बन रही हैं, वहीं ऊंची रिंग रोड बनने से नदियों के प्रवाह में बाधा सामने आई है। ऊंची सड़कें प्रतिरोधी तटबंध का कार्य कर रही हैं। ऐसे में पानी निकल नहीं पाता और बाढ़ की स्थिति बन जाती है। इसी के चलते कुछ दिनों पहले शहर के लोगों ने बाढ़ की भयाभह स्थिति देखी।

हाईवे की बेची गई भूमि का बैनामा किया जाए निरस्त

संवाददाता, खुटार

- खरीद-फरोख्त करने वालों पर हो कार्रवाई
- अधिशासी अभियंता ने एसडीएम को भेजा पत्र

अमृत विचार : राष्ट्रीय मार्ग खंड बरेली के सहायक अभियंता ने 11 जुलाई को पुवायां एसडीएम को पत्र देकर हाईवे की सरकारी भूमि का किया गया बैनामा अविलंब निरस्त करने के साथ ही भूमि बेचने और खरीदने वालों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई करने का अनुरोध किया है।

जिसमें कहा गया है कि शिकायत के बाद खंड टीम ने स्थलीय निरीक्षण और अभिलेखीय परीक्षण कर पाया कि सड़क मार्ग की सरकारी भूमि पर निशानदेई की गई है। इसके साथ ही भूमि को क्रय विक्रय किया गया है, तो क्रेता और विक्रेता के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। इस मामले में लोक निर्माण विभाग बरेली से कार्यालय अधिशासी अभियंता ने जिलाधिकारी, पुवायां उपजिलाधिकारी और उप निबंधक को पत्र भेजकर कार्रवाई को कहा गया है। बता दें कि नगर के मोहल्ला पूर्वीगढ़ी निवासी अखिलेश कुमार मिश्रा ने अधिकारियों को शिकायती पत्र भेजकर बताया था कि खुटार गोला नेशनल हाइवे किनारे स्थित कस्बा खुटार में सड़क मार्ग की सरकारी भूमि क्रय विक्रय गई थी। पिछले साल कुछ लोगों ने धोखाधड़ी कर उसका बैनामा कर दिया था। जिसकी शिकायत लोक निर्माण विभाग के साथ ही जिलाधिकारी से की गई थी। शिकायत होने पर बीते दिन राष्ट्रीय मार्ग खंड लोक निर्माण विभाग बरेली के अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की थी। जांच के दौरान दोनों गाटा संख्या की भूमि राष्ट्रीय मार्ग संख्या 730 की निकली थी।

> राष्ट्रीय मार्ग खंड बरेली के सहायक अभियंता द्वारा भेजे गए पत्र की जानकारी है। बैनामा निरस्तीकरण की कार्रवाई सिविल कोर्ट से होगी इसलिए उन्होंने मेरे पास गलत पत्र लिख दिया है। इसका जवाब भेज दिया जाएगा।
>
> – संजय कुमार पांडेय
> एसडीएम पुवायां

दूसरे दिन भी धरने पर डटे रहे सभासद

धरनास्थल पहुंचीं अध्यक्ष की पुत्री से विफल रही वार्ता, अध्यक्ष से वार्ता पर अड़े

संवाददाता, तिलहर

- तिलहर पालिका प्रशासन में भ्रष्टाचार को लेकर धरना दे रहे हैं सभासद

अमृत विचार : सभासदों का पालिका प्रशासन में भ्रष्टाचार को लेकर धरना दूसरे दिन भी जारी रहा। इस दौरान अध्यक्ष की बेटी सभासदों से वार्ता करने धरनास्थल पर पहुंचीं, लेकिन वार्ता विफल रही।

नगर पालिका के 16 सभासद पालिका के मुख्य गेट पर सोमवार से 10 सूत्रीय मांगों को लेकर धरना दे रहे हैं। जो मंगलवार को भी जारी रहा। उन्होंने पालिका प्रशासन पर कई भ्रष्टाचार के आरोप भी लगाए हैं। सभासद आउटसोर्सिंग लगाए गए 252 कर्मचारियों की नियुक्ति को लेकर घोटाले का आरोप लगा रहे हैं। जिसमें आउटसोर्सिंग कर्मचारी का हर महीने 32 लाख रुपये का वेतन एक फर्म के द्वारा दिया जा रहा है। जिसमें लाखों रुपये की हेराफेरी किए जाने का भी आरोप है। साथ ही नगर पालिका में खर्च होने वाले डीजल पर भी कमेटी गठित करने की मांग है। सभासदों का आरोप है कि कांशीराम कॉलोनी व आसरा आवास में अवैध रूप से लोग कब्जा करके रहते हैं, लेकिन कई बार कहने के बाद भी अब तक उन आवासों को खाली नहीं कराया गया। नगर का ठेका लगभग 22 लाख रुपये में दिया गया है, इसके बाद भी सफाई नहीं हो पा रही है।

मंगलवार को दोपहर लगभग दो बजे अध्यक्ष की पुत्री दाफिया खान नगर पालिका में धरना स्थल पर सभासदों से वार्ता करने पहुंची, लेकिन सभासदों ने बेटी से वार्ता करने से इनकार कर दिया। सभासदों का कहना है कि अध्यक्ष से ही वार्ता की जाएगी। जब तक उनकी मांगों का निस्तारण नहीं किया जाएगा, तब तक धरना समाप्त नहीं होगा। वहीं अधिशासी अधिकारी कल्पना शर्मा ने धरना प्रदर्शन कर रहे तमाम सभासदों से एक बंद कमरे में बैठक की। सूत्रों से मिली जानकारी में सभासदों की कुछ मांगों पर सहमति बनी, लेकिन सभासद अध्यक्ष से धरना स्थल पर आने पर वार्ता की बात कह रहे हैं।

धरना स्थल पर सभासदों से वार्ता करतीं अध्यक्ष की पुत्री दाफिया। ● अमृत विचार

हॉल में मनाया जा रहा था जन्मदिन, वीडियो वायरल

वहीं दूसरी तरफ सोमवार रात को नगर पालिका मीटिंग हॉल में तमाम सभासदों व नगर के कुछ लोगों ने समाजवादी पार्टी के एक पूर्व विधायक का जन्म दिन केक काटकर मनाया, जिसका सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल हो रहा है। जिस पर सवाल उठ रहे हैं। यह वीडियो नगर में चर्चा का विषय बना हुआ है और काफी वायरल हो रहा है। अधिशासी अधिकारी कल्पना शर्मा ने बताया कि पता चला है कि कोई वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वह वीडियो देखने के बाद ही कुछ बता पाएंगी। बताया जा रहा है कि तिलहर की भाजपा विधायक सलोना कुशवाहा के निर्देश पर अधिकारियों ने मामले की जांच शुरू कर दी है। विधायक ने बताया कि सरकारी कार्यालय या मीटिंग हाल में इस तरह के आयोजन नहीं होने चाहिए।

MEDICAL Lifelines OF BAREILLY अमृत विचार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 7464943582

डॉ. नितिन अग्रवाल
एम.डी. (गोल्ड मेडिलिस्ट), डी.एम. (कार्डियोलॉजी)
हृदय रोग विशेषज्ञ मो. 9457833777
ECG + ECHO + TMT + HOLTER
हृदय रोग के लक्षणः- ◆ घबराहट ◆ छाती में दर्द या भारीपन ◆ सांस फूलना ◆ पैरों में सूजन ◆ हाई ब्लडप्रेशर ◆ हाई कोलेस्ट्रोल ◆ डाइबिटीज (शुगर) ◆ सीने या पेट में जलन या दर्द ◆ हार्ट अटैक ◆ हार्ट फेल
APPLE CARDIAC CARE DR. NITIN AGARWAL'S HEART CLINIC
ए-3, एकता नगर, केयर अस्पताल के सामने, स्टेडियम रोड, बरेली। सम्पर्क करें:- 9458888448
डॉ. प्रेम गंगवार
B.H.M.S. (Homeo Cafe Gwalior)
वरिष्ठ होम्योपैथिक चिकित्सक
मो. 8859517808

सैक्स रोग, शीघ्रपतन, नामर्दी, त्वचा, गुर्दे, कैंसर, जोड, नस, थायराइड व महिलाओं का बांझपन
होम्योपैथिक से जुड़ी समस्या व दवाईयों के लिये निःशुल्क सम्पर्क करें। आधुनिक जर्मन दवाईयों द्वारा कुशल डाक्टर के मार्गदर्शन में इलाज
10 वर्षों का अनुभव प्रेम जर्मन होम्योपैथिक
रूहेलखण्ड यूनिवर्सिटी के सामने, पीलीभीत बाईपास, एच.के. टावर, बरेली
ADITYA आदित्य आई एण्ड लेजर सेन्टर
60000 से अधिक आँखों के ऑपरेशन का अनुभव
उपलब्ध सुविधायें
बिना सुई बिना टांका आधुनिक से आधुनिक लेंस प्रत्यारोपण की सुविधा उपलब्ध
बी-स्कैन द्वारा पर्दे की जाँच उपलब्ध
आ.सी.टी.मशीन से रेटीना एवं ग्लोकॉम की जाँच उपलब्ध
8077344353
समय प्रातः 10 से 4 बजे तक एवं सायं 6 से 8 बजे तक

डॉ. आदित्य त्यागी
MBBS, DOMS, DNB MNAMS
CATARACT, REFRACTIVE & GLAUCOMA SURGEON
ट्यूलिप ग्रांड के सामने, पीलीभीत बाई पास, बरेली

सार-संक्षेप

राशन कम देने का आरोप, मुख्यमंत्री से शिकायत

खुटार। क्षेत्र के गांव हरनाई निवासी कुरेंद्र पाल ने मुख्यमंत्री जनसुनवाई पोर्टल पर दर्ज कराई शिकायत में बताया कि तीन दिन पूर्व 14 जुलाई को वह सरकारी सस्ते गल्ले की दुकान पर राशन लेने गया था। जहां राशन के इंतजार में काफी देर तक बैठा रहा। इस बीच कोटेदार से कई बार कहा। इसके बावजूद उसे राशन नहीं दिया। करीब 12 बजे तक बैठा रहा। इसके बाद वह घर लौट आया था। आरोप है कि अपने मिलने वालों को राशन पहले देते हैं, साथ ही पुरानी रंजिश भी मानते है। इसके अलावा पिछले माह में एक यूनिट पर एक किलो राशन कम दिया था। जि पीड़ित ने कोटेदार पर घटतौली का आरोप लगा शिकायत मुख्यमंत्री से की है।

भाजपा नेता का चालान करने पर रोष

शाहजहांपुर। सदर बाजार थाना क्षेत्र के मोहल्ला एमनजई जलालनगर निवासी भाजपा ओबीसी मोर्चा संजीव राठौर का अपनी भाभी नीतू राठौर से पारिवारिक विवाद चल रहा है। उसके भाई ने सदर बाजार थाना में एक शिकायती प्रार्थना पत्र दिया था। उन्होंने बताया कि 13 जुलाई को सदर बाजार के सिपाही उनके घर पहुंचे और कहा कि थाने में क्षेत्र के उप निरीक्षक ने बुलाया है। सिपाहियों ने मोबाइल छीन लिया। थाने पहुंचे लेकिन उप निरीक्षक ने उनकी नहीं सुनी। आरोप है कि उसके साथ अभद्र व्यवहार किया। पुलिस ने बिना जांच किए झूठा शांति भंग में चालान कर दिया। इधर भाजपा के ओबीसी कार्यकर्ताओं को खबर मिलने पर सभी सदर थाना पहुंचे। भाजपा कार्यकर्ताओं में रोष व्याप्त है।

बरात चढ़त में बैंड बजाने वालों को पीटा

कलान। क्षेत्र के गांव चौराबगरखेत में पिलुआ गांव से बरात गई थी। जहां परौर थाना क्षेत्र के गांव कुडरी आश्रम निवासी शमीम बैंड के साथ गांव पहुंचा था। सोमवार रात जब बारात चढ़ रही थी, तभी लड़की पक्ष के पांच लोग शराब पीकर गाना गाने को लेकर हस्तक्षेप करने लगे। आरोप है कि लड़की पक्ष के लोगों ने कल्लू, यूनुस, हमीद, तालिब, तोहिद एवं बैंड मालिक शमीम को पीट दिया।

वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज से कैंप लगवाने का किया आग्रह

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

अमृत विचारः मंगलवार को वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखंड अस्पताल बंथरा में ददरौल विधानसभा क्षेत्र के विधायक अरविंद कुमार सिंह ने पहुंचकर चिकित्सा सुविधाओं का जायजा लिया। इस दौरान विधायक ने वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज के अध्यक्ष डॉ. अशोक कुमार अग्रवाल से शिष्टाचार भेंट की और बाढ़ प्रभावित गांवों में बेहतर चिकित्सा व्यवस्था उपलब्ध कराने का आग्रह किया।

विधायक अरविंद सिंह रोहिलखंड अस्पताल के अध्यक्ष डॉ. अशोक अग्रवाल से आग्रह किया कि वह विधानसभा ददरौल के बाढ़ प्रभावित गांवो में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगवाएं। जिससे ग्रामीण श्रेष्ठ चिकित्सकों से इलाज करा सकें। डॉ. अग्रवाल ने विधायक को आश्वासन दिया कि जल्द ही स्वास्थ्य कैंप लगवाए जाएंगे। इस अवसर पर विधायक ने अस्पताल का भ्रमण कर अस्पताल में उपलब्ध आधुनिक सुविधाओं की जानकारी ली एवं भर्ती मरीजों का हाल चाल भी पूछा। उन्होंने उपलब्ध कराई जा रही सस्ती स्वास्थ्य सेवाओं की प्रशंसा की। डॉ. अशोक कुमार अग्रवाल ने विधायक को बताया कि रोहिलखंड अस्पताल में परिवार स्वास्थ्य कार्ड मात्र 200 रुपये में बनाए जा रहे हैं।

वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज के अध्यक्ष डॉ. अशोक अग्रवाल से वार्ता करते ददरौल विधायक अरविंद सिंह।

- ददरौल विधायक अरविंद सिंह ने रोहिलखंड अस्पताल के अध्यक्ष डॉ. अशोक अग्रवाल से की शिष्टाचार भेंट

बंडा पुलिस पर अभद्र व्यवहार करने का आरोप

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- किसान नेता ने एसपी से शिकायत कर की कार्रवाई की मांग, अनशन की चेतावनी

अमृत विचार : एक किसान नेता ने बंडा पुलिस पर अभद्र व्यवहार करने का आरोप लगाया है। मामले की शिकायत एसपी से करते हुए आरोपी पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई की मांग की है। कार्रवाई नहीं होने पर आमरण अनशन और पुतला दहन की चेतावनी दी है।

पुवायां थाना क्षेत्र के गांव गदाई सांडा निवासी मन मोहन त्रेहन सिह ने डीएम को दिए शिकायती पत्र में बताया कि 14 जुलाई को बंडा थाना की पुलिस ने उसके घर पर आकर बच्चों से अभद्र व्यवहार करते हुए फोटो खींचे। कृषि भूमि से संबंधित कागजात, आधार कार्ड, फोटो मांगे। पुलिस ने कारण पूछने पर अभद्र व्यवहार किया। पुलिस ने उसके परिवार की बेइज्जती की। उन्होंने कहा कि पुलिस ने मानवीय अधिकारों का हनन कर उनको व परिजन को बेइज्जत किया है। इसके विरोध में 22 जुलाई को खिरनीबाग स्थित जीआईसी खेल मैदान पर अनिश्चितकालीन आमरण अनशन किया जाएगा और प्रदेश सरकार का पुतला दहन किया जाएगा। उन्होंने मांग की है कि बंडा पुलिस के खिलाफ कार्रवाई की जाए।

शाहजहांपुर की खबरें पेज 9 पर भी पढ़ें

आज का मौसम

बादल छाए रहने के साथ बारिश का अनुमान

35.0° अधिकतम तापमान | 28.0° न्यूनतम तापमान

कुवैत भेजने के नाम पर 80 हजार रुपये ठगे

पूरनपुर। विदेश भेजने के नाम पर पिता-पुत्र ने मिलकर एक युवक से ठगी कर ली। उनसे रकम लेकर फर्जी बीजा थमा दिया। इसकी जानकारी लगने पर युवक ने विरोध कर रुपये वापस मांगे तो आरोपी धमकाने लगे। पीड़ित ने पुलिस को मामले की तहरीर दी गई है। नगर की पंजाबी कॉलोनी के रहने वाले सनी सिंह पुत्र जीत सिंह ने पुलिस को बताया कि उन्हें पिछले साल मोहल्ला बमनपुरी के रहने वाले पिता पुत्र ने कुवैत में अच्छा काम दिलाने का वादा किया। उससे 80 हजार रुपये और पासपोर्ट ले लिया। पिता पुत्र ने पीड़ित को लखनऊ ले जाकर मेडिकल परीक्षण कराया। इसके बाद टालमटोल करने लगे। उनके दबाव बनाने पर उन्हें फर्जी बीजा व अन्य दस्तावेज दे दिए। इसकी जानकारी लगने पर पीड़ित ने रुपये वापस मांगे। इस पर आरोपी टालमटोल करने लगे। फिर रुपये लौटाने से इनकार कर दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

बाढ़ का कहर: पखवाड़ा भर से 52 गावों की बिजली गुल

देवहा नदी में समा गए आधा दर्जन से अधिक बिजली के पोल, नहीं हो पा रहा समाधान, ग्रामीण परेशान

संवाददाता, ललौरीखेड़ा (पीलीभीत)

अमृत विचार: पहाड़ों पर हुई भीषण बारिश के बाद देवहा नदी उफनाई तो हर तरफ पानी ही पानी नजर आ रहा था। बाढ़ ने हर तरफ तबाही मचाई। जलभराव तो धीरे-धीरे खत्म हो गया, लेकिन अब बिजली का संकट गहरा गया है। क्षेत्र में आधा दर्जन से अधिक बिजली के खंभे देवहा नदी में समा गए थे। इसके बाद पखवाड़ा भर से 52 गांव में बिजली नहीं पहुंच पा रही है। पावर कॉरपोरेशन की ओर से सुधार कार्य चल रहा है, लेकिन व्यवस्था पटरी पर नहीं लौट सकी है। बिना बिजली के ग्रामीण परेशान हैं।

डीएम समेत अन्य अधिकारियों को ट्वीट करके गुहार लगा रहेहैं, लेकिन अभी राहत नहीं मिल सकी है।जिम्मेदारों की मानें तो अभी तीन से चार दिन और मुसीबत झेलनी पड़ सकती है। आंधी बारिश के बाद पखवाड़ा भर पहले ईदगाह मार्ग और देवहा नदी से सटे इलाको में छह से अधिक बिजली के पोल नदी में गिर गए थे। इससे बिजली सप्लाई बाधित हो गई थी। ललौरीखेड़ा ब्लॉक क्षेत्र में इसके बाद से करीब 52 गांवों की बिजली सप्लाई ठप पड़ी हुई है। शुरुआती दिन तो कट गए लेकिन अब ग्रामीण बिजली संकट से बेहाल हो चुके हैं। बिजली सप्लाई सुचारू न होने से घरेलू और व्यावसायिक जनजीवन अस्त व्यस्त हो चुका है। आलम ये है कि व्यापार भी न के बराबर हो पा रहा है। हर कोई परेशान है। बिना बिजली के नींद भी पूरी नहीं हो पा रही है। तमाम ग्रामीणों ने जिलाधिकारी, पावर कॉरपोरेशन के अधिकारियों से सोशल मीडिया के माध्यम से भी गुहार लगाई, लेकिन समस्या दूर नहीं हो सकी है। बाढ़ ऐसी तबाही करके गई कि इसका सुधार होने में ही लंबा समय लग रहा है। अभी भी तीन से चार दिन और इंतजार करना पड़ सकता है। घरों में रखे बिजली संचालित उपकरकण शोपीस बनकर रह गए हैं।

देवहा पुल के पास पोल उठाकर ले जाते सुधार कार्य में लगे श्रमिक। ● अमृत विचार

> बीते दिनों आई आंधी बारिश और बाढ़ में कई जगह खंभे गिर गए थे। उनका सुधार कार्य चल रहा है। प्रयास है कि जल्द ही बिजली सप्लाई सुचारू करा दी जाए।
> – **मोहित कुमार**, एसडीओ पॉवर कॉरपोरेशन

ग्रामीण बोले- बिजली न आने से हो रही दिक्कत

पखवाड़ा भर होने को है, बिजली नहीं आई है। जब भी पूछा जाए जल्द सप्लाई चालू होने की बात कह दी जा रही है। बच्चों की नींद भी पूरी नहीं हो पा रही है। ऐसे तो बीमार होने का डर बना है। – **ज्ञानेंद्र शर्मा**

बाढ़ के बाद से तबाही मची हुई है। एक तरफ अन्य दिक्कतें बन चुकी है। इसके अलावा बिजली भी नहीं आ रही है। गर्मी भी अधिक पड़ रही है। ऐसे में बिजली न आने से कामकाज भी ठप हो गया है। – **जसवंत गंगवार**

लंबा समय बीतने के बाद भी बिजली व्यवस्था सुचारू नहीं की जा सकी है। आलम ये है कि मोबाइल तक चार्ज नहीं हो पा रहे हैं। सोलर पैनल की मदद से जरुर काम चल रहा है। वरना तो और मुसीबत हो जाती। – **मोहम्मद जबर**

बिजली व्यवस्था कई दिन से बदहाल पड़ी है। ग्रामीण परेशान हो रहे है। अधिकारियों को कई बार ट्वीट कर दिए गए, लेकिन कोई समाधान अब तक नहीं हो सका है। कोई सुनने वाला नहीं है। – **प्रशांत रवि**

इन गांवों में गहराया बिजली संकट

शिवपुरिया, कल्यानपुर खास, हरचुइया, सैजना, प्यास, मीरपुर, खमरिया पुल, कनाकोर, रंपुरा उझैनिया, सकतपुर, उझौनिया रंपुरा, खरुआ, जतीपुर, नांद पसियापुर, बझेड़ा, ढकिया, डंडिया भिसौड़ी, कुंवरगढ़, अमरगंज, भगवंतपुर बझेड़ा, ऐमी, गौंछ, गहलुइया, ढकिया नथा, शरीफगंज आदि।

नेकी की दीवार ने बच्चों के चेहरे पर बिखेरी मुस्कान

बाढ़ प्रभावित इलाके में सामग्री लेने के लिए एकत्र हुए बच्चे। ● अमृत विचार

संवाददाता, पूरनपुर

अमृत विचार: समाजसेवी संस्था ने बाढ़ पीड़ित गांवों में पहुंचकर खाद्य सामग्री, कपड़े समेत अन्य आवश्यक वस्तुएं वितरित की। जिन्हें पाकर ग्रामीणों के चेहरे खिल गए। करीब तीन हजार लोगों को सामग्री बांटी गई।

पिछले दिनों आई बाढ़ ने शारदा नदी के आसपास के गांवों में भारी तबाही मचाई। इससे लोगों के सामने रहन सहन के अलावा खाने पीने आदि की समस्याएं खड़ी हो गईं। शासन की ओर से ग्रामीणों को सिर्फ राशन सामग्री ही वितरित की जा रही है। उनकी अन्य जरूरतें पूरी नहीं हो पा रही। इसके लिए समाजसेवी संस्था नेकी की दीवार आगे आई। मंगलवार को संस्था के संस्थापक अध्यक्ष गुरमेल सिंह, संरक्षक रामगोपाल कक्कड़, हर्ष गुप्ता आदि डीसीएम में सामग्री लेकर बाढ़ ग्रस्त गांव राहुल नगर और खिरकिया बरगदिया में पहुंचे। खाद्य सामग्री के अलावा कपड़े और जूते चप्पल बांटे जाने की जानकारी लगते ही बच्चे, महिलाएं और बुजुर्ग पहुंच गए। संस्था ने बिस्किट, नमकीन, साबुन, निरमा, कपड़े, बच्चों को जूते, चप्पल आदि बांटे। सामग्री मिलते ही उनके चेहरों पर मुस्कान बिखर गई। अध्यक्ष गुरमेल सिंह ने बताया कि इस दौरान लगभग तीन हजार लोगों को सामग्री बांटी गई। इस दौरान संस्था के सह संस्थापक अमनदीप सिंह, अमृतपाल सिंह, युवराज सिंह के अलावा वन और पुलिस टीम मौजूद रही।

बाढ़ से पीड़ित 15 सौ परिवारों को प्रशासन ने पहुंचाई राहत सामग्री

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- **एडीएम ने टीम के साथ बाढ़ प्रभावित इलाकों का दौरा कर जाने हालात**
- **बाढ़ पीड़ितों को बांटी राहत किट फसलों के नुकसान का मुआवजा दिलाने का दिया आश्वासन**

अमृत विचार: बारिश-बाढ़ का प्रकोप थमने के बाद प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा कर स्थिति का जायजा लिया जा रहा है। एडीएम वित्त ने अमरिया तहसील के प्रभावित गांवों का दौरा कर फसलों की स्थिति देखी और बाढ़ पीड़ितों को राहत किट का भी वितरण किया। इस दौरान उन्होंने किसानों को फसलों की हुई क्षति पर अतिशीघ्र मुआवजा देने का आश्वासन दिया।

जनपद में पिछले दिनों हुई भारी बारिश और नदियों का जलस्तर बढ़ने हालात बेकाबू हो गए थे। शारदा और देवहा नदी के किनारे बसे गांवों में बाढ़ का पानी घुस गया था। इधर अब आबादी क्षेत्रों में बाढ़ का पानी उतरने के साथ ही अन्य जगहों के भी हालात सामान्य हो रहे हैं। डीएम संजय कुमार सिंह के निर्देश पर बाढ़ प्रभावित इलाकों में राहत सामग्री पहुंचाई जा रही है। राजस्व विभाग की टीमों द्वारा बाढ़ पीड़तों के क्षतिग्रस्त घरों का सर्वे किया जा रहा है। बाढ़-बारिश से तबाह हुई फसलों का भी सर्वे किया जा रहा है। क्षतिग्रस्त हुई सड़कों की मरम्मत शुरू कर दी गई है। जिला प्रशासन के मुताबिक अमरिया तहसील क्षेत्र में करीब 1500 परिवारों करीब 7000 लोग बाढ़-बारिश से प्रभावित हुए हैं। मंगलवार को एडीएम वित्त ऋतु पूनिया ने अमरिया तहसील के प्रभावित इलाकों का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने गांवों में जाकर घरों की स्थिति और फसलों आदि को भी देखा। बाढ से कटे रास्ते एवं अन्य हुए नुकसान के बारे में जानकारी ली। इसके बाद उन्होंने जोशी कालोनी, रानी कालोनी, भरतपुर, टांडा विजैसी और भरा पचपेड़ा में बाढ़ पीड़ितों का हाल जाना और 710 बाढ़ प्रभावित परिवारों को राहत किटों का वितरण किया। उन्होंने कहा कि बाढ़-बारिश के दौरान मकानों और फसलों का नुकसान हुआ है।

इन सभी का सर्वे टीम के माध्यम से सर्वे कराया जा रहा है, ताकि पीड़ितों को शीघ्र मुआवजा दिया जा सके। उन्होंने बताया कि अमरिया तहसील क्षेत्र में चिन्हित सभी बाढ़ पीड़ितों को शत प्रतिशत राहत किट उपलब्ध कराई जा चुकी है। इसके अलावा जो भी अन्य सुविधाएं हैं, प्रशासन स्तर पर उसको उपलब्ध कराया जाएगा। स्वास्थ्य विभाग की टीम भी राहत कार्य में लगी हैं।

अमरिया में फसलों का जायजा लेतीं एडीएम ऋतु पूनिया।

बाढ़ से प्रभावित 51 किसानों को बांटी रागी और तिल की मिनी किट

पीलीभीत, अमृत विचार: जिला कृषि अधिकारी एवं भूमि संरक्षण अधिकारी ने राजकीय कृषि बीज भंडारों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होने बाढ़ प्रभावित किसानों को रागी और तिल की मिनी किटों का वितरण किया। किसानों को प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की भी जानकारी दी गई।

जिला कृषि अधिकारी नरेंद्र पाल एवं भूमि संरक्षण अधिकारी गणेश शंकर परिहार ने मंगलवार को राजकीय कृषि बीज भंडार पूरनपुर एवं बीसलपुर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने राजकीय बीज भंडारों से अतिवृष्टि एवं बाढ़ से प्रभावित 51 किसानों को रागी एवं तिल की मिनी किटों का वितरण किया। जिला कृषि अधिकारी ने बताया कि जनपद में वितरण को मूंग, उड़द, तिल, रागी, ज्वार एवं अरहर की 820 मिनी किट प्राप्त हुई हैं।

आवास के नाम पर घोटाले दर घोटाले, होगी एफआईआर

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- **आरोपी सचिव ने पूरनपुर में तैनाती के समय की थी घपलेबाजी अब सीतापुर में है तैनात**
- **डीपीआरओ ने एडीओ पंचायत को दिए एफआईआर दर्ज कराने के आदेश**

अमृत विचार: पूरनपुर ब्लॉक में तैनाती के दौरान इंदिरा आवास आवंटन में बड़े पैमाने पर घपलेबाजी करने वाला सचिव स्थानांतरण होने के बाद भी खुद को नहीं बचा पाया। शासन के आदेश पर डीपीआरओ ने एडीओ पंचायत को आरोपी सचिव के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने के निर्देश दिए है। यह कार्रवाई लोकायुक्त प्रशासन की संस्तुति पर की गई है। वर्तमान में आरोपी सचिव सीतापुर में तैनात है।

यह मामला पूरनपुर ब्लॉक से जुड़ा है। शिकायतकर्ता विनोद कुमार ने लोकायुक्त प्रशासन से शिकायत कर तत्कालीन पंचायत सचिव जितेंद्र कुमार पर ग्राम पंचायत पिपरा मुजप्ता में नियम विरुद्ध तरीके से इंदिरा आवासों का आवंटन करने का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की थी। इस मामले की जांच कराई गई तो सचिव बड़े पैमाने पर नियम विरुद्ध तरीके से इंदिरा आवासों के आवंटन का दोषी पाया गया। आरोपी सचिव जितेंद्र कुमार वर्तमान में सीतापुर में तैनात है। जांच रिपोर्ट पर कार्रवाई के लिए डीपीआरओ सीतापुर को लिखा गया। डीपीआरओ सीतापुर ने सचिव की वित्तीय वर्ष 2024-25 की एक वार्षिक वृद्धि पर रोक लगाते हुए प्रतिकूल प्रविष्टि देने की कार्रवाई की। इधर, इस मामले में लोकायुक्त प्रशासन द्वारा आरोपी सचिव के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने की संस्तुति की थी। इस पर निदेशक पंचायत राज ने डीपीआरओ को आरोपी सचिव के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराते हुए उसकी डीपीआरओ सीतापुर को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। शासन के निर्देश पर जिला पंचायत राज अधिकारी सतीश कुमार ने पूरनपुर ब्लॉक के एडीओ पंचायत को उप लोकायुक्त की जांच में दोषी पाए गए सचिव जितेंद्र कुमार के खिलाफ थाना सेहरामऊ उत्तरी में एफआईआर दर्ज कराने के निर्देश दिए हैं।

> उक्त प्रकरण में हुई जांच में ग्राम पंचायत अधिकारी को दोषी पाया गया। चूंकि सचिव वर्तमान में सीतापुर में तैनात है। सीतापुर डीपीआरओ कार्रवाई के लिए लिखा गया था। शासन के निर्देश पर दोषी सचिव के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने के निर्देश दिए गए हैं।
> –**सतीश कुमार**
> जिला पंचायत राज अधिकारी

रोजगार सेवक और कंप्यूटर ऑपरेटर के करीबियों को भेजी धनराशि

मामले की जांच में पाया गया कि पंचायत सचिव जितेंद्र कुमार द्वारा रोजगार सेवक वेदप्रकाश की मिलीभगत से वर्ष 2016-17 में पुष्पा देवी के नाम आवंटित आवास की धनराशि हेराफेरी कर रोजगार सेवक की मां का नाम बदलकर उनके खातें में स्थानांतरित कर दी गई। वहीं कंप्यूटर ऑपरेटर कुरेंद्रपाल और अजयपाल की मिलीभगत से धर्मेंद्र के नाम वर्ष 2016-17 में आवंटित प्रधानमंत्री आवास की धनराशि नामों में हेरफेर कर कंप्यूटर ऑपरेटरों के भाई के खातों में भेजी गई। जांच में छह आवास आवंटियों को वर्ष 2017-18 में प्रधानमंत्री आवास आवंटित किए गए, जबकि इन सभी आवंटियों की पत्नियों को पूर्व में इंदिरा आवास मिल चुके थे। वहीं दो लोगों को दो-दो बार आवंटित करने का दोषी पाया गया।

नदी की धारा मोड़ने को परियोजना बने

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

अमृत विचार: बीते दिनों आई बाढ़ के बाद भगा मोहम्मदगंज पुल भी क्षतिग्रस्त हुआ था। क्षेत्र में बाढ़ के हालात भी बन गए थे। राज्यमंत्री ने जिलाधिकारी समेत अन्य अधिकारियों के साथ निरीक्षण किया। इस दौरान भंगामोहम्मदगंज में नदी की धारा का रूख मोड़ने के लिए परियोजना बनाने के निर्देश दिए।

अमरिया ब्लाक क्षेत्र के गांव भंगामोहम्मद गंज में देवहा नदी से होने वाले भू-कटान को रोकने के लिए राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार ने सोमवार शाम जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह समेत कई अधिकारियों के साथ निरीक्षण किया। राज्यमंत्री ने देवहा नदी के पुल के बजाय गांव की ओर वह रही धारा को मोड़ने के लिए परियोजना बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि भगा मोहम्मदगंज में देवहा नदी की धारा का रुख इस क्षेत्र में बसे दर्जनों गांवों की ओर होने के कारण गांव में नदी के कटान का खतरा पैदा हो गया है। भंगामोहम्मदगंज में नदी कटान से ग्राम कुर्रा, आसपुर, बेहरी, सुस्वार, नाकूड़ समेत कई गांव हर साल बारिश के दौरान प्रभावित होते है।

भगा मोहम्मदगंज का निरीक्षण करते राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार।

- **राज्यमंत्री ने डीएम और कई अधिकारियों संग किया निरीक्षण, दिए निर्देश**

माधोपुर व अन्य मार्गों पर कटान की स्थिति जानी

पीलीभीत। राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार ने जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह के साथ पीलीभीत मझोला मार्ग से माधौपुर चौक, फरीदपुर, अमखडिया, डांग को जाने वाले मार्ग पर भी कटान की स्थिति देखी। कटान के कारण यातायात पूर्णतय अवरूद्ध है। मिट्टी का पटान कराकर मार्ग को अतिशीघ्र ठीक कराने को कहा।

रोजगार सेवक ने परिजनों के खातों में भिजवा दी पारिश्रमिक की रकम

संवाददाता, बिलसंडा

- **प्रधान से मिली शिकायत के बाद डीसी मनरेगा ने कराई जांच में खुली पोल**

अमृत विचार: मनरेगा से आवास लाभार्थियों को मिलने वाले पारिश्रमिक की धनराशि को रोजगार सेवक ने ही ठिकाने लगा दिया। आवास लाभार्थियों के नाम पर अपने परिजनों के बैंक खाता नंबर फीड कराकर उनमें धनराशि भेज दी गई। प्रधान की शिकायत पर डीसी मनरेगा ने तीन सदस्यीय टीम से जांच कराई तो पोल खुल गई।

ग्राम पंचायत कल्यानपुर तालुके करेली की प्रधान निशा यादव ने पिछले दिनों डीसी मनरेगा से शिकायत की थी। उन्होंने 17 आवास लाभार्थियों की मनरेगा के तहत पारिश्रमिक के रूप में मिलने वाली धनराशि को रोजगार सेवक द्वारा अपने परिवार के लोगों के बैंक खातों में फर्जी तरीके से कुछ अन्य जिम्मेदारों संग ठिकाने लगाने का आरोप लगाया था। जब आवास लाभार्थियों ने प्रधान से मनरेगा के तहत मिलने वाली करीब 19000 की धनराशि न मिलने की शिकायत की तो वह भी दंग रह गई।

जिसके बाद प्रधान ने पहले खुद पड़ताल की तो पता चला कि यह धनराशि काफी पहले ही भेजी जा चुकी है,लेकिन एक भी लाभार्थी के बैंक खाते में धनराशि नहीं पहुंची। इसके बाद प्रधान ने ब्लॉक कार्यालय पहुंचकर बेस लिस्ट से खातों का मिलान कराया। जिन खातों में धनराशि भेजी गई उनकी सूची बैंक से भी ली गई और दोनों का जब मिलान किया तो पता चला कि रोजगार सेवक ने आवास लाभार्थियों के नाम पर अपने परिजनों के खाता नंबरों को फीड करा रखा है ,और उन्ही खातों में आवास लाभार्थियों की धनराशि भेजी गई। डीसी मनरेगा ने तीन सदस्यीय टीम से मामले की जांच कराई ,जिसमें आरोप सही पाए गए।

बताते हैं कि प्रधान ने बैंक से उपलब्ध कराई गई उस सूची को भी बतौर साक्ष्य जांच टीम को मुहैया कराई, जिसमें रोजगार सेवक के परिजनों के खातों में धनराशि पहुंचने की पुष्टि हुई। इस कार्यवाही से संबंधित रोजगार सेवक एवं उसका सहयोग करने वाले ब्लॉक कर्मियों में भी हड़कंप मच गया है।

> प्रधान की ओर से रोजगार सेवक के खिलाफ जो आरोप लगाए गए थे। वह जांच में सही पाए गए हैं। रोजगार सेवक ने अपने परिजनों के बैंक खातों में लाभार्थियों की धनराशि को भेजा है। जिसकी रिपोर्ट खंड विकास अधिकारी को सौंप दी गई है। अग्रिम कार्यवाही उनके द्वारा ही की जानी है। – **शालिग्राम**, जेई आरईडी/जांच अधिकारी बिलसंडा
>
> मामले की जांच रिपोर्ट प्राप्त हुई है। उसका अध्ययन किया जा रहा है। रोजगार सेवक से भी अपना पक्ष रखने को कहा गया है। स्थिति स्पष्ट होने के बाद कार्यवाही के लिए जांच रिपोर्ट डीसी मनरेगा को भेजी जाएगी। – **अमित कुमार शुक्ला**, बीडीओ बिलसंडा

प्रधान और दो बीडीसी के पदों पर होगा उपचुनाव

संवाददाता, पूरनपुर

- **17 ग्राम पंचायत सदस्यों के पदों पर डाले जाएंगे वोट**

अमृत विचार: ग्राम पंचायत में उपचुनाव की अधिसूचना जारी हो गई है। एक प्रधान, दो बीडीसी और ग्राम पंचायत सदस्यों के पदों पर उपचुनाव होंगे। इसको लेकर गांवों में तिगड़मबाजी शुरु हो गई थी।

प्रदेश भर में ग्राम पंचायत के पदों के लिए उपचुनाव होंगे। मंगलवार को उपचुनाव की अधिसूचना जारी कर दी गई। पूरनपुर क्षेत्र में भी कई पदों पर उपचुनाव की प्रकिया संपन्न की जाएगी। ब्लाक क्षेत्र के गांव शेरपुरकलां में प्रधान पद के लिए उपचुनाव होगा। ग्राम प्रधान अंजुम बेगम की बीमारी के चलते मौत हो गई थी। ग्राम पंचायत सदस्य जावेद को कार्यवाहक प्रधान बनाया गया है। इसके अलावा दो क्षेत्र पंचायत सदस्य और 17 ग्राम पंचायत सदस्य पदों के लिए वोट डाले जांएगे। अधिसूचना जारी होने के बाद पदों के लिए शेरपुर कलां में प्रधान पद के लिए संभावित उम्मीदवारों ने वोटरों से संपर्क शुरु कर दिया है। खंड विकास अधिकारी शिरीष वर्मा ने बताया कि उपचुनाव की अधिसूचना जारी हो गई है। पूरनपुर में एक प्रधान, दो बीडीसी और लगभग डेढ़ दर्जन ग्राम पंचायत सदस्यों के पदों के लिए छह जुलाई को उपचुनाव होगा।

सुपर स्पेशलिटी विभाग
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड अस्पताल
N.H.-24 बंथरा, शाहजहाँपुर द्वारा संचालित
शाहजहाँपुर में एक मात्र संस्थान जहाँ एक ही छत के नीचे सारे समाधान
अस्पताल में उपलब्ध सुपर स्पेशलिटी विभाग
यूरो सर्जरी विभाग
न्यूरो सर्जरी विभाग
पीडियाट्रिक सर्जरी विभाग
प्लास्टिक सर्जरी विभाग
OPD का समय- प्रातः 9:00 बजे से अपरान्ह 3:00 बजे तक
परामर्श शुल्क पर 80% की छूट ₹1000 ₹200
24 घंटे उपलब्ध सुविधायें
I.C.U., M.R.I., CT-Scan की सुविधा उपलब्ध
दूरबीन विधि द्वारा ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध
• आयुष्मान भारत योजना के अन्तर्गत कार्ड धारकों के लिए भर्ती होने पर निःशुल्क इलाज की सुविधा।
• पं. दीन दयाल उपाध्याय राज्य कर्मचारी कैशलेस चिकित्सा योजना के अन्तर्गत मुफ्त इलाज की सुविधा।
• ई.सी.एच.एस. कार्डधारकों के लिये कैशलेस इलाज की सुविधा।
परिवार स्वास्थ्य कार्ड की सुविधा मात्र 200 रुपये में 1 वर्ष के लिये उपलब्ध है।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें :- 7521001988, 7521001989

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
बरेली संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
0581-4000222
हेड ऑफिस :- 932, कटरा चांद खां भारत पेट्रोल पम्प के सामने, पीलीभीत बाईपास रोड बरेली 243006

भगन्दर, बवासीर
सभी प्रकार के बार-बार ऑपरेटेड Complex Fistula (जटिल भगन्दर) पाइल्स तथा एनल फिसर एवं Anal Stenosis की क्षार सूत्र द्वारा पूर्ण सफल चिकित्सा
सुश्रुत क्लीनिक
क्षार चिकित्सा गुदा एवं वृहदांत्र रोग
[COLO-RECTAL-CENTER]
28.बी, एकता नगर स्टेडियम रोड, बरेली
9897030475
9411221895
7060162071

डॉ. लालता प्रसाद (सर्जन)
B.sc., B.A.M.S., D.Ay.M. सर्जरी (I.M.S), (B.H.U.) वाराणसी
गुरू /प्रोफेसर - राष्ट्रीय आयुर्वेद विद्यापीठ आयुष मंत्रालय भारत सरकार, नई दिल्ली
भू,पू, वरिष्ठ लेक्चरार एस. आर. एम. स्टेट आयु कॉलेज, बरेली
Life-Member Association of Anaesthetists of Indian Medicine
45 वर्षों का कुशल अनुभव

डॉ. अभय प्रकाश (सर्जन)
B.A.M.S., M.S सर्जरी
क्षार सूत्र एवं गुदा रोग विशेषज्ञ
बाल गुदा रोग विशेषज्ञ व समस्त गुदा रोग
भगन्दर, बवासीर, ऐनल फिसर रेक्टल पालिप, पाइलोनिडल साइनस, कोलाइटिस
गुदा रोगों के लक्षण
मलद्वार से खून मवाद आना
गांठ का मल द्वार से बाहर निकलना मल द्वार के आस पास बार-बार फोड़ा बनना एवं फूटना, बार-बार मल त्याग करना, मल द्वार में दर्द एवं खुजली होना
समय
प्रातः 10:00 से 2:00 बजे तक
सायं 7:00 से 8:00 बजे तक
रविवार
प्रातः 10:00 से 2:00 बजे तक
सायंकाल अवकाश

पत्नी के हत्यारे पति को आजीवन कारावास, जुर्माना

अपर सत्र न्यायाधीश ने सुनाया फैसला

विधि संवाददाता, पीलीभीत

- बिलसंडा इलाके के जमुनिया ईटगांव में जनवरी 2020 में हुई थी वारदात

अमृत विचारः अपर सत्र न्यायाधीश अनु सक्सेना ने मीना देवी हत्याकांड की सुनवाई के बाद आरोपी पति सियाराम को दोषी पाते हुए आजीवन कारावास और 30 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई।

अभियोजन कथानक के अनुसार थाना बिलसंडा क्षेत्र के जमुनिया ईटगांव के लालाराम ने एक जनवरी 2020 को में तहरीर दी। जिसके अनुसार उसकी बहन मीना देवी की शादी घटना से 18 वर्ष पूर्व बिलसंडा के गांव कनपरी निवासी सियाराम से हुई थी। एक जनवरी 2020 को दोपहर तीन बजे उसे अज्ञात व्यक्ति ने सूचना दी कि बहन मीना देवी की फांसी लगाकर मृत्यु हो गयी है। सूचना पर वह परिवार के अन्य सदस्यों संग घटनास्थल पर पहुंचे। बहन का शव जमीन पर था। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में गला दबाकर हत्या करने की पुष्टि हुई। पुलिस ने विवेचना के बाद आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल किया। मुकदमे की सुनवाई अपर सत्र न्यायाधीश अनु सक्सेना के न्यायालय में हुई। न्यायालय ने दोनों पक्षों को सुनने के बाद सियाराम को मीना देवी की हत्या का दोषी पाते हुए सजा सुनाई।

होमगार्ड पर जानलेवा हमले के आरोपी को 10 साल कैद

विधि संवाददाता, पीलीभीत

- अपर सत्र न्यायाधीश छांगुर राम ने सुनाया फैसला
- अदालत ने 30 हजार रुपये अर्थदंड से भी दंडित किया
- अदालत ने पुलिस अभिरक्षा से भागने व लोकसेवक पर हमला करने का दोषी पाया

अमृत विचारः अपर सत्र न्यायाधीश छांगुर राम ने एक मामले की सुनवाई के बाद कोतवाली पूरनपुर क्षेत्र के गांव अमरैयाकलां के आरोपी धर्मपाल पुत्र छोटे लाल को पुलिस अभिरक्षा से भागने और लोक सेवक (होमगार्ड) पर जानलेवा हमला करने का दोषी पाते हुए 10 वर्ष कैद और 30 हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किया गया। राज्य सरकार की ओर से पैरवी सहायक शासकीय अधिवक्ता विमल कुमार वर्मा ने की।

अभियोजन कथानक के अनुसार हत्या के एक मामले में आरोपी धर्मपाल कोतवाली पूरनपुर पुलिस की अभिरक्षा में था। उसने चालबाजी से अपनी तबीयत खराब होने की बात कही। अभियुक्त को मेडिकल कराने के लिए प्रभारी निरीक्षक योगेन्द्र पाल वर्मा व अन्य पुलिस टीम हवालात से बाहर निकालकर लाई। अभियुक्त धर्मपाल भागने लगा और मोहल्ला कायस्थान की गली में चला गया। होमगार्ड प्रियम के ने अभियुक्त को पकड़ लिया। आरोप है कि अभियुक्त धर्मपाल ने होमगार्ड से हाथापाई की और उसके सिर में ईट के टुकड़े से जान से मारने की नीयत से सिर पर वार कर दिया। बेसुध होकर होमगार्ड वहीं गिर गया। आरोपी ने रायफल भी क्षतिग्रस्त कर दी। विवेचना के बाद पुलिस ने आरोपी धर्मपाल के खिलाफ धारा-307, 224, 333, 353 और 427 भारतीय दंड संहिता में आरोप पत्र न्यायालय में प्रेषित किया। न्यायालय ने 13 जुलाई 2018 को आरोपी के विरुद्ध आरोप विरचित किए। मामले की सुनवाई अपर न्यायाधीश छांगुर राम की अदालत में हुई। न्यायालय ने आरोपी धर्मपाल को पुलिस अभिरक्षा से भागने और लोकसेवक पर जानलेवा हमला करने का दोषी पाते हुए सजा सुनाई। बता दे इस मामले की जुबानी प्रथम सूचना रिपोर्ट प्रभारी निरीक्षक योगेन्द्र पाल शर्मा ने दर्ज करायी थी। इसके बाद पुलिस ने विवेचना पूरी कर चार्जशीट लगाई थी।

खेत पर गए किसान परिवार पर हमला, रिपोर्ट

बरखेड़ा। थाना क्षेत्र के ग्राम करोड़ के रहने वाले नरेश पाल ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि अपने परिवार के साथ खेत देखने गए थे। तभी गांव के ही प्रेमपाल, जसवंत कुमार, हरनंदन उर्फ पप्पू और नन्हेलाल पीड़ित के खेत की ट्रैक्टर से जुताई कर रहे थे। जब विरोध किया तो गाली गलौज करते हुए हमला कर दिया। भाई मुनेंद्र के सिर में चवार किए गए। इसके बाद जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। पुलिस ने मामले में चारों आरोपियों पर रिपोर्ट दर्ज की है।

डीजे पर डांस करने के दौरान मारपीट

बिलसंडा। डीजे पर डांस करने को लेकर हुए विवाद में लाठी डंडे और धारदार हथियार चल गए। जिसमें एक युवक की पिटाई कर दी गई। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर जांच में जुटी है। थाना क्षेत्र के गांव ईटगांव के रहने वाले वीरेंद्र कुमार ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि सोमवार रात उसके यहां बरात आई थी। रात करीब दस बजे डीजे पर गांव के ही कुछ लोग मना करने के बावजूद डांस कर रहे थे। उसके भतीजे बंटी ने डीजे को बंद करने के लिए कहा। इस पर आरोपियों ने हमलाकर मारपीट की।

आवश्यकता है
सहायक प्रशासनिक अधिकारी
कम्प्यूटर ऑपरेटर
कम्प्यूटर हार्डवेयर, नेटवर्किंग एवं सी.सी.टीवी. मेंटेनेंस हेतु
लैब टैक्नीशियन
अनुभवी व्यक्ति की वेतन-योग्यतानुसार
शीघ्र संपर्क करें :-
HR ऑफिस, रूम नं. 102, OPD गेट के पास
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
एन.एच.-24, बन्थरा, शाहजहाँपुर में
समय : प्रातः 10 बजे से सायं 4 बजे तक
मो. 7521001986, 7521001994

बरात में झगड़ा शांत कराने गए युवक को पीटा, रिपोर्ट दर्ज

घुंघचिहाई, अमृत विचारः आपस में झगड़ रहे बारातियों को खाना खाने के लिए कहना एक युवक को महंगा पड़ गया। उसकी लाठी डंडे से पिटाई कर दी गई। बीच बचाव करने आए दो अन्य लोगों को भी पीटा। पुलिस ने मामले में चार आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

थाना क्षेत्र के ग्राम शुकराना के मदनलाल वर्मा ने बताया कि वह 11 जुलाई की रात गांव के ही अनिल की बहन की शादी में शामिल होने गए थे। दावत में कुछ बराती आपस में झगड़ रहे थे। लड़की के भाई ने भी उनसे बीच बचाव करने को कहा। जब बीच बचाव करने गए तो आरोपी अमित, राहुल, अजय, मिथिलेश ने हमला कर पिटाई कर दी। बचाने आए दो अन्य लोगों को भी पीटा और जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

युवक का शव फंदे से लटका मिला

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

अमृत विचार : एक युवक का शव आम के बाग में साड़ी के सहारे फंदे से लटका मिला। पुलिस ने जानकारी कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

मृतक प्रमोद।

न्यूरिया थाना क्षेत्र के गांव गौहर के रहने वाले हरिद्वारी ने बताया कि उनका पुत्र प्रमोद (21) आगरा जनपद में एक कोल्ड स्टोरेज में नौकरी करता था। सोमवार को वह घर आया और उसने पूरा दिन परिवार के साथ बिताया। कुछ देर के लिए वह पड़ोस के गांव हरकिशनापुर गया था। वहां से आने के बाद परिवार के साथ खाना खाया। इसके बाद वह सोने चला गया। मंगलवार सुबह किसी वक्त वह चुपचाप घर से निकल गया। सुबह करीब सात बजे ग्रामीणों से सूचना मिली कि प्रमोद का शव गांव के बाहर बाग में आम के पेड़ से साड़ी के सहारे लटक है। इसकी चर्चा फैलने के बाद मौके पर भीड़ जमा हो गई। परिवार वाले भी मौके पर पहुंच गए। सूचना पुलिस को दी गई। थाना न्यूरिया पुलिस ने मौका मुआयना कर जानकारी की।फील्ड यूनिट टीम को भी बुलाया गया।

- थाना न्यूरिया क्षेत्र के ग्राम गौहर में हुई घटना, आगरा के कोल्ड स्टोरेज में काम करता था युवक

परिवार से फंदा बनाने में इस्तेमाल की गई साड़ी के बारे में जानकारी की गई तो उन्होंने अनभिज्ञता बता दी। परिजन ने खुदकुशी का अंदेशा जताया लेकिन इसके पीछे वजह वह भी नहीं बता सके। एसओ न्यूरिया प्रदीप बिश्नोई ने बताया कि शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। परिवार की ओर से कोई आरोप नहीं लगाया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने पर मौत की वजह स्पष्ट नहीं हो सकी।

करंट लगने से युवती की जान गई

बिलसंडा। नगर की एक युवती की करंट लगने से मौत हो गई। हादसा मंगलवार दोपहर करीब साढ़े तीन बजे हुआ। मोहल्ला भारतगंज के रहने वाले चुन्ने शाह ने बताया कि उनकी बेटी निशा बी (22) घर में धुलाई करने के लिए मोटर चलाने को तार लगा रही थी। इसी बीच अचानक उसे करंट लग गया। जिसमें उसकी मौत हो गई। परिवार वालों का रोकर बुरा हाल रहा।

पशु नहलाने गए किशोर की नहर में डूबकर मौत

पीलीभीत। पशुओं को नहलाने ले गए किशोर की नहर में डूबकर मौत हो गई। न्यूरिया थाना क्षेत्र के ग्राम रूपपुर सैजना के राम किशोर ने बताया कि उनका 14 वर्षीय पुत्र सौरभ मंगलवार शाम चार बजे गांव के बाहर से गुजर रही बनकटी नहर में पशुओं को नहलाने गया था। इस बीच वह पैर फिसलने से नहर में गिर गया और डूब गया। जिसमें उसकी मौत हो गई। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने मौका मुआयना कर जानकारी जुटाई। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
- डी. फार्मा (2 वर्षीय)
- एम. फार्मा (फार्मास्यूटिक्स) (2 वर्षीय)
- बी. फार्मा (4 वर्षीय)
- एम. फार्मा (फार्माकोलॉजी) (2 वर्षीय)
रोहिलखंड कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
- डी. फार्मा (2 वर्षीय)
- बी. फार्मा (4 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)
केशलता कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
- डी. फार्मा (2 वर्षीय)
मो. 9457672942
केशलता हॉस्पिटल कैंपस, डेलापीर रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट
- एम.एच.ए. (2 वर्षीय)
- एम.पी.एच. (2 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202), E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) योगेन्द्र सिंह (9760578366)

युवती को फुसलाकर ले जाने के मामले में लव जिहाद का आरोप

संवाददाता, बिलसंडा

- हिंदू युवा वाहिनी के कार्यकर्ताओं ने की सख्त कार्रवाई की मांग

बिलसंडा थाने पहुंचे हिंदू युवा वाहिनी कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

अमृत विचारः दूसरे समुदाय की युवती को बहला फुसलाकर ले जाने के मामले में लव जिहाद के आरोप लगाए गए। हिंदू युवा वाहिनी के कार्यकर्ताओं ने युवती के पिता संग थाने पहुंचकर मामले की शिकायत की और सख्त कार्रवाई की मांग की है।

बता दें कि नगर से सटे एक गांव की युवती को थाना क्षेत्र के ही एक गांव का रहने वाला दूसरे समुदाय का युवक मंगलवार को बहला फुसलाकर ले जा रहा था। बताते हैं कि दोनों को खेतों के रास्ते जाता देख ग्रामीणों को शक हुआ तो उन्हें पकड़ लिया। सवाल जवाब करने के बाद युवती के पिता को सूचना दी गई। हिंदू युवा वाहिनी के कार्यकर्ता भी पहुंच गए। इसके बाद लड़की के पिता संग थाने पहुंचे और शिकायत की गई। बताते हैं कि पुलिस ने टालमटोल की तो कार्यकर्ताओं ने नाराजगी जता हंगामा भी किया। थाने पहुंचने वालों में हिंदू युवा वाहिनी के जिला महामंत्री शोभित शर्मा ,नगर अध्यक्ष शिवेंद्र वर्मा ,विनय मिश्रा, सौरव दीक्षित ,अजय मिश्रा ,अनुज पाल ,अरुण पाल ,आकाश आदि थे। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

युवती से दुष्कर्म के आरोपी पर रिपोर्ट दर्ज

बरखेड़ा, अमृत विचार : क्षेत्र के एक व्यक्ति ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी बीस वर्षीय पुत्री चौदह जुलाई की रात आठ बजे शौच के लिए घर से कुछ दूरी पर गई थी। काफी देर बाद जब पुत्री को तलाश करने निकले। आरोप है कि गांव के ही सचिन ने पुत्री को पकड़ा और गांव के बाहर ले जाकर दुष्कर्म किया। इसके बाद धमकी देकर भाग गया। पुलिस ने मामले में नामजद रिपोर्ट दर्ज की है। बता दें कि बरखेड़ा थाने में नई धाराओं के तहत ये पहली रिपोर्ट दर्ज की गई है।

घर में घुसकर छेड़छाड़ आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट

बीसलपुर। कोतवाली क्षेत्र की एक महिला ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि सोमवार को वह घर पर अकेली थी। ग्राम रिछोला सबल का रहने वाला मुन्ना लाल घर में घुस आया और छेड़छाड़ की। विरोध करने पर मारपीट की गई। आसपास के लोगों के जमा होने पर धमकी देकर भाग गया। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर जांच कर रही है।

रंजिश के चलते ग्रामीण से मारपीट, रिपोर्ट दर्ज

बीसलपुर, अमृत विचार : कोतवाली में दी गई तहरीर में ग्राम जोगीठेर के रहने वाले सोमपाल ने बताया कि गांव के शुभम, जतिन और शनि उनके परिवार से पुरानी रंजिश मानते हैं। इसी को लेकर सोमवार को घर में घुसकर गाली गलौज की। विरोध करने पर हमला करके पिटाई कर दी। पुलिस ने नामजद रिपोर्ट दर्ज की है।

छुट्टा पशु से टकराई कार

गजरौला। असम हाईवे पर मुड़ैलां पुलिया के पास मंगलवार को पीलीभीत से पूरनपुर की तरफ जा रही कार छुट्टा पशु से टकरा गई। कार क्षतिग्रस्त हो गई। हालांकि उसमें सवार लोगों को चोट नहीं आई। बताते हैं कि एयरबैग समय से खुलने पर चालक वीर सिंह बच गए। हादसे के चलते मौके पर भीड़ लगी रही।

प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
फैकल्टी ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
- बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (बी.एम.एल.एस.) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन फिजियोथिरेपी (बी.पी.टी.) (4 वर्षीय)
- बैचलर ऑफ आप्टोमेट्री (बी. आप्टम) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन मेडिकल रेडियोलॉजिक इमेजिंग टेक्नॉलॉजी (बी.एम.आर.आई.) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन ऑपरेशन थियेटर टेक्नोलॉजी (बी.ओ.टी.टी) (अगामी पाठ्यक्रम) (3 वर्षीय)
- एम.एस.सी. क्लीनिकल एंब्रियोलॉजी (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
- मास्टर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (एम.एम.एल.एस. (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
- मास्टर ऑफ फिजियोथिरेपी (एम.पी.टी.) (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
फैकल्टी ऑफ फॉरेंसिक साइंसेज
- बी.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (3 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)
- एम.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (2 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
- डिप्लोमा इन एक्स-रे टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन लैब टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन रेडियोथिरेपी टेक्नीशियन (आगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
रोहिलखंड कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
- डिप्लोमा इन डायलेसिस टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन एम.आर.आई. टेक्नीक्स (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन इमरजेन्सी एण्ड ट्रामा केयर टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- सर्टिफिकेट इन सेनीटेशन (1 वर्षीय)
For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202), E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) डॉ. प्रशांत गुप्ता (8445508214)

प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ ह्यूमनटीज एण्ड जर्नलिज्म
- बी.ए. (जर्नलिज्म)
- एम.ए. (मास कम्युनिकेशन)
- बी.ए. (मास कम्युनिकेशन)
- एम.ए. (अंग्रेजी)
- एम.ए. (जर्नलिज्म)
- एम.ए. (मनोविज्ञान)
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट
- बी.कॉम. (ऑनर्स)
- एम.कॉम.
- बी.बी.ए. (फाइनेन्स एण्ड टेक्सेशन)
- एम.बी.ए.
- बी.सी.ए. (आई.टी. एंड मल्टीमीडिया)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) श्री अतुल बाबू (7409998289)

पूर्व शासकीय अधिवक्ता गुरुशरण वर्मा का निधन

पीलीभीत, अमृत विचारः छह दशक से भी अधिक समय से जिला मुख्यालय पर वकालत कर रहे, पूर्व जिला शासकीय अधिवक्ता, जिला संयुक्त बार एसोसिएशन के सबसे वरिष्ठ अधिवक्ता गुरुशरण वर्मा का बीमारी के कारण मंगलवार शाम को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार बुधवार को मुक्तिधाम पर होगा।

गुरुशरण वर्मा।

जिला संयुक्त बार एसोसिएशन के अध्यक्ष धीरेंद्र मिश्र एडवोकेट और महासचिव आनंद मिश्रा एडवोकेट के अनुसार गुरुवार सुबह अधिवक्ताओं की शोकसभा होगी। शोक प्रस्ताव के उपरांत अधिवक्ता न्यायिक कार्य से विरत रहेंगे।

वरिष्ठ अधिवक्ता के निधन पर राज्य मंत्री संजय सिंह गंगवार, नगर पालिका अध्यक्ष डॉ.आस्था अग्रवाल आदि ने शोक व्यक्त किया।

एक नजर

रुद्र यज्ञ व कन्याभोज के साथ कथा का पारायण

पीलीभीत। श्रीदेवी सम्पद संकीर्तन मंडल की ओर से आयोजित नौ दिवसीय भावगत का रुद्र यज्ञ, कन्या भोज और भंडारे के साथ समापन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में भक्त शामिल हुए और प्रसाद ग्रहण किया। शहर के मां यशवंतरी देवी मंदिर में दैवी सम्पद संकीर्तन मंडल की ओर से नौ दिवसीय भागवत का छह जुलाई को आयोजित की गई थी। पहले दिन धूमधाम से कलश यात्रा निकाली गई। प्रतिदिन कार्यक्रम स्थल पर भक्त पहुंच रहे थे। सोमवार को अंतिम दिन कथा व्यास राजेंद्र जी महाराज रुद्र यज्ञ संपन्न कराया। कन्याभोज के बाद भंडारा किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में भक्त शामिल हुए। कन्याओं को कथा व्यास की ओर से उपहार स्वरूप चांदी की पायल, स्कूल बैग, टिफिन, बोतल, छात्रा और वस्त्र भी वितरित किए गए। इस मौके पर मुख्य यजमान शासकीय अधिवक्ता मनोज मिश्र, शुभम, उत्कर्ष, लखविंदर सिंह, अंकित, विनीता, कमलेश, रूबी, रजनी, शिखा, डॉ.राजेश वाष्णेय आदि मौजूद रहे।

कथा सुनाते कथा व्यास राजेंद्र जी महाराज।

पांच जोन, 17 सेक्टरों में बांटा जिला, ढाई हजार पुलिस कर्मी संभालेंगे कमान

पुलिस-प्रशासन ने किए सख्त सुरक्षा इंतजाम, मिश्रित आबादी वाले क्षेत्र पर रहेगी विशेष नजर, पिछले विवादों पर किया मंथन, अफसर रखेंगे जुलूसों पर नजर

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

अमृत विचार: मुहर्रम को लेकर प्रशासन अलर्ट मोड पर है। मोहर्रम के मौके पर जनपद में 17 जुलाई को ताजिया जुलूस सकुशल संपन्न कराने के लिए पुलिस ने खाका तैयार कर लिया गया है। जनपद में 505 ताजिया अलग-अलग स्थानों पर रखें जाएंगे। जिनमें से 395 ताजिया दफन किए जाएंगे। इनमें 49करबला में दफन होंगे। सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद रखने के लिए जिले को पांच जोन और 17 सेक्टर में विभाजित किया गया है। जुलूस के मद्देनजर रखते हुए भारी पुलिस बल तैनात रहेगा। निर्धारित रूट से ही ताजिये का जुलूस निकलवाया जाएगा। एएसपी, सीओ, एसडीएम के अलावा करीब ढाई हजार से अधिक पुलिसकर्मियों की तैनाती रहेगी। ड्यूटी चार्ट तैयार कर लिया गया है। अफसर खुद हालात पर नजर बनाए हुए हैं।

ताजिया के जुलूस को लेकर जनपद में पांच जोन, 17 सेक्टर और 44 सब सेक्टर बनाए गए है। शहर में करीब 113 ताजिया निकाले जाएंगे। इनका रूट शहर में बेलों चौराहे पर ताजिया एकत्र होने के बाद कमल्ले चौराहा होते हुए सुनहरी मस्जिद, ड्रमंडगंज चौराहा, बरेली दरवाजा, जाटों चौराहा से एकता सरोवर तिराहा से रोडवेज होते हुए ईदगाह रेलवे क्रॉसिंग से करबला तक का रहेगा। लाल रोड से निकलने वाला जुलूस सुनहरी मस्जिद से ड्रमंडगंज चौराहे की ओर मोड़ जाएगा। सभी रूट पर पुलिस की सख्त सुरक्षा व्यवस्था रहेगी। जुलूस 17 जुलाई को दोपहर दो बजे से शुरू होकर सूर्यअस्त तक चलेगा। इस जुलूस में पुलिस और एलआईयू की रिपोर्ट के अनुसार जिले में करीब 80 हजार से अधिक ताजियेदार मौजूद रहेंगे। इसको देखते हुए जनपद में एएसपी के अलावा चार सीओ, 40 इंस्पेक्टर, 237 पुरूष दरोगा, 18 महिला दरोगा, 368 हेड कांस्टेबल, महिला हेड कांस्टेबल 18, कांस्टेबल 867, महिला कांस्टेबल 241 तैनात रहेंगे। इनके अलावा 14 इंस्पेक्टर, 40 उपनिरीक्षक, 174 हेड कांस्टेबल/कांस्टेबल, 41 महिला कांस्टेबल के साथ दो प्लाटून व 1.5 सेक्शन पीएसी भी लगाई गई है। इसके अलावा जुलूस के दौरान अफसर भ्रमणशील रहकर नजर रखेंगे। खासकर संवेदनशील इलाकों में पुलिस की नजर रहेगी। इसको लेकर पूर्व में संभ्रांत नागरिकों संग बैठक कर लगातार सहयोग की अपील की जा रही है। वहीं, सोशल मीडिया पर भी निगरानी बढ़ाने के निर्देश दे दिए गए हैं। अफसरों का साफ कहना है कि अगर कोई खुराफात कर माहौल खराब करने की कोशिश करता है तो सख्ती से निपटा जाएगा।

शहर में गश्त करती पुलिस। ● अमृत विचार

41 पुलिस कर्मी संभालेंगे यातायात की कमान

मोहर्रम के जुलूस को लेकर सुरक्षा के साथ यातायात व्यवस्था को दुरुस्त रखने के लिए पुलिस प्रशासन की ओर से 41 यातायात पुलिस कर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है। इनमें यातायात पुलिस के तीन एसआई, 21 हेड कांस्टेबल और 17 कांस्टेबल की ड्यूटी लगाई गई है, जो जुलूस के दौरान यातायात व्यवस्था संभालेंगे। जुलूस के दौरान टाइगर तिराहा से क्रासिंग की ओर से आने वाले वाहनों का प्रवेश बंद रहेगा। इसके अलावा एकता सरोवर, नौगवां चौराहा से बड़े वाहनों के लिए रूट डायवर्जन रहेगा। शहर के भीतर जुलूस के दौरान रूट पर वाहनों को रोका जाएगा।

जिले में ताजियों के 192 जुलूस निकाले जाएंगे

जनपद में 192 ताजिया जुलूस निकाले जाएंगे। जुलूस में 505 ताजियों में 395 ताजिया दफन होंगे। शाम को जनपद के 50 करबला में 395 ताजिया दफन होंगे। ताजियों की ऊंचाई को देखते हुए प्रशासन ने लेकर जुलूस के रूटों पर पेड़ों की छंटाई करने के साथ ही विद्युत तारों को भी दुरुस्त कराया है। ताकि ताजियों के जुलूस में किसी तरह की दिक्कत न आए। निर्धारित रूट से ही जुलूस निकाले की अपील की गई है।

जनपद में 99 स्थल संवेदनशील

पिछले जुलूसों को देखते हुए 99 संवेदनशील स्थान चिह्नित किए गए है। इन स्थानों पर मिश्रित आबादी होने के कारण विवाद की स्थिति उत्पन्न होने की संभावना बनी रहती है। यहां पुलिस फोर्स को तैनात करने के साथ ही अफसर भी मौजूद रहेगी। हालांकि पिछली बार यह संख्या 91 थी। मगर इस साल संवेदनशील इलाकों की संख्या बढ़ गई है। पिछले विवादों को देखते हुए पुलिस ने पहले से ही स्थानों को चिह्नित कर लिया है। इन इलाकों में विवाद की स्थित होने पर पुलिस फोर्स सख्ती के साथ कार्रवाई करेगी। भीड़ वाले एरिया में अराजक तत्वों पर ड्रोन के माध्यम से लगातार निगरानी की जाएगी।

> मोहर्रम के जुलूस को लेकर सुरक्षा व्यवस्था को चाक चौबंद किया गया है। प्रत्येक थाना क्षेत्र में निकलने वाले जुलूस में भारी पुलिस बल लगाया गया है। संवेदनशील और मिश्रित आबादी वाले इलाकों में विशेष नजर रहेगी। जुलूस के दौरान रूट डायवर्जन रहेगा। अगर किसी ने खुराफात करने की कोशिश की, तो सख्त कार्रवाई की जाएगी। – **विक्रम दाहिया**, एएसपी

थाना क्षेत्रवार ताजियों की संख्या

- सदर कोतवाली– 83
- सुनगढ़ी– 30
- गजरौला– 02
- जहानाबाद– 106
- अमरिया– 24
- न्यूरिया – 13
- बीसलपुर – 38
- बिलसंडा – 09
- बरखेड़ा – 39
- दियोरिया– 53
- पूरनपुर– 30
- माधोटांडा– 32
- सेहरामऊ– 16
- हजारा– 12
- घुंघचाई– 05
- करेली – 13

एआरबी लगवाने को चक्कर लगा रहा पिता

संवाददाता, पूरनपुर

अमृत विचार: नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में अव्यवस्थाएं हावी हो गई हैं। मरीजों को दवा लेने के लिए भटकना पड़ रहा है। सबसे ज्यादा परेशानी एंटी रेबीज की वैक्सीन लगवाने वाले मरीजों को उठानी पड़ती है।

सीएचसी में प्रभारी चिकित्साधिकारी के बदलते ही स्वास्थ्य सुविधाएं धराशाई हो गई हैं। अभी तक मरीजों को अस्पताल में उपचार से लेकर अन्य सुविधाओं में परेशानी नहीं उठानी पड़ती थी लेकिन निजाम बदलते ही अव्यवस्थाएं हावी हो गई हैं।

मंगलवार को गांव सबलपुर खास के सुरेश की छह वर्षीय पुत्री उपासना घर के बहार खेल रही थी। आवारा कुत्ते ने बच्ची पर हमला कर दिया जिससे बच्ची घायल हो गई। चीख पुकार सुनकर पहुंचे परिजनों ने ब मुश्किल उसे बचाया। घायल बच्ची उपासना को उसके पिता सुरेश उपचार के लिए पूरनपुर सीएचसी ले गए।

उन्होंने बताया कि अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में प्राथमिक उपचार के बाद बालिका को एंटी रेबीज वैक्सीन लगवाने को कहा गया। व्हीलचेयर न होने पर ग्रामीण अपनी पुत्री को हाथों में लेकर एआरवी कक्ष में पहुंचा। कमरा नंबर आठ में डॉक्टर से एआरवी वैक्सीन लिखवाकर लाने के लिए भेज दिया गया। डॉक्टर से लिखवाने के बाद सुरेश फिर एआरवी कक्ष में पहुंचे। वहां मौजूद स्टाफ ने अस्पताल के बाहर से मेडिकल से सिरिंज लाने के लिए भेज दिया। सुरेश घायल बेटी को गोद में उठाकर काफी देर तक भटकते रहे। अस्पताल पहुंचने वाले सभी मरीजों से एआरवी लगवाने के लिए सिरिंज बाहर से ही मंगाई जाती है। इस मामले की सीएमओ से शिकायत भी को गई है।

बच्ची को गोद में लेकर जाता पिता।

- **पूरनपुर सीएचसी में कुत्ता काटे का इंजेक्शन लगवाने को करनी पड़ती है कड़ी मशक्कत**

> मामले की जांच कराई जा रही है। दोषी के खिलाफ कार्रवाई होगी। जिले में पर्याप्त वैक्सीन और सिरिंज है। उन्हें ले जाने में आलस किया जा रहा है।
> – **डा. आलोक कुमार शर्मा**, सीएमओ

शिक्षकों ने फैसले का किया स्वागत, कमेटी की रिपोर्ट का इंतजार

संवाददाता, पीलीभीत/ बीसलपुर

- **बोले - विरोध का दिखा असर, दो माह के लिए ऑनलाइन हाजिरी आदेश स्थगित**
- **प्रदेश स्तर पर मुख्य सचिव से वार्ता के बाद कमेटी का गठन**

अमृत विचार: परिषदीय विद्यालयों में ऑनलाइन हाजिरी की व्यवस्था लागू होने के बाद शिक्षक लगातार इसका विरोध कर रहे थे। इसको लेकर शिक्षक संगठन के प्रदेश स्तरीय नेताओं ने मंगलवार को मुख्य सचिव के समक्ष अपनी मांगों को रखते हुए इस व्यवस्था का विरोध जताया। इस पर मुख्य सचिव की ओर से इस व्यवस्था को दो माह के लिए स्थगित कर दिया गया है। इस मामले में शासन की ओर से उच्च स्तरीय कमेटी का गठन किया गया है। इस फैसले का जिले के शिक्षकों ने भी स्वागत किया है। शिक्षकों ने कहा कि जब तक शिक्षकों की मांग पूरी नहीं होगी। वह इसका विरोध करते रहेंगे।

जिले में मंगलवार को भी ऑनलाइन हाजिरी का विरोध जारी रहा। अफसर स्कूलों में जाकर शिक्षकों का समझाने का प्रयास करते रहे। मगर शिक्षक उनकी मांगों को मनाने के लिए तैयार नहीं हुए। इतना ही नहीं कई स्कूलों में शिक्षकों ने काली पट्टी बांधकर इसका विरोध भी जताया। पूरनपुर, बीसलपुर, बरखेड़ा, अमरिया समेत कई ब्लॉकों में भी संकुल प्रभारियों ने सामूहिक रुप से अपने पद से इस्तीफा भी दिया। इस आदेश के विरुद्ध उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ, उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ, उत्तर प्रदेश महिला शिक्षक संघ, राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ, यूटा समेत अन्य संगठन एक मंच पर आए थे।

इसी क्रम में संयुक्त मोर्चे के बैनर तले जगह-जगह विरोध प्रदर्शन किया जा रहा था। फिलहाल आदेश स्थगित होने के बाद शिक्षकों ने स्वागत करते हुए राहत महसूस की है। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के महामंत्री उमेश गंगवार ने बताया कि मंगलवार को लखनऊ में प्रदेश स्तरीय पदाधिकारियों की वार्ता के बाद इस फैसले को दो माह के लिए स्थगित कर दिया गया है। शिक्षकों ने इस फैसले का स्वागत किया है। सभी स्कूलों में जाकर शिक्षण कार्य जारी रखेंगे।

बीसलपुर में खंड शिक्षाधिकारी को सामूहिक इस्तीफा सौंपते संकुल प्रभारी।

बीसलपुर में 55 और पूरनपुर में 94 संकुल प्रभारियों ने दिया इस्तीफा

डिजिटल हाजिरी का विरोध थमने का नाम नहीं ले रहा है। मंगलवार के जिले के दो और ब्लॉकों के संकुल शिक्षकों ने सामूहिक रूप से त्यागपत्र दे दिया। शिक्षकों का कहना है कि जब तक उनकी सभी मांगें नहीं मानी जाती तब तक आंदोलन जारी रहेगा। जनपद के बरखेड़ा और अमरिया में समस्त संकुल शिक्षक पहले ही इस्तीफा दे चुके थे। मंगलवार को शेष ब्लॉक बीसलपुर और पूरनपुर में भी शिक्षकों ने संकुल पद से इस्तीफा दे दिया। संकुल शिक्षकों ने संकुल शिक्षक पद से अपना इस्तीफा खंड शिक्षा अधिकारियों को सौंपा। बता दें कि बीसलपुर में चार साल पहले नगर क्षेत्र में पांच और ग्रामीण क्षेत्र में 50 संकुल प्रभारी शिक्षक नियुक्त किए गए थे। मगर ऑनलाइन हाजिरी का मामला सामने आने के बाद विरोध जताते हुए सभी एक साथ सामूहिक रूप से इस्तीफा दे दिया। इतना ही नहीं सभी ने बीआरसी पर एकत्र होकर प्रदर्शन भी किया। प्रदर्शन का का नेतृत्व राष्ट्रीय शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष मुकेश अवस्थी, महामंत्री मुईन अहमद, जितेंद्र सिंह, प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष रामऔतार गंगवार, प्रवीण कुमार, अशोक कुमार, आलोक सैनी संदीप सुमन मौजूद रहे। इधर, पूरनपुर ब्लॉक में भी 94 संकुल प्रभारी बीआरसी पर पहुंचे। जहां एक जुट होकर सामूहिक रूप से इस्तीफा खंड शिक्षा अधिकारी को सौंपा।

मेडिकल कॉलेज में डॉक्टर व तीमारदारों में मारपीट

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

अमृत विचार: मेडिकल कॉलेज मंगलवार देर शाम अखाड़ा बन गया। मरीज के तीमारदारों और चिकित्सक के बीच जमकर मारपीट हुई। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर आरोप लगाए। सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने दोनों पक्षों को समझाकर शांत किया। मारपीट के दौरान अस्पताल परिसर में अफरा-तफरी मची रही।

थाना न्यूरिया क्षेत्र के ग्राम मोहनपुर निवासी विवेक पुत्र भगवान दास सड़क दुर्घटना में घायल हो गए थे। उन्हें मेडिकल कॉलेज के जनरल वार्ड में भर्ती कराया गया था। इस दौरान इमरजेंसी ड्यूटी पर कार्यरत चिकित्सक दीप्ति राउंड पर पहुंची। उनका आरोप है कि मरीज के परिजनों ने उनके साथ अभद्रता की। इसकी जानकारी उन्होंने अपने साथी डॉ. सतीश को दी। इस पर डॉ. सतीश मौके पर पहुंचे तो मरीज के परिजनों ने उनके साथ गाली-गलौज और मारपीट की। इधर, विवेक के परिजनों का कहना है कि डॉक्टर जब राउंड पर आईं तो उन्होंने दवाई मांगी, लेकिन डॉक्टर ने दवा देने के बजाय उनके साथ अभद्रता की। इसके बाद अपने साथी चिकित्सक को बुलाकर मारपीट कर दी। घटनाक्रम के बाद अफरा तफरी मच गई। इसकी सूचना मिली तो सदर कोतवाली पुलिस मौके पर जा पहुंची। पुलिस के सामने भी दोनों पक्षों में जमकर कहासुनी हुई। किसी तरह पुलिस ने दोनों पक्षों को अलग करके मामले को शांत कराया। पुलिस मेडिकल कॉलेज में लगे सीसीटीवी कैमरे के फुटेज चेक कर रही है। डॉक्टर के साथ हुई मारपीट की घटना पर अस्पताल कर्मियों में आक्रोश है। उन्होंने मारपीट करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है।प्रभारी निरीक्षक कोतवाली नरेश त्यागी ने बताया कि अभी किसी पक्षी ओर से कोई तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलने पर रिपोर्ट दर्ज कर ली जाएगी।

मेडिकल कॉलेज में मारपीट के बाद इमरजेंसी के बाहर लगी भीड़।

- **दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर लगाए कई तरह के आरोप, पुलिस मामले की जांच में जुटी**

एक पेड़ मां के नाम पर हुई पोस्टर प्रतियोगिता

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

अमृत विचार: स्प्रिंगडेल कॉलेज ऑफ मैनेजमेन्ट स्टडीज में मंगलवार को एक पेड़ मां के नाम शीर्षक से पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित की गई। कार्यकारी निदेशक डॉ. हेमन्त जगोता ने कहा कि पर्यावरण को संतुलित और मानव जीवन को सुखी, समृद्ध बनाने के लिए वृक्ष लगासना आवश्यक है। सभी विद्यार्थी इस कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना योगदान दें।

कहा कि प्रत्येक विद्यार्थी एक पौधा अवश्य लगाए और उसकी देखरेख की जिम्मेदारी निभाए। प्राचार्य डॉ. इलयास अहमद ने विद्यार्थियों को बताया कि जीवनदायिनी आक्सीजन हमें वृक्षों से ही प्राप्त होती है। वृक्ष हमारे जीवन को प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से लाभ पहुंचातें हैं। ये हमारे जीवन के प्रत्येक क्षेत्र को किसी न किसी रूप में लाभान्वित करते हैं। प्रवक्ता आलोक उपाध्याय ने कहा कि जिस प्रकार हम मां से लगाव रखते हैं उसी प्रकार लगाव की आवश्यकता वृक्षों के साथ होनी चाहिए। प्रतियोगिता में डीएलएड प्रथम सेमेस्टर की नीतू वर्मा प्रथम, डीएलएड प्रथम सेमेस्टर की अंजलि द्वितीय और बीएड द्वितीय वर्ष की अंजलि सिंह ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस मौके पर माधुरी, शुभम वर्षा, शिखा, अंजलि, हर्षित, नीतू सुयश, नैन्सी, पंकज आदि शामिल हुए।

प्रतियोगिता में शामिल छात्र-छात्राएं। ● अमृत विचार

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी हाईस्कूल वर्ष 1995 अनुक्रमांक 1569766 मार्कशीट क्रमांक 149 व सर्टिफिकेट नं. 005766 वास्तव में कहीं खो गये है जो काफी तलाश करने के बाद भी नहीं मिले है। **सुख देवी पुत्री भगवान दास निवासी ग्राम जवेदा-जवेडी ग्राम क्लोलड़िया तहसील नवाबगंज जिला बरेली।**

सूचना

मैं शाहजहा खातून पुत्री मोहम्मद इसराईल जाती मुस्लिम मेरी शादी हिन्दू परिवार गोपाल पुत्र रामवतार निवासी मोहम्मदपुर पोस्ट देवहाना बीसलपुर पीलीभीत मैं हुई है शादी के बाद मेरे सारे दस्तावेजों मे मेरा नाम प्रिया हो गया है भविष्य मे मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जाए **प्रिया पत्नी गोपाल निवासी मोहम्मदपुर पोस्ट देवहाना बीसलपुर पीलीभीत।**

गौतम बुद्ध महाविद्यालय
फिरोजपुर बल्लिया, बरेली। (243402)
आवश्यकता है प्राचार्य पद की
योग्यता पीएचडी शिक्षण में 10 वर्ष का अनुभव
नोट: विज्ञापन प्रकाशन के 21 दिनों के अन्दर सभी प्रमाण पत्रों की हार्डकॉपी के साथ आवेदन करें।
प्रबंधक-9634543118, 8937841211
gautambuddhmahavidyalaya@gmail.com

सूचना

मैने अपना नाम अनिल कुमार शर्मा से बदलकर अनिल चतुर्वेदी कर लिया है, भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जाए। **अनिल चतुर्वेदी पुत्र श्याम बिहारी निवासी गली न. 5, स्लीपर रोड, सीबीगंज, बरेली।**

वैधानिक सूचना :- समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

घपलेबाजी गोशालाओं को लेकर ब्लॉक और जिला स्तर के जिम्मेदारों पर नहीं कोई कार्रवाई, केवल सचिव का गाज गिराकर निपटा दिया मामला

सचिव के निलंबन तक सिमटी कार्रवाई ..तो क्या अधिकारियों की नहीं कोई जिम्मेदारी

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- **जिले में 50 से अधिक गोशालाएं संचालित पांच हजार से अधिक पशु आश्रित**

अमृत विचार: जनपद में बाढ़ के बाद पंचायत सचिवों से गोशालाओं में कराए गए सत्यापन से फजीहत हो गई। इसके बाद एक सचिव को निलंबित कर नए सिरे से एसडीएम को जिम्मेदारी देकर दोबारा गोशालाओं के हालात देखे गए। मगर, गोशालाओं में बदइंतजामी उजागर होने के बाद भी प्रशासन सख्त नहीं हो सका है। कार्रवाई सचिव के निलंबन तक सीमित रह गई है। ब्लॉक और जनपद स्तरीय जिम्मेदारों पर अभी भी शिकंजा नहीं कसा जा सका है। सवाल ये है कि क्या गोशालाओं की बदहाली के लिए सिर्फ पंचायत सचिव ही जिम्मेदार है। मॉनिटरिंग करने वालों की कोई जिम्मेदारी नहीं?

जनपद में 50 से अधिक गोशालाएं संचालित है। इनमें पांच हजार से अधिक पशु आश्रित है। सड़कों पर भी बड़ी संख्या में छुट्टा पशु घूम रहे हैं। जिनको आश्रित करने के लिए नगर पंचायत, ग्राम पंचायत स्तर पर नई गोशालाएं बनवाई जा रही है। शासन भी इसे लेकर खासा संजीदा है। भारी भरकम बजट गोशाला निर्माण के लिए खर्च किया जा रहा है। मगर, इससे इतर आए दिन गोशालाओं में जिम्मेदारी की अनदेखी के चलते बदहाली बयां करती तस्वीरें उजागर हो रही हैं।

पशुओं के लिए हरे चारे की दिक्कत होने की बात अधिकांश गोशालाओं से सामने आती रही है। वहीं, मृत पशुओं को दफनाने में भी जिम्मेदारी नहीं निभाई जा रही है। तीन दिन पहले डीएम के निर्देश पर डीपीआरओ ने पंचायत सचिवों को लेकर गोशालाओं की स्थिति चेक कराने का दावा कर ओके रिपोर्ट अधिकारियों को भेज दी गई थी। मगर दूसरे ही दिन हिंदू महासभा के कार्यकर्ताओं ने देवीपुरा, खाईखेड़ा, वसंतापुर और पुरवा भूड़ा की गोशाला में पहुंचकर हालात देखे तो बद से बदतर मिले। इसके वीडियो वायरल हुए, जिससे जमकर फजीहत हुई। डीएम संजय कुमार सिंह ने संज्ञान लिया। बसंतापुर और पुरनवा भूड़ा की गोशाला में मृत गोवंश को दफनाने में लापरवाही बरतने पर सचिव रिजवान को निलंबित कर दिया था। एक बार फिर से समस्त गोशालाओं के सत्यापन के आदेश कर दिए गए। मगर, अभी तक ब्लॉक एवं जिला स्तरीय ऐसे अधिकारियों पर कोई एक्शन नहीं लिया गया है। जिन पर इन गोशालाओं का निरीक्षण कर कराए गए कार्यों की मॉनिटरिंग की जिम्मेदारी है। पूर्व में हुई कार्रवाई पर जाएं तो उसमें भी ग्राम प्रधान और सचिव तक कार्रवाई सीमित रहती है। केयरटेकर को भी निशाना बनाया जाता है।

निलंबन के बाद जिम्मेदार तो बहाल हो गए पर गोशालाओं की बदहाली दूर नहीं हो पाई
फर्जी ओके रिपोर्ट देने के बाद वायरल वीडियो ने कराई फजीहत तो पंचायत सचिव पर गिरी गाज
अमृत विचार में प्रकाशित खबर।

हरे चारे को लेकर चलाई गई थी मुहिम

अधिकांश गोशालाओं में सबसे बड़ी दिक्कत हरे चारे को लेकर है। नियमित रूप से गोवंशीय पशुओं को हरा चारा नहीं मिल पा रहा है। या यूं कहें कि पौष्टिक आहार अधिकांश स्थानों पर गोवंश को मुहैया ही नहीं है। जिसकी वजह से पहले से कमजोर गोवंश और बदतर हालात में पहुंच रहे हैं। पूर्व में इसे लेकर मुहिम चलाई गई। चारागाह की जमीनों को चिन्हित कर हरा चारा बोया गया लेकिन लंबे समय तक मुहिम कामयाब नहीं हुई। इसके पीछे भी जिम्मेदारों की लापरवाही मुख्य वजह रही थी।

हिंदू महासभा ने फिर सौंपा ज्ञापन, बोले- जिम्मेदार अधिकारियों पर भी हो कार्रवाई

अमृत विचार : गोशालाओं की बदइंतजामी के सुधार की मांग को लेकर पिछले कई दिन से मुहिम चलाकर आंदोलन करने कर रहे अखिल भारत हिंदू महासभा के कार्यकर्ताओं ने एक बार फिर जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। इसमें गोशालाओं में मृत पशुओं को दफनाने में बरती गई लापरवाही पर संबंधित ब्लॉक क्षेत्र के बीडीओ को हटाने समेत अन्य दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है। पूर्व में धरना प्रदर्शन के दौरान रखी गई मांगों पर कार्रवाई न होने पर भी नाराजगी जताई और आंदोलन की चेतावनी दी गई है। मंगलवार सुबह हिंदू महासभा के कार्यकर्ता कलेक्ट्रेट पहुंचे और डीएम कार्यालय में ज्ञापन सौंपा। जिसमें बताया कि 14 जुलाई को महासभा कार्यकर्ताओं को गोशालाओं में अव्यवस्था से जुड़ी शिकायतें प्राप्त हुई थी। देवीपुरा गोशाला में कीचड़ अधिक थी। खाईखेड़ा गोशाला में पूरे मैदान में पानी भरा हुआ था। यहां गोवंश के लिए चारे की मशीन तक नहीं थी। सचिव चार से पांच बार चारा मशीन लगाने के लिए कहा लेकिन वह टालमटोल करता रहा। बसंतापुर गोशाला में गोवंश को चारा समय से नहीं मिल पा रहा ळथा। दो मृत गोवंश को दफनाया भी नहीं गया था। पुरवा भूड़ा गोशाला के तो हालात और भी बदतर थे। ऐसे में सचिव के निलंबन की सराहना की लेकिन बीडीओ और अन्य जिम्मेदारों पर कार्रवाई न होने पर नाराजगी जताई। ये भी बताया कि संगठन ने 30 जून को धरना प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा था, उसकी मांगे भी पूरी नहीं हो सकी है। गोशालाओं को व्यवस्थित कराने की मांग की गई। ज्ञापन देने वालों में युवा विंग के जिलाध्यक्ष गौरव शर्मा, जिला महामंत्री आयुष सक्सेना, सुनील कश्यप, प्रमोद कश्यप, संजीव मिश्रा, सनी, प्रमोद, दीपक राजपूत, दीपक वर्मा, नरेंद्र गंगवार, मुकेश कुमार, कविता वंशपाल, राखी, लवी, नर सिंह आदि थे।

सत्यं रुपं श्रुतं विद्या कौल्यं शीलं बलं धनम्।
शौर्यं य च चित्रभाष्यं च दशेमे स्वर्गयोनय : ॥

सच्चाई, खूबसूरती, शास्त्रज्ञान, उत्तम कुल, शील, पराक्रम। धन, शौर्य, विनय और वाक् पटुता -ये दस गुण स्वर्ग पाने के अर्थात समस्त ऐश्वर्य पाने के साधन हैं।

संपादकीय

आतंकवाद विरोधी अभियान

जम्मू-कश्मीर में आतंकवादी गतिविधियां लगातार तेज हो रही हैं। डोडा में सोमवार को आतंकवादियों के साथ मुठभेड़ में कैप्टन समेत सेना के कई जवान शहीद हो गए। पिछले तीन हफ्तों में डोडा जिले के जंगलों में सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच यह तीसरी बड़ी मुठभेड़ थी। एक सप्ताह पहले कठुआ जिले के माचेडी जंगल में आतंकवादियों ने सेना के एक गश्ती दल पर घात लगाकर हमला किया था, जिसमें पांच सैनिक शहीद हो गए थे। डोडा में जो हुआ वह बेहद निंदनीय है। इस हमले में हमने बहादुर सैनिकों और अधिकारियों को खो दिया है। हमले की जिम्मेदारी कश्मीर टाइगर्स संगठन ने ली है। इसी संगठन ने कठुआ आतंकी हमले की जिम्मेदारी ली थी। अनुच्छेद 370 हटने के बाद कश्मीर टाइगर्स का गठन हुआ था। यह संगठन पाकिस्तान के आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद द्वारा समर्थित बताया जाता है। इस संगठन ने सबसे पहले जून 2021 में सेना के वाहन पर ग्रेनेड हमले की जिम्मेदारी ली थी। उस दौरान इसके साथ लश्कर-ए-तैयबा की शाखा द रेजिस्टेंस फ्रंट, पीपुल्स अगेंस्ट फासिस्ट फोर्सेस और लश्कर-ए-मुस्तफा का भी नाम सामने आया था। अगस्त 2019 में जम्मू और कश्मीर का विशेष दर्जा रद होने के बाद से, भारतीय सेना ने क्षेत्र में आतंकवाद विरोधी अभियानों को तेज कर दिया।

भारतीय सेना विदेशी आतंकियों को खत्म करने के लिए जम्मू-कश्मीर पुलिस के साथ मिलकर संयुक्त अभियान चला रही है। कठुआ क्षेत्र में भी इसी तरह के ऑपरेशन लगातार किए जा रहे हैं। खास बात है कि आतंकियों और सुरक्षा बलों के बीच जिस डोडा जिले में मुठभेड़ हुई वह कश्मीर नहीं जम्मू रीजन का हिस्सा है। अधिकारियों का कहना है कि अब आतंकी जम्मू में अपनी गतिविधियों को बढ़ाना चाहते हैं। आतंकवादी समूह विद्रोह जारी रखने के नए रास्ते खोज रहे हैं। गुरिल्ला युद्ध की नीति अपना रहे हैं। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि सुरक्षा बल इस क्षेत्र से आतंकवाद के संकट को खत्म करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। कुल मिलाकर जम्मू-कश्मीर में लगातार हो रहे आतंकी हमले राज्य में बिगड़े हालात को दर्शा रहे हैं। खराब ढंग से चलाए गए सुरक्षा अभियानों ने भी स्थानीय आबादी और सरकार के बीच भरोसे को नुकसान पहुंचाया है। इस बीच जम्मू-कश्मीर के पुलिस महानिदेशक आरआर स्वैन ने बड़ा आरोप लगाया है। डीजीपी स्वैन ने कहा कि राज्य की क्षेत्रीय पार्टियों ने वोट की राजनीति के लिए आतंकवाद को बढ़ावा दिया है। उन्होंने आतंकी संगठनों के फंडिंग पर भी सवाल उठाए। ऐसे में आतंकवाद को बढ़ावा देने वाली ताकतों से प्रमुखता से निपटना समय की जरूरत है।

यंत्रों पर निर्भरता मानव के लिए कितनी उचित

डॉ .राजीव अग्रवाल
चिकित्सक, शाहजहांपुर

यह शंका उठ सकती है कि कभी ये यंत्रमानव, मनुष्य द्वारा अथवा स्वयं, अपने अंदर भावनाएं विकसित न कर लें और मानव से विद्रोह करके उस पर अधिकार न कर लें, लेकिन ऐसा होने की संभावना बहुत कम है। मनुष्य इन बातों को ध्यान में रखकर ही इनका विकास करेगा।

केरल के एक स्कूल में शिक्षक के रूप में एक यांत्रिक मानव (रोबोट-उच्चारण-रोबो) का उपयोग प्रारंभ कर दिया गया है। यह कृत्रिम बुद्धि से युक्त है। इसे एक स्त्री का रूप दिया गया है। इस रोबोट शिक्षक या शिक्षिका को मेकरलैब्स कंपनी ने बनाया है और इसे आइरिस का नाम दिया गया है।

यह सुन सकती है,देख सकती है,सोच सकती है, समझ सकती है, बोल सकती है,याद रख सकती है और सीख सकती है। यह चल सकती है,हाथ मिला सकती है,छात्रों और अन्य लोगों से संवाद स्थापित कर सकती है,मंच से भाषण दे सकती है, पढ़ सकती है,लिख सकती है,प्रश्नों के उत्तर दे सकती है और पढ़ा सकती है। अभी इसे शुरू की कक्षाओं से लेकर कक्षा 12 तक के छात्रों को पढ़ाने के लिए बनाया गया है। अभी इसे अंग्रेजी, हिंदी और मलयालम तीन भाषाओं की जानकारी है। आगे इसे 20 से अधिक भाषाएं सिखाए जाने की तैयारी चल रही है। यह गलत जानकारी और गलत सामग्री को रोक सकती है और अन्य कंप्यूटर्स एवं पुस्तकों के माध्यम से नया ज्ञान प्राप्त कर सकती है। यह यांत्रिक शिक्षिका मानव के समान ही साड़ी एवं अन्य वस्त्र पहनती है।

इसको बनाने वाली कंपनी ने ऐसा दावा किया है कि ये रोबोट शिक्षक और शिक्षिकाएं शिक्षा के क्षेत्र में सभी सीमाओं को तोड़ेंगे और इनसे शिक्षा के क्षेत्र में एक क्रांति आएगी। अभी इस शिक्षिका को एक हायर सेकेंडरी स्कूल में लांच किया गया है। आगे इसका और विस्तार किया जाएगा और यह यंत्र-मानव कॉलेजों और विश्वविद्यालयों में भी जाएगा। यह पढ़ाई के अतिरिक्त एक्स्ट्रा करिकुलर एक्टिविटीज को भी बढ़ावा देगा। यह यांत्रिक मानव रोबोटिक्स, कंप्यूटर विज्ञान और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का एक कॉम्बीनेशन है। इसमें इंटेल के प्रॉसेसर्स लगे हुए हैं। यह यंत्र-मानव नीति आयोग की 2021 की स्कूलों में शिक्षा के प्रसार की नीति के अंतर्गत 'अटल टिंकरिंग लैब्स परियोजना' की पहल के रूप में है। कृत्रिम बुद्धि युक्त इन रोबोट्स के रूप में विज्ञान कथाएं सच हो रही हैं। मानव की कल्पना साकार रूप ले रही है। पहले भी पनडुब्बियों और चांद पर जाने

इसको बनाने वाली कंपनी ने ऐसा दावा किया है कि ये रोबोट शिक्षक और शिक्षिकाएं शिक्षा के क्षेत्र में सभी सीमाओं को तोड़ेंगे और इनसे शिक्षा के क्षेत्र में एक क्रांति आएगी। अभी इस शिक्षिका को एक हायर सेकेंडरी स्कूल में लांच किया गया है।

जैसी अनेक विज्ञान कथाएं सच हुई हैं। प्रसिद्ध ब्रिटिश कथाकार जूल्स वर्न की सन् 1870 के आसपास लिखी गई 'ट्वेन्टी थाउजेंड लीग्स अंडर द सी' और 'फ्रॉम द अर्थ टू द मून' जैसी कथाएं इसके उदाहरण हैं। आगे और भी विज्ञान कथाएं सत्य होंगी।

यह प्रश्न उठता है कि क्या यंत्रों को अपने जीवन में इस प्रकार उपयोग में लाना मानव के लिए उपयुक्त है? क्या इससे मानव के रोजगार के अवसर कम नहीं होते हैं? यंत्रों पर कितनी निर्भरता उचित है? हां, इनको उपयोग में लाना हमारे लिए उपयुक्त है। इनके अंदर मानव से अधिक क्षमता है,इनके एक ही मस्तिष्क में बहुत अधिक ज्ञान भरा जा सकता है और ये विविध प्रकार के विषयों और कक्षाओं को पढ़ाने और विभिन्न कार्य करने के लिए उपयुक्त और सक्षम हैं। ये भ्रष्टाचार रहित हैं, ये बहुत अधिक परिश्रम कर सकते हैं, ये थकते नहीं हैं, इन्हें छुट्टी की आवश्यकता नहीं होती है,ये अनुशासनहीन नहीं होते हैं, ये बीमार नहीं पड़ते हैं, इन्हें भोजन की आवश्यकता नहीं होती है। हां, कुछ यंत्रों के समान इनको भी देखभाल की आवश्यकता पड़ सकती है और इनको चलाने के लिए कुछ ऊर्जा खर्च होती है। इन यंत्रों से मानव के लिए रोजगार के अवसर कम नहीं होते हैं। यदि किसी एक क्षेत्र में ये अवसर कम होते हैं तो किसी अन्य क्षेत्र में अवसर बढ़ जाते हैं। यदि इनका उपयोग करने से कुछ शिक्षकों का रोजगार समाप्त होगा तो इन रोबोट्स को बनाने वाले वैज्ञानिकों और इंजीनियरों के रूप में नए रोजगारों का सृजन भी होगा। यदि ड्राइवर रहित टैक्सियां बन रही हैं तो उन टैक्सियों को बनाने की टेक्नोलॉजी विकसित करने के लिए मनुष्य चाहिए होते हैं। फिर इस प्रकार मानव का श्रम बंट जाने से मानव बेहतर कार्यों के लिए मुक्त हो सकता है। हम कल्पना करें कि यदि हमारे खेतों और कारखानों का कार्य ये रोबोट्स संभाल लें तो मानव ज्ञान-विज्ञान की उन्नति और विभिन्न स्थानों के एक्सप्लोरेशन के लिए मुक्त हो जाएगा। वह समुद्रों,पहाड़ों और अंतरिक्ष जैसे दुर्गम स्थानों की खोज के लिए इन रोबोट्स की सहायता ले सकता है। मानव ने प्रारंभ से ही यंत्रों की सहायता ली है। गुफा मानव के पत्थर के औजार उसके यांत्रिक उपकरण ही थे।

क्या आज हम यंत्रों के बिना अपने जीवन की कल्पना कर सकते हैं? सुबह से शाम तक हमारे हर कार्य के लिए हम किसी न किसी उपकरण या यंत्र की मदद पर ही निर्भर करते हैं। यह शंका उठ सकती है कि कभी ये यंत्रमानव मनुष्य द्वारा अथवा स्वयं, अपने अंदर भावनाएं विकसित न कर लें और मानव से विद्रोह करके उस पर अधिकार न कर लें, लेकिन ऐसा होने की संभावना बहुत कम है। मनुष्य इन बातों को ध्यान में रखकर ही इनका विकास करेगा। प्रसिद्ध विज्ञान कथा लेखक सर इसाक एसीमोव ने अपनी रोबोट सीरीज के उपन्यासों में रोबोटिक्स के तीन मूलभूत नियमों की कल्पना की थी। बाद में उनके उपन्यासों में अधिक बुद्धिमान रोबोट्स के बन जाने के बाद इन्हें तीन से बढ़ाकर चार नियमों में परिवर्तित कर दिया गया था। ये नियम थे...1.कोई रोबोट अपने किसी कार्य से अथवा अक्रियाशील रहकर किसी मानव को क्षति नहीं पहुंचा सकता है। 2.कोई रोबोट मनुष्य की आज्ञा का पालन करेगा, जब तक यह प्रथम नियम को नहीं तोड़ता है। 3.कोई रोबोट स्वयं की रक्षा करेगा,जब तक यह प्रथम दो नियमों को नहीं तोड़ता है। बाद में इसमें शून्य नियम (जीरोथ लॉ) भी जोड़ दिया गया था,जो प्रथम नियम के भी पहले आता था। यह था- कोई रोबोट अपने किसी कार्य अथवा निष्क्रियता से मानवता अर्थात् संपूर्ण मानव जाति को कोई क्षति नहीं पहुंचाएगा। शेष सब नियमों में इस नियम के अनुसार बदलाव हो जाएगा।

एसीमोव की कल्पना के अनुसार ये नियम रोबोट के 'पॉजिट्रॉनिक मस्तिष्क' के मूलभूत सर्किट्स में प्रिंटेड थे। इनके बिना किसी रोबोट की रचना नहीं हो सकती थी। इसलिए एसीमोव के उपन्यासों के सभी रोबोट्स मानव के लिए सुरक्षित थे। वे मानव के वास्तविक सहायक और सहयोगी थे। वास्तविक जीवन में भी इस प्रकार के नियमों का ध्यान रखा जाएगा। इन यंत्र मानवों को निरंतर बेहतर बनाने के प्रयोग हो रहे हैं। उन्हें मानवीय रूप देने का प्रयास हो रहा है। इन्हें ह्यूमैनॉइड बनाने का प्रयास हो रहा है। अभी मानवीय त्वचा को इन रोबोट्स के चेहरे पर उगाने के सफल प्रयोग चल रहे हैं। उसके अनेक लाभ हैं। उससे ये रोबोट्स मानव के समान ही दिखाई पड़ेंगे। वह मुस्कुरा भी सकेंगे और उनके चेहरे पर भाव भी आ सकेंगे।

कृत्रिम बुद्धि युक्त ये यंत्र मानव हमारे अनेक काम आएंगे। अंततः मानवों और यंत्र मानवों का एक संयुक्त समाज बनेगा,जिसमें ये यंत्र मानव,मानव के सहायक और सेवक होंगे। मनुष्य अपनी सुरक्षा को देखते हुए ही इनमें विकास करेगा। हमें इस बात से डरने की आवश्यकता भी नहीं है कि इस विकास से हमारे रोजगार कम होंगे। निश्चित रूप से इससे नए रोजगार सृजित होंगे और अंततः हमें यह देखना होता है कि क्या कार्य मानवता के व्यापक हित में है, जो कार्य मानवता के व्यापक हित में है,हमें उस दिशा में बढ़ना होता है,भले ही उससे किसी अन्य क्षेत्र में कुछ छोटी-मोटी कठिनाइयां भी हों। आवश्यकता केवल इनके विवेकपूर्ण उपयोग की है। इसके अतिरिक्त यंत्रों और सहायकों एवं स्वयं के उपयोग में हमें सदैव एक संतुलन रखना होगा। हम इस संतुलन की सीमा रेखा कहां खींचते हैं, यह हमारे विवेक पर निर्भर करता है। यदि हमारा विवेक अच्छा है तो हम एक अच्छी दुनिया बना पाएंगे अन्यथा खराब।

प्रसंगवश

किताबों का मोहल्ला

हाल में एक बार फिर कोलकाता आना हुआ। हर बार तमाम जगहें बाकी रह जाती देखने को। हर बार सोचते कि अगली बार घूमेंगे। ऐसी ही एक जगह यहां की कॉलेज स्ट्रीट है। कॉलेज स्ट्रीट में कोलकाता का विख्यात पुस्तक बाजार है। यह भारत और एशिया का सबसे बड़ा पुस्तक बाजार माना जाता है। बंगाली में इसे 'बोई पाड़ा' कहते हैं, जिसका मतलब है ' पुस्तकों का मोहल्ला/किताब टोला।' हर तरफ किताबें ही किताबें। 'पुस्तक सरणी' भी कहते हैं कॉलेज स्ट्रीट को।

अनूप शुक्ल
कानपुर

कॉलेज स्ट्रीट में सड़क के दोनों किनारे छोटी-बड़ी गुमटियों में सैकड़ों किताबों की दुकानें हैं। नई पुरानी किताबों से अटी-पटी दुकानें। कई प्रसिद्ध प्रकाशन संस्थान भी कॉलेज स्ट्रीट पर हैं। करीब 900 मीटर लंबी सड़क के दोनों तरफ किताबों की दुकानें हैं। नई पुरानी किताबें। लोग यहां किताबें खरीदने-बेचने आते हैं। बंग्ला, अंग्रेजी और हिन्दी की किताबें रखी मिलती हैं। किताबों की खरीद में मोलभाव खूब होता है। स्टीफन हाकिंग की ब्रीफ आंसर्स टु बिग क्वेशचन्स, जिसकी मूल कीमत 650 रुपये लिखी थी हम लोगों ने एक सौ रुपये में खरीदी। एक जगह हर किताब सौ रुपये की मिल रही थी। किताबों की दुकानों पर तरह-तरह की किताबें पलटते,देखते रहे। किसी ने माना नहीं किया। एक दुकान पर तमाम प्रसिद्ध लेखकों की कालजयी किताबें दुकानों पर एक के ऊपर एक लगीं थीं। हिन्दी की किताबें अधिक दिखी नहीं। अलबत्ता एक जगह लिखा जरूर था-'यहां हिन्दी का किताब मिलता है।' मतलब कि इलाका बदलने के साथ 'किताब' का लिंग परिवर्तन हो गया। हिन्दी की किताबों में भी लेखकों के कहानी संग्रह/कविता संग्रह मुख्य थे। वे किताबें भी नई थीं यानी मोलभाव की गुंजाइश नहीं थी। कुछ देर में दुकान से बाहर आ गए।

बहुत देर तक कॉलेज स्ट्रीट की दुकानों पर किताबें देखते, पलटते, पढ़ते, वापस रखते टहलते रहे। वर्षों से कॉलेज स्ट्रीट देखने की तमन्ना को पूरा होने की खुशी महसूस करते रहे। हर दुकान एक जैसी होते हुए भी अपने में अनूठी लगती। पुस्तक मोहल्ला ही अपने में अनूठा है। काफी देर कॉलेज स्ट्रीट के दोनों तरफ टहलने के बाद इस इरादे से वापस लौटे कि फिर आना है। जल्द ही।

वर्तमान विदेश नीति के केंद्र में मानवता

प्रो . विवेकानंद तिवारी
अध्यक्ष, आंबेडकर पीठ एचपीयू, शिमला

वर्तमान प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारत विश्व में अपनी नई भूमिका के लिए तैयार दिखाई पड़ता है। प्रधानमंत्री की विदेश नीति उसके भारतीय दर्शन मानवतावादी दृष्टिकोण की परिचायक है,जिसके केन्द्र में 'वसुधैव कुटुम्बकम्' की भावना सदैव पल्लवित होती रही है। किसी गणंतत्र के लिए राष्ट्रवाद एवं मानवतावाद एक सिक्के के दो पहलू की तरह हैं। हमारी विदेश नीति का आधार ये दोनों ही पक्ष बने हुए हैं। हमारी विदेश नीति समृद्धि, सुरक्षा एवं आतंकवाद से जूझने के साझा प्रयास को लेकर चल रही है। साथ ही वह समस्त विश्व के लोगों के जीवन स्तर को सुधारने के लिए पूरे विश्व में विकास कार्यों को बढ़ावा देने के लिए प्रयासरत है।

विदेश नीति में बदलाव की पहली झलक मई 2014 में तब मिल गई थी,जब शपथ ग्रहण समारोह में भारत के पड़ोसी देशों को आमंत्रित किया गया था। तब से लेकर आज तक द्विपक्षीय दौरों एवं परियोजनाओं में साझेदारी के जरिए इसे विकसित किया जाता रहा है। बांग्लादेश के साथ सीमा विवाद का शांतिपूर्ण निपटारा किया जाना,द्विपक्षीय मामलों को सुलझाने का ही एक उदाहरण प्रस्तुत करता है। अपने मानवतावादी दृष्टिकोण के चलते पड़ोसी देश नेपाल को भूकंप के दौरान त्वरित सहायता प्रदान करना इसी नीति का एक हिस्सा था। अफगानिस्तान में जन कल्याण के लिए किए जाने वाले प्रयासों ने भारत के मानवीय पक्ष को बल दिया है। अफगानिस्तान के 34 प्रांतों में से 31 में भारत के विकास कार्य चल रहे हैं। अफ्रीका में भी भारत ने जन आधारित योजनाओं पर 10 अरब डॉलर की निधि के निवेश की प्रतिबद्धता दिखाई है। भारत एवं फ्रांस के संयुक्त नेतृत्व में किया गया अंतर्राष्ट्रीय सौर समझौता मानव विकास पर 2 अरब डॉलर की राशि का निवेश करके इस दिशा में एक बड़ी उपलब्धि को दर्शाता है। प्रधानमंत्री ने समस्त विश्व की शांति के लिए आतंकवाद को एक बड़ा अवरोध माना है। अपने कूटनीतिक प्रयासों से उन्होंने संपूर्ण विश्व को भी स्वीकार करने को बाध्य कर दिया है। अब कई देश अपने द्विपक्षीय एवं बहुपक्षीय वक्तव्यों में कुछ आंतकी समुदायों एवं उनके रक्षकों का पर्दाफाश करने में नहीं हिचक रहे हैं।

विदेश नीति में बदलाव की पहली झलक मई 2014 में तब मिल गई थी, जब शपथ ग्रहण समारोह में भारत के पड़ोसी देशों को आमंत्रित किया गया था।

पाकिस्तान के साथ भारत के संबंधों में सीमा पार से आने वाले आतंक को लेकर सबसे ज्यादा खटास है। इससे निपटने के लिए ही सर्जिकल स्ट्राइक जैसा कदम उठाया गया था। कई देशों ने दबे स्वर में इसे उपयुक्त कदम बताया है। संयुक्त अरब अमीरात के दौरे पर जाने वाले मोदी भारत के ऐसे प्रधानमंत्री बन गए,जिन्होंने 35 वर्षों में उभर आई एक दरार को भरकर संबंधों को भारत के एक बड़े निवेशक के रूप में तैयार कर लिया है। ईरान के साथ चाबहार बंदरगाह के समझौते ने भारतीय विदेश नीति के एक नए सोपान की शुरुआत की है। अंतर्राष्ट्रीय रूप से ऊलझे अपने कुछ मामलों को दृढ़ता एवं कूटनीति के साथ सुलझाने के कारण भारत की अपनी एक साख बन गई है। चीन के साथ डोकलाम विवाद को सुलझाकर भारत ने अपनी उत्कृष्ट नेतृत्व क्षमता एवं सैनिक समाधान का परिचय दिया है। इस पूरे प्रकरण ने चीन और भारत को यह विश्वास करने पर मजबूर कर दिया है कि वैमनस्य के स्थान पर सद्भावना से कुछ अधिक प्राप्त किया जा सकता है। भारत की विदेश नीति का हर दूसरा कदम अपने में मानवीय हित को समेटे हुए चल रहा है।

साम्यवादी विचारों के प्रभाव में अभारतीयकरण इतना गहरा हो चुका है कि उसने सोच के साथ शब्दावली को भी प्रभावित कर दिया है और इसका एक प्रमाण कांग्रेस के एक नेता के इस बयान से मिला कि यदि भाजपा फिर से शासन में आती है तो भारत 'हिंदू पाकिस्तान' बन जाएगा। 'हिंदू पाकिस्तान' शब्द ही विरोधाभासी है। नागपुर में पूर्व राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी ने कहा था, 'पश्चिम में जो राष्ट्र विकसित हुए उनका आधार एक विशिष्ट भूमि, भाषा, रिलीजन और समान शत्रु रहा है,जबकि भारत की राष्ट्रीयता का आधार वसुधैव कुटुंबकम और सर्वे भवंतु सुखिनः सर्वे संतु निरामया का चिंतन रहा है। भारत ने सदैव समूचे विश्व को एक परिवार के रूप में देखा है। भारत सभी के सुख और निरामयता की कामना करता रहा। भारत की यह पहचान मानव समूहों के संगम,उनके सम्मिलन और सहअस्तित्व की लंबी प्रक्रिया से निकलकर बनी है। हम सहिष्णुता से शक्ति पाते हैं, बहुलता का स्वागत करते हैं और विविधता का गुणगान करते हैं। यह शताब्दियों से हमारे सामूहिक चित्त और मानस का अविभाज्य हिस्सा है। यही हमारी राष्ट्रीय पहचान है।'

सोशल फोरम

हमें जो करना चाहिए

कहा जा रहा है कि अंबानी ने बेटे की शादी में पांच हजार करोड़ खर्च किए। इतनी चर्चा है तो किया होगा। उन्हें अधिकार है अपने शौक पूरे करने का और हमें एक सीमा से अधिक अधिकार नहीं है। सार्वजनिक मंचों पर उन्हें इस बिना पर लानत मलामत भेजने का कि आखिर उन्होंने इतना तामझाम क्यों किया, जो हमें अधिकार है और जो हमें करना चाहिए वह तो करते नहीं।

डॉ . हेमंत कुमार झा
एसोसिएट प्रोफेसर, पाटलिपुत्र विवि, पटना (बिहार)

हमें अधिकार है कि हम सवाल उठाएं कि आखिर अंबानी का बिजनेस मॉडल क्या है कि उन्हें इतनी कमाई होती है,सरकार की आर्थिक नीतियों में उनका क्या और कितना दखल है, रिलायंस के निचले दर्जे के कर्मचारियों के प्रति उनका कैसा रवैया है। हम खबरें पढ़ चटखारे लेते हैं,लेकिन ऐसे किसी विमर्श में शामिल नहीं होते कि ऐसा क्यों हो रहा है और देश की बहुसंख्य आबादी की आर्थिक सेहत पर इसका कैसा कुप्रभाव पड़ रहा है। अंबानी और अडानी जैसों के पसरते जाते आर्थिक साम्राज्य की पृष्ठभूमि में सत्ता और कारपोरेट का जो नेक्सस अपना खेल कर रहा है,उस पर विमर्श होना चाहिए न कि इस पर कि अपने बेटे की शादी में उन्होंने किस तरह ऐश्वर्य प्रदर्शन किया। बाजारवाद के दौर में एक कहावत बहुत आम है कि 'पैसा बोलता है' तो अंबानी का पैसा बोल रहा है और हमारे कानों में ऐसी ध्वनियां गूंज रही हैं कि बेटे की बारात में शामिल अतिथियों को उन्होंने कितने करोड़ की घड़ी उपहार में दी,रेहाना को नाचने के कितने पैसे दिए, सितारों को खाना परोसने के एवज में क्या-क्या दिया।

सामंतवाद के दौर में छोटे बड़े सामंत और राजे महाराजे अपने बेटे-बेटियों की शादी को किस तरह उत्सव का रूप देते थे और किस तरह जनता से लूटे गए धन को पानी की तरह बहाते थे। यह लोक श्रुतियों और इतिहास की कहानियों में हम पढ़ते सुनते रहे हैं। पहले भी सार्वजनिक शोषण से प्राप्त अकूत धन से ही सामंत लोग ऐश करते थे और आज भी वही कहानी है। अंतर यही है कि आज सामंत की जगह कारपोरेट घराने हैं।

-फेसबुक वॉल से

बेगम अनीस किदवई : अब ऐसे लोग कहां

कहते हैं अगर आपने माटी की खिदमत की है तो एक न एक रोज उसकी महक दुनिया महसूस करेगी। मेरे पास लिखने को हजार पन्ने हैं, लाखों शब्द हैं मगर मैं उनकी शख्सियत पर क्या-क्या लिखूं। साहित्य अकादमी सम्मान से नवाजी लेखक, दो बार राज्य सभा सांसद, फ्रीडम फाइटर और सबसे बढ़कर बंटवारे में शरणार्थी कैंप में जीजान से खिदमत करने वाली बेगम अनीस किदवई। उन्होंने नजरे कुश गुजरे,अब जिनके देखने को,चार रुख,जुल्म और आजादी की छांव जैसी किताबें लिखकर अपने अंदर की बुनावट दुनिया के सामने रख दी। शायद वह इकलौती महिला हैं,जिसने कैंप में लाशों को नहलाया,कफन दफ्न किया,यहां तक कब्रें भी खोदी,तब जाकर बंटवारे से उपजा जख्म हम पाट पाए थे।

हफीज किदवई
लेखक

हजारों लड़कियों को जो बेच दी गई,जो उठा ले जाइ गई,जिन्हें भीड़ ने काफिलों से लूटकर छीन लिया,अपने घरों में बांध लिया। एक-एक लड़की को वापिस उसके परिवार में पहुंचाने वाली बेगम अनीस किदवई। मृदुला साराभाई, बेगम अनीस और सुभद्रा जोशी की तिकड़ी,जिसने चाक दिलों को सी दिया,इन्हें याद रखिए। "आज़ादी की छांव में" उनकी लिखी किताब पढ़िए और रोइए। देखिए जमीन को मजहब के नाम से फाड़ने पर कितने दिल टूटे थे। इस सबसे इतर उस वक्त के हालात देखिए,वह कौन लोग थे जो तब भी भीड़ बनकर डरा रहे थे। सैकड़ों साल से साथ रह रहे अपने भाइयों को खींचकर गांव से बाहर कर रहे थे। कितनी ही बेंटियों को गले में रस्सी डालकर,बिना कपड़ों के घर में जानवरों की तरह बांधे रखे थे। यह सारे दर्द, यह सारी नाइंसाफी, यह सारे जख्म को बेगम अनीस किदवई और मृदुला साराभाई ने साथ-साथ भरकर हमारे देश की बुनियाद रखी है। बंटवारे के शरणार्थियों की सेवा के साथ-साथ सैकड़ों लड़कियों को खोजा। खोजी हुई लड़कियों को जब उनके ही अपने सगों ने लेने से इंकार किया,तो उन्हें पाला। बेगम अनीस और सुभद्रा, दो औरतें भयंकर दंगों से झुलस रहे गांव मे अकेले निकल गईं, लड़कियों को खोजने, लोगों ने घेरकर उनकी गाड़ी तोड़-फोड़ दी,उन्हें गालियां दीं,उन पर झपटने को दौड़े मगर न यह डरी और न पीछे हटीं।

गांव के सबसे खूंखार वहशी के खूंटे में बंधी लड़की को खींचकर निकाल लाईं और उसको आजाद जिंदगी दी। आपको क्या लगता है कि बंटवारें से उपजा जख्म यूहीं भर गया। इसके लिए अथक मेहनत की गई, दिन रात बिना फर्क किए काम किया गया। सवालों और बदले की आग पर ठंडा पानी डालकर सेवा की गई,लोगों को भड़काने की जगह बनाने पर जोर दिया गया। रोने की जगह उठ खड़े होने की बातें की गईं। बेगम अनीस किदवई को पढ़िए,रोइए की अपने शौहर के जिस्म को दंगों में टुकड़े-टुकड़े देखकर भी उनके दिल से इंसान की खिदमत न गई। अपने सारे गम भुलाकर वह मुल्क की बुनावट में लग गईं। अपने शौहर के खून की छींटे देख बदले के लिए नहीं दौड़ी,बल्कि दूसरे परेशान हाल सताए हुए लोगों के आंसू पोछने निकल पड़ी। जमाने की उन्होंने खिदमत की तो उस जमाने ने उन्हें पलकों पर भी बैठाया। मसौली में 1906 को जन्मी बेगम अनीस किदवई आज के ही रोज 1982 में दुनिया को अपने काम,अपनी छाप,अपने किरदार की खुशबू देकर छोड़ गईं।

बुद्धि बनाम धन:बदलते मानदंड

प्राचीन ग्रंथों और मान्यताओं के अनुसार संसार में सबसे बड़ा बल 'बुद्धि' माना गया है। धन बल काफी निम्न स्तर का मान्य है। कहा गया है कि 'बुद्धिर्यस्य बलं तस्य निरबुद्धेस्तु कुतो बलम्'। भगवान श्रीकृष्ण के मुख से कही गई गीता में भी इंद्रियों से परे मन, मन से परे बुद्धि और बुद्धि से भी परे वह (आत्मा) है। यानी बुद्धि से ऊपर सांसारिक कोई चीज नहीं है,क्योंकि आत्मा तो परमात्मा का अंश है,अलौकिक है।

रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

हालांकि यह नियम फेल होता दिख रहा है और धनवान सर्वाधिक मान्य हैं। अब देखिए। एशिया के सबसे बड़े धनाड्य मुकेश अंबानी के बेटे की शादी हुई। इसमें 'बड़ों' का बहुत बड़ा जमावड़ा हुआ। प्रधानमंत्री सहित लगभग सभी बड़े नेता,चाहे वे परस्पर विरोधी क्यों न हों, इस समारोह में एक साथ नजर आए। बालीवुड के सितारे सहित सभी क्षेत्रों के महान लोग यहां आए। मैं नहीं समझता कि बौद्धिक माने जाने वाले किसी प्रोफेसर, साहित्यकार, वैज्ञानिक या वकील की शादी में इस स्तर के इतने लोग एकत्र हुए हों। तथ्य यह भी है कि इसमें निर्धन,अकिंचन कोई नहीं था। साथ ही यह भी है कि इस समारोह में शामिल होने वाले बड़े इतनी संख्या में किसी गरीब को उसकी शादी में आशीर्वाद देने कभी नहीं गए। धर्म ग्रंथों का अवलोकन करें तो कुबेर सबसे धनी माने गए हैं,लेकिन उन्हें देवता का भी दर्जा प्राप्त नहीं है। वे सिर्फ यक्ष हैं। बुद्धि के देव और देवी गणेश जी तथा सरस्वती हैं और किसी भी शुभ कार्य में वे प्रथम पूज्य और वंदनीय हैं।

विवाह को लें तो देवाधिदेव महादेव का परिणय पार्वती जी के साथ पारंपरिक वैदिक रीति से हुआ था,जिसमें भगवान विष्णु सहित सभी देवता गए थे,लेकिन निचले तबके के भूत प्रेत भी बखूबी शामिल हुए। अब बताइए शंकर जी के पास क्या दौलत थी? कहा गया है कि 'धाम धतूरो,विभूति को कूरो,निवासु जहां सब लै मरे दाहै' यानी उनके घर में केवल एक धतूरे का पौधा और राख की कुछ ढेरियां ही थीं। बस और घर भी श्मशान घाट। मेरे कहने का मतलब है कि तब महान जमघट ऐसों के विवाह में होता था और अब अंबानी जैसों के यहां। मानक कितने बदल गए। बदलते मानदंड रेखांकित करते हैं कि अब धन ही सबसे बड़ा है। राजा से संन्यासी हुए भर्तृहरि शायद भविष्य भांप गए थे,तभी उन्होंने अपने नीति शतक में कहा है कि 'जिसके पास धन है,वही कुलीन है,वही पंडित है,वही गुणी,ज्ञानी है,वही कुशल वक्ता और दर्शनीय है। सभी गुण कंचन (सोने)में निहित हैं।

हरियाली का उत्सव हरेला

पहाड़ के ज्यादातर त्योहारों की तरह हरेला भी प्रकृति मां के प्रति आभार जताने का अवसर है। धरती-आसमान पर दस्तक दे रहे सावन के विपुल महीने के स्वागत में हरेले से दस दिन पहले हर घर में छोटे-छोटे पात्रों में अपने घर-खेत की मिट्टी भर कर उनमें पांच-सात तरह के स्थानीय अनाजों के बीज बोए जाते हैं।

अशोक पांडे
हल्द्वानी

दस दिन में बीज अंकुरित होकर हल्के धानी रंग की पतली-पतली पत्तियों में बदल जाते हैं। इन्हें भी हरेला कहा जाता है। संक्रांति के दिन त्योहार मनता है। हरेला काटा जाता है, रसोई बढ़िया गमकती है, खीर-पुए बनते हैं और घर की सबसे सयानी स्त्री अनुष्ठानपूर्वक हरेले के पत्तों को परिवार भर के सदस्यों के पैरों-घुटनों-बांहों और सिर से क्रमशः छुआकर आशीष देती हैं कि जीते-जागते रहना, आकाश जितने ऊंचे और धरती जितने चकले बनना, कि दूब जैसी हरियाली, सियार जैसी बुद्धि और शेर जैसा प्राण हासिल करना कि जब तक हिमालय में बर्फ और गंगा में जल है तब तक ऐसे मुबारक मौके तुम्हारे जीवन में आना-जाना करते रहें। हरेला हरियाली का उत्सव है।

मई-जून की कड़ियल गर्मी के बाद आई सुकून भरी हवा और ताजगी का इस्तकबाल है। हरेला आगामी फसलों की तैयारी और पिछली फसल के लिए प्रकृति को धन्यवाद कहने का कर्तव्य है।

एक नजर

राशन सामग्री का पैकेट छीनने पर रिपोर्ट दर्ज

शाहजहांपुर। चौक कोतवाली के मोहल्ला आवास विकास कॉलोनी निवासी सिद्धार्थ शुक्ला ने बताया कि रविवार की शाम मोहल्ला उमरगंज में बाढ़ पीड़ितों को राशन सामग्री वितरण करने के लिए गया था। जितेंद्र, रिंकू आदि आए और 50 पैकेट देने के लिए कहने लगे। उन्होंने कहा कि लिस्ट के अनुसार राशन वितरण होगा। जितेंद्र ने अपने साथियों से कहा कि जबदरस्ती राशन वितरण के पैकेट छीन लो। आरोपियों ने 20 पैकेट छीन लिए। आरोपियों ने जान से मारने की धमकी दी और तमंचा लहराते हुए भाग गए। प्रभारी निरीक्षक राजीव तोमर ने बताया कि जितेंद्र, रिंकू, विवेक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

हादसे में युवक की मौत रात भर कुचलते रहे वाहन

बिनावर/विजय नगला, अमृत विचार : सोमवार रात किसी वाहन ने बरेली-मथुरा राजमार्ग पर थाना बिनावर क्षेत्र में एक युवक को टक्कर मार दी और वह सड़क पर गिर गया। मौके पर ही उसकी मौत हो गई। उसके बाद से राजमार्ग से गुजरने वाले वाहन शव को कुचलते हुए गुजर रहे। लोगों ने रात लगभग तीन बजे मौके पर शव के ऊपर से वाहनों के गुजरने की घटना देखी और अपने-अपने मोबाइल से वीडियो तो बनाई लेकिन न तो उन्होंने शव को राजमार्ग के किनारे रखा और न पुलिस को सूचना दी। रात से सुबह तक शव को कुचलने का सिलसिला जारी रहा। पुलिस ने क्षत-विक्षत शव को एक पोटली में बांधकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। शव की शिनाख्त नहीं हो सकी है।

सांड़ से टकराकर कार डीसीएम से भिड़ी, एक की मौत

मंगलवार शाम गोला रोड पर हुआ हादसा, फंसे घायलों को पुलिस और राहगीरों ने निकाला, तीन घायल

संवाददाता, खुटार

अमृत विचार: गोला रोड पर गांव बनकटा मोड़ से कुछ दूरी पर मंगलवार शाम करीब साढ़े छह बजे स्विफ्ट डिजायर कार और डीसीएम की आमने-सामने टक्कर हो गई। हादसे में वाहन के पड़खच्चे उड़ गए। हादसा कार के आगे अचानक सांड़ आने की वजह से हुआ। वाहन से टकराने से एक सांड़ की जान चली गई। घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने वाहन में फंसे घायलों को राहगीरों की मदद से बमुश्किल बाहर निकाला। चार घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया गया। हादसे में घायल एक अधेड़ ने दम तोड़ दिया। करीब डेढ़ घंटे बाद मृतक की शिनाख्त हो पाई। पुलिस ने घटना की जानकारी परिजनों को दे दी है। पुलिस ने देर रात पंचनामा भरकर शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

लखीमपुर खीरी के कस्बा मैलानी के गांव कुरियानी निवासी वीरेंद्र कुमार (28) अपने साथी गांव ककराई निवासी रामकिशन (58) के साथ मंगलवार को भाई विजय कुमार को अस्पताल में भर्ती कराने कस्बा गोला गया था। चार दिन पूर्व छत से गिरकर विजय का पैर टूट गया था। मंगलवार को शाम करीब साढ़े छह बजे स्विफ्ट से वीरेंद्र साथी के साथ वापस गोला से घर लौट रहा था। उसी समय गोला रोड पर बनकटा मोड़ के समीप सत्संग भवन के पास दौड़ता हुआ सांड़ सड़क पर आ गया और स्विफ्ट से टकरा गया। जिससे सांड़ काफी दूर जा गिरा और मर गया। टकराने के बाद कार करीब चार राउंड तक घूमती रही और खुटार की ओर से आ रही आम भरी डीसीएम से जा भिड़ी। डीसीएम अनियंत्रित होकर सड़क के किनारे पलट गई लेकिन कार खुटार दिशा की तरफ खड़ी हो गई। कार चालक वीरेंद्र पाल और रामकिशन फंस गए। जबकि डीसीएम चालक कस्बा पलिया के इकरामनगर निवासी नबाबू, ठेकेदार चिकमंडी निवासी सदाकत अली घायल हो गए। हादसे के बाद लोगों ने गाड़ी में फंसे घायलों को बाहर निकालने का प्रयास किया। इसके बाद पीआरवी और थानाध्यक्ष संजय कुमार पुलिस टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंच गए। जहां घायलों को वाहन से निकालकर एंबुलेंस से अस्पताल भिजवाया। जहां डॉक्टर ने रामकिशन को मृत घोषित कर दिया। तीन घायलों का उपचार शुरू किया गया। रामकिशन के शव की शिनाख्त होने के बाद परिजनों को सूचना दी तो कोहराम मच गया। पुलिस का कहना है कि कस्बा पलिया के मोहल्ला चिकमंडी निवासी व्यापारी सदाकत अली व इकरामनगर निवासी चालक नबाबू के साथ जनपद पीलीभीत के कस्बा पूरनपुर के गांव शेरपुर से डीसीएम में आम भरकर खुटार से होते हुए लखीमपुर खीरी से पलिया जा रहे थे। मंगलवार रात करीब नौ बजे सूचना के बाद परिजन अस्पताल पहुंचे। जहां पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

कार में फंसे लोगों को निकालते लोग। ● अमृत विचार

सड़क पर पलटी डीसीएम और बिखरे आम। ● अमृत विचार

घायल को ले जाती पुलिस। ● अमृत विचार

- **डेढ़ घंटे बाद हुई मृतक की शिनाख्त, परिजनों को दी सूचना**

सड़क हादसे में एक की मौत हो गई है। दूसरा घायल है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। वाहनों को कब्जे में लिया गया है। तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।
– **संजय कुमार**, थानाध्यक्ष खुटार

सड़क हादसे में महिला घायल

कलान। मदनापुर थाना क्षेत्र के गांव करौंदा निवासी वीरावती पत्नी सहदेव नौगवां मुबारकपुर से मंगलवार सुबह ई-रिक्शा पर बैठकर कासिम नगला गांव में स्थित रिश्तेदारी में जा रही थी। लक्ष्मनपुर गांव के पास सामने से आ रहे टेंपो चालक में ई-रिक्शा में टक्कर मार दी। जिससे वीरावती गंभीर रूप से घायल हो गई। घायल महिला को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया है।

फॉल्ट से विद्युत आपूर्ति बाधित, उपभोक्ता परेशान

संवाददाता, कलान

- **जिला पंचायत सदस्य ने उपकेंद्र पहुंचकर सुनाई खरी-खोटी**
- **सोमवार दोपहर से मंगलवार शाम तक चला कटौती का खेल**

अमृत विचार : कलान में विद्युत व्यवस्था का बुरा हाल है। बिजली आने-जाने का कोई शेड्यूल निर्धारित नहीं है। सोमवार दोपहर बाद करीब एक बजे से उसावा बदायूं से आने वाली में लाइन के तार में फॉल्टआ गया। फॉल्ट सही करने में बिजली विभाग के अधिकारियों ने इतनी लापरवाही दिखाई कि करीब 10 घंटे का समय लगा दिया। इसके बाद रात 12 बजे तक विद्युत आपूर्ति उपभोक्ताओं को नहीं मिली।

जिला पंचायत सदस्य धर्मेंद्र यादव कस्बे के कुछ लोगों के साथ रात 12 बजे उपकेंद्र पहुंचे और सप्लाई न देने पर नाराजगी जाहिर करते हुए खरी खोटी सुनाते हुए हंगामा किया, तब जाकर बिजली विभाग के कर्मचारी हरकत में आए और सप्लाई रात करीब एक बजे दी गई। इसके बाद शाम करीब पांच बजे परौर रोड पर बिजली लाइन की पंच केबिल में फॉल्ट आ गया और विद्युत आपूर्ति ठप हो गई। बिजली विभाग के कर्मचारियों ने कई घंटे में इसे सही किया।

5-10 मिनट बिजली की सप्लाई मिली। इसके बाद स्टेट हाईवे पर विद्युत लाइन का तार टूट कर गिर गया, जिससे विद्युत आपूर्ति पूरे दिन के लिए बंद हो गई। मंगलवार दोपहर करीब 12 बजे फिर परौर रोड पर पंच केबिल में फॉल्ट आ गया। इस कारण बिजली चली गई। शाम चार बजे के बाद बिजली की सप्लाई सुचारू हुई और जैसे ही बिजली आई तो लोगों ने राहत महसूस की। आधा घंटे तक बिजली रुकी, जिसमें 10 बार ट्रिपिंग हुई। बिजली विभाग के अधिकारियों के लापरवाही के कारण उपभोक्ता परेशान हैं।

गर्दन तक पानी में तैरकर सही किया फॉल्ट

कुर्रिया कला। चौहनापुर बिजली उपकेंद्र में पानी भरने के कारण फॉल्ट हो गया था। जिस कारण बिजली घर से 11 जुलाई से सप्लाई बंद हो गई थी। ऐसे में क्षेत्र की जनता परेशान थी। बिजली सप्लाई को लेकर क्षेत्रीय विधायक अरविंद सिंह ने ऊर्जा मंत्री को पत्र लिखकर समस्या से अवगत कराया था। जेई माता प्रसाद ने अपने लाइनमैन के साथ फील्ड में उतरकर व गर्दन तक पानी में तैरकर रस्सी के सहारे जान जोखिम में डालते हुए फॉल्ट को रात दस बजे से लेकर सुबह 7 बजे तक पूरी रात काम करके सही कराया। तब तक आगमपुर (हरदोई) बिजली घर में फॉल्ट हो गया। फिर 15 की पूरी रात मेहनत के बाद कहीं जाकर 16 जुलाई की रात में बिजली सप्लाई सुचारू हो सकी। यह लाइन ठीक होने के बाद 33 हजार केवी की लाइन में फॉल्ट हो गया। बहुत मुश्किल से उसका फॉल्ट मिला, तब कहीं जाकर लाइट चालू हुई। बिजली सुचारू कराने में लाइनमैन हाकिम यादव, सुरजीत, पन्ना मानु मिश्रा, मोनू मिश्र, पुष्पेन्द्र सिंह, सौरभ शुक्ला आदि का भी सहयोग रहा।

10 लाख लेकर नहीं आया दुल्हन पक्ष तो दूल्हा परिवार सहित फरार

कार्यालय संवाददाता ,कासगंज

- **बरेली से दुल्हन को लेकर आए थे लड़की वाले, बरात स्थल और दूल्हे के घर में लटके मिले ताले**

बरेली के रहने वाले सुभाष गुप्ता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है। वह बेटी की शादी करने आए थे, लेकिन दूल्हा पक्ष के लोग फरार थे।
–**लोकेश भाटी**, इंस्पेक्टर सदर कोतवाली

अमृत विचार: एक ओर घर में शादी की तैयारियां चल रही थीं और दुल्हन ढेरों सपने संजोए बैठी थी। शादी की तारीख भी 15 जुलाई तय थी। कार्यक्रम नगर की टीकाराम धर्मशाला में होना था। वधु पक्ष के लोग धर्मशाला में पहुंच गए, लेकिन धर्मशाला में ताला पड़ा था। यह देखकर दुल्हन पक्ष के लोगों के होश फाख्ता हो गए।

दूल्हे के घर पर जाकर देखा तो घर में भी ताला लटका मिला। दुल्हन पक्ष ने दूल्हा समेत चार लोगों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई है। मामला अतिरिक्त दहेज के रूप में 10 लाख रुपये की मांग का बताया जा रहा है।

बरेली के थाना सुभाष नगर निवासी सुभाष चंद्र गुप्ता ने बताया कि उन्होंने अपनी बेटी की इंगेजमेंट 16 फरवरी को दया वैंकट हॉल बरेली में गौरव गुप्ता पुत्र स्वर्गीय रजनीश गुप्ता निवासी पुरानी चक्की वाली गली कासगंज के साथ की थी। इंगेजमेंट में दस लाख रुपये नगद और जेवरात दिए थे। टीकाराम अग्रवाल धर्मशाला कासगंज में बरात का कार्यक्रम होना तय हो गया। उन्होंने बताया कि सोमवार सुबह लड़का पक्ष के लोगों का फोन आया कि दस लाख रुपये लेकर ही आना अन्यथा किसी भी कीमत पर शादी नहीं होगी। चाहे कुछ हो जाए।

सुभाष चंद्र ने गिड़गिड़ाते हुए कहा कि मैंने 20 लाख रुपये इंगेजमेंट में खर्च कर दिए, अब रुपये देने में असमर्थ हूं। वह बेटी को लेकर कासगंज आ गये, लेकिन धर्मशाला में ताला पड़ा था। दूल्हा गौरव के घर में भी ताला पड़ा था।

उन्होंने गौरव, उसके भाई सनी, भाभी संध्या और प्रीति के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराई है। लड़की पक्ष तो रात भर थाने में बैठा रहा, लेकिन लड़का पक्ष नहीं आया। पुलिस ने काफी प्रयास किया।

दहेज न देने पर रिश्ता तोड़ा, रिपोर्ट दर्ज

शाहजहांपुर, अमृत विचार: सदर बाजार के मोहल्ला चौक आला खां निवासी जाहिदा खातून ने बताया कि उसने अपनी पुत्री सानिया की शादी इमरान निवासी पक्का बाजार जिला वाराणसी में तय की थी। शादी दो मार्च को होनी थी। इमरान वाराणसी में बीएचयू में ट्रामा सेंटर में रिकॉर्ड आफीसर है। शादी से पहले दो फरवरी को इमरान के परिवार वालों ने उसे बुलाया और कहा कि बरात से पहले कार तथा प्लाट खरीदने के लिए 20 लाख रुपये दो। मना करने पर उन लोगों ने शादी करने से मना कर दिया। इमरान और उसके परिवार वालों से दिया गया सामान तथा रुपये वापस मांगे तो जान से मारने की धमकी दी। प्रभारी निरीक्षक रवींद्र सिंह ने बताया कि एसपी के आदेश पर इमरान समेत पांच लोगों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न की रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। पुलिस मामले की विवेचना कर रही है।

कार की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

संवाददाता, कलान

अमृत विचार: बदायूं-फर्रुखाबाद स्टेट हाईवे पर गांव नौगवां मुबारिकपुर के पास कार की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। घटना के बाद से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

थाना जलालाबाद के गांव रौली-बौरी निवासी रवि सिंह दिल्ली में एक कंपनी में नौकरी करता था। वह अपनी बाइक से दिल्ली से स्टेट हाईवे बदायूं-फर्रुखाबाद मार्ग होते हुए गांव जा रहा था। मंगलवार दोपहर बाद स्टेट हाईवे पर नौगवा मुबारिकपुर गांव के पास मिर्जापुर की तरफ से आ रही कार ने कलान की तरफ से जा रही बाइक में टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार रवि की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। मौत की खबर सुनते ही हल्का इंचार्ज संजीव तोमर पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लिया। वही मृतक की बाइक एवं कार को भी पुलिस ने कब्जे में लिया। पंचनामा भरते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मृतक की दो महा पूर्व शादी हुई थी।

घटनास्थल पर पंचनामा भरने की कार्रवाई करती पुलिस। ● अमृत विचार

- **दिल्ली से लौट रहा था घर, दो माह पहले हुई थी रवि की शादी**

हादसे में पति-पत्नी घायल

जलालाबाद, अमृत विचार : अल्हागंज-जलालाबाद रोड पर गोरा मोड़ पर अज्ञात वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी, जिससे दंपती घायल हो गए। दोनों को सीएचसी पर भर्ती कराया गया।हरदोई जिले के गांव हरपालपुर निवासी बिट्टू तथा उसकी पत्नी काजल मंगलवार की दोपहर बाइक से जलालाबाद आ रहे थे। गोरा मोड़ पर अज्ञात वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी, जिससे दंपती घायल हो गए। अल्हागंज पुलिस मौके पर पहुंची और घायल दंपती को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर भेज दिया। परिवार वाले स्वास्थ्य केंद्र पर पहुंचे। डाक्टर ने दोनों को रेफर कर दिया। परिवार वाले दोनों को फर्रुखाबाद अस्पताल के लिए ले गए।

बाढ़ में हुए नुकसान का मुआवजा दे सरकार

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

अमृत विचार: उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल उत्तर प्रदेश की ओर से आगामी केंद्रीय बजट में 15 सूत्री मांगों को शामिल करने के लिए मंगलवार को केंद्रीय वित्त मंत्री को संबोधित ज्ञापन अतिरिक्त मजिस्ट्रेट चित्रा निरावल को सौंपा।

जिला अध्यक्ष सौमित्र गुप्ता ने कहा कि बाढ़ में व्यापारियों को काफी नुकसान हुआ है। कई कर देकर व्यापारी सरकार को चलाने में सहयोग करता है इसलिए बाढ़ में हो रहे नुकसान का आंकलन कर व्यापारियों को मुआवजा दिया जाए, बढ़ती हुई महंगाई को ध्यान में रखकर नगद लेनदेन की सीमा एक लाख करने के साथ, आयकर में छूट की सीमा को बढ़ाकर 10 लाख करने की मांग के साथ आयकर देने वाले व्यापारियों के परिवार के लिए शिक्षा व स्वास्थ्य की मुफ्त व्यवस्था किया जाए और जीएसटी का सरलीकरण कर जीएसटी की दर को अधिकतम 18 प्रतिशत किया जाए।

महानगर अध्यक्ष मोहम्मद सलाउद्दीन ने कहा कि दैनिक इस्तेमाल में आने वाली चीजें जैसे अनाज, चावल, दाल, गेहूं, आटा, कपड़ा आदि को जीएसटी से मुक्त किया जाए। ज्ञापन देने वालों में जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रदीप गुप्ता, महानगर महामंत्री अनूप गुप्ता, युवा जिला अध्यक्ष नरेंद्र शुक्ला, युवा महानगर अध्यक्ष सचिन सक्सेना, महानगर वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्याम मोहन मिश्रा, आबिद हसन खान, कोषाध्यक्ष सुमित पुरी, गुलजार अहमद, शाहवाज मंसूरी, चमन तिवारी, नाजिम शाह आदि रहे।

ज्ञापन देने कलेक्ट्रेट पहुंचे व्यापारी। ● अमृत विचार

- **व्यापारियों ने जीएसटी संबंधी मांगों को बजट में शामिल करने को लेकर सौंपा ज्ञापन**

महिला से मारपीट की रिपोर्ट दर्ज

बंडा, अमृत विचार: सरकारी हैंड पंप को बाउंड्री उठाकर अंदर करने का विरोध करने पर महिला को चार लोगों ने जमकर मारा-पीटा। महिला की तहरीर पर पुलिस ने चारों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

गांव कैथ निवासी स्वर्गीय धर्मेंद्र की पत्नी रामबेटी ने पुलिस को बताया कि उसके मोहल्ले में राजेंद्र के दरवाजे पर सरकारी हैंडपंप लगा है। जिससे मोहल्ले के लोग पानी भरते हैं, सोमवार को राजेंद्र बाउंड्री उठाकर उसे अंदर करना चाहते थे, जब उसने मना किया तो राजेंद्र, अजय, विजय व शीतल ने उसे गालियां देते हुए लात घूसों से जमकर मारा पीटा पुलिस ने चारों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

बाढ़ में फसल नुकसान की भरपाई को 14447 पर कॉल करें किसान

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- **डीडी कृषि ने दी जानकारी सूचना पंजीकृत होना जरूरी**

अमृत विचार: उप निदेशक कृषि धीरेंद्र सिंह ने बताया कि बाढ़ में तमाम किसानों की फसल बर्बाद हुई है। ऐसे किसानों को नुकसान की क्षतिपूर्ति (मुआवजा) दिलवाने का प्रयास किया जा रहा है। इसके लिए किसानों को तुरंत ही 14447 पर कॉल कर नुकसान की सूचना दर्ज करानी है। सूचना पंजीकृत होने के बाद कृषि विभाग का प्रयास होगा कि क्षतिपूर्ति किसानों को दिलवाई जाए।

डीडी कृषि की ओर से जारी विज्ञप्ति में कहा गया है कि नौ से 12 जुलाई तक जिले में भयंकर बाढ़ आई। जिसके कारण जनपद के ग्रामों की काफी कृषि योग्य भूमि जलमग्न होने के कारण खड़ी फसलों का काफी नुकसान हो गया। बुआई व रोपाई के लिए तैयार की गयी भूमि अगले काफी दिन तक बुआई व रोपाई के लिए तैयार नहीं हो पायेगी। जिन किसानों (ऋणी व गैर ऋणी कृषक) ने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अन्तर्गत अपनी फसलों को बीमित करवाया है, वह कृषक जनपद में फसल बीमा के लिए अनुबंधित बीमा कंपनी इफ्को टोकीयो जनरल इंश्योरेंस के टोल फ्री नंबर 14447 पर कॉल कर अपने नुकसान की सूचना को दर्ज करवा दें, जिससे फसल का सर्वे कर फसलों में हुई क्षति का आकलन कर नुकसान की क्षतिपूर्ति कृषकों को उपलब्ध करायी जा सके। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में खरीफ सीजन में फसलों का बीमित किये जाने की अंतिम तिथि 31 जुलाई 2024 है। योजनान्तर्गत दैवीय आपदा से फसलों की सुरक्षा के लिए सूचीबद्ध फसल धान, मक्का, तिल, बाजरा, उड़द को बीमित कर जोखिम को कम कर सकते हैं, खरीफ फसलों में बीमित राशि का 2 प्रतिशत प्रीमियम (कृषक अंश) फसल बीमा हेतु देय होता है।

सेंट्रिंग चोरी रिपोर्ट दर्ज

जलालाबाद, अमृत विचार: अमरोहा के थाना रजबपुर के गांव कूबी निवासी रोहित चौधरी ने जलालाबाद थाने पर दी गई तहरीर में बताया कि गंगा एक्सप्रेस वे पर अतिवरा गांव से करीब 500 मीटर दूर अपनी फर्म आलोक कुमार कांट्रेक्टर के माध्यम से एचजी इंफ्रा इंजीनियरिंग लिमिटेड के वेंडर के रूप में नाले आदि का निर्माण कार्य हो रहा है। 27 जून को गाजियाबाद से 2500 किग्रा लोहे की सेंट्रिंग मंगाई गई थी। रास्ता खराब होने के कारण रात में 11 बजे पहले उतरवा दी गई थी। 30 जून को इंचार्ज ने सेंट्रिंग देखी तो नहीं थी। रात में चोर सेंट्रिंग चुराकर ले गए। प्रभारी निरीक्षक हरिपाल सिंह ने बताया कि चोरी की रिपोर्ट दर्ज कर ली गयी है।

नदी में कूदा तैरकर निकल गया, पुलिस होती रही परेशान

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

अमृत विचार: गर्रा नदी में एक युवक शराब के नशे में साइड में कूद गया था। सूचना पर चौक कोतवाली पुलिस पहुंची। पुलिस उसकी तलाश कर रही थी। पता चला कि वह तैरता हुआ नदी से निकलकर बस्ती में चला गया। चौक कोतवाली क्षेत्र में मंगलवार की शाम सात बजे लोगों ने एक युवक को गर्रा नदी पुल पर साइड से छलांग लगाते हुए देखा। राहगीरों ने पुलिस को सूचना दी। प्रभारी निरीक्षक राजीव तोमर फोर्स के साथ गर्रा नदी पुल पर गए और लोगों से जानकारी की। नदी के आस-पास उसको तलाश किया गया। पुलिस नदी के किनारे पर गए, लेकिन उसका पता नहीं चला। पुलिस आधे घंटे तक उसकी तलाश में परेशान होती रही। कुछ देर पता चला कि युवक नदी में तैरता हुआ निकलकर बस्ती में चला गया। प्रभारी निरीक्षक राजीव तोमर ने बताया कि नदी में एक युवक कूद गया था, जो नदी में तैरकर निकल गया। रामचंद्र मिशन थाना क्षेत्र का मुकेश है।

युवती मिली, आरोपी फरार

खुटार, अमृत विचार: क्षेत्र के एक गांव निवासी एक व्यक्ति ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया था कि उसकी 30 वर्षीया पुत्री को एक युवक 28 जून को घर से बहला फुसलाकर ले गया था। तलाश शुरू की तो पता चला था कि गांव महारानीगंज निवासी दीपक उसे ले गया था। नौ जुलाई को पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली गई थी। 13 जुलाई को युवती पक्ष का परिवार थाने पहुंचा और बरामदगी की गुहार लगाई थी। 15 जुलाई को गोला रोड पर जुड़ी सड़क के पास दरोगा जीत सिंह, हेड कांस्टेबल शीतल, सिकंदर, मलिक, आशिफ, अनुज कुमार ने युवती को बरामद कर लिया। लेकिन आरोपी फरार हो गया है। युवती को मेडिकल के लिए भेज दिया गया है।

प्रशासन ने नहीं दी सामूहिक धर्म परिवर्तन, निकाह की अनुमति

बरेली कार्यालय

- **शहर की कानून व्यवस्था बिगड़ने पर दी सख्त कार्रवाई की चेतावनी**
- **पुलिस ने जताई कानून-व्यवस्था बिगड़ने, खतरे की आशंका**

बिना अनुमति इस तरह का कोई आयोजन नहीं होने दिया जाएगा। कोई कानून-व्यवस्था खराब करने की कोशिश करेगा तो उसके साथ सख्ती से निपटा जाएगा।
– **अनुराग आर्य**, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक

अमृत विचार : इत्तेहादे मिल्लत कौंसिल (आईएमसी) प्रमुख मौलाना तौकीर रजा खां को 23 हिंदू युवाओं का धर्म परिवर्तन कराकर निकाह कराने की अनुमति नहीं मिल पाई। कोतवाली पुलिस की ओर से अपनी रिपोर्ट में इससे कानून-व्यवस्था खराब होने और निकाह करने वालों को जान का खतरा होने के बाद प्रशासन ने आईएमसी के आवेदन को खारिज कर दिया है।

मौलाना तौकीर रजा खां ने सोमवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में 23 ऐसे हिंदू युवाओं का धर्म परिवर्तन कराकर निकाह कराने का एलान किया था जो पहले से मुसलमान युवक-युवतियों के साथ लिव इन संबंधों में रह रहे हैं। तौकीर ने दावा किया था कि इनमें आठ लड़के और 15 लड़कियां हैं, इन सभी ने इस्लाम कुबूल कर मुस्लिम साथियों से निकाह कराने के लिए आईएमसी को आवेदन भेजे हैं। आईएमसी ने पहले चरण में खलील हायर सेकेंड्री स्कूल में 21 जुलाई को पांच जोड़ों का धर्म परिवर्तन कराकर निकाह कराने की अनुमति के लिए आवेदन किया था जिसे पुलिस की रिपोर्ट के आधार पर मंगलवार को प्रशासन ने खारिज कर दिया।

पुलिस ने चेतावनी दी तो तौकीर ने बदला फैसला

सोमवार को सार्वजनिक एलान के बाद मंगलवार को पुलिस और प्रशासन के वरिष्ठ अफसरों ने इस मुद्दे पर बैठक कर रणनीति तय की। मंगलवार को ही क्षेत्राधिकारी प्रथम पंकज श्रीवास्तव को तौकीर से बात करने की जिम्मेदारी सौंपी गई। पंकज श्रीवास्तव ने बताया कि तौकीर के साथ लंबी वार्ता हुई। उन्हें बताया गया कि अगर शहर की कानून व्यवस्था बिगड़ी तो पुलिस सख्त कार्रवाई करेगी। उन्हें अनुमति देने से भी साफ इन्कार कर दिया गया। यह भी कहा गया कि अगर वह इस तरह की अनुमति का कोई भी उदाहरण बता दें तो उन्हें भी अनुमति दे दी जाएगी। क्षेत्राधिकारी ने बताया कि इससे पहले तौकीर की पार्टी के लोगों के साथ भी बैठक की गई थी। तौकीर ने आयोजन स्थगित कर दिया है। उधर, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य ने कहा कि बिना अनुमति किसी हाल में माहौल खराब नहीं करने दिया जाएगा। कोई कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करेगा तो पुलिस पूरी ताकत से उसके साथ निपटेगी।

पेशे की गरिमा बनाए रखना अधिवक्ताओं की जिम्मेदारी

उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति ने जिला अदालतों का निरीक्षण कर न्यायिक कार्यों का जायजा लिया

विधि संवाददाता, पीलीभीत

अमृत विचार: उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति एवं जनपद के प्रशासनिक न्यायमूर्ति सुभाष विद्यार्थी ने मंगलवार को जिला अदालतों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अधिवक्ता संगठन के पदाधिकारी, न्यायिक अधिकारियों और कर्मचारियों से अलग-अलग मिलकर उनकी समस्याओं का समाधान किया। जिला जज ने उन्हें पीलीभीत की बांसुरी भेंट की।

उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति सुभाष विद्यार्थी मंगलवार को यहां पहुंचे। उन्होंने अदालतों में जाकर अधिकारियों द्वारा किए जा रहे न्यायिक कार्यों का अवलोकन किया। इस दौरान अधिवक्ताओं ने जिला जजी परिसर में प्रस्तावित अधिवक्ताओं के चैंबर के लिए उच्च न्यायालय से शीघ्र ही स्वीकृति दिलाने एवं बीसलपुर मुंसिफ अदालत के लिए स्थाई भवन की मांग की। अधिवक्ताओं ने जनपद के न्यायिक क्षेत्राधिकार को उच्च न्यायालय की लखनऊ खंडपीठ से संबंध करने की भी मांग की।

न्यायमूर्ति सुभाष त्रिवेदी को बांसुरी भेंट करते जिला जज जितेंद्र कुमार सिन्हा।

अधिवक्ताओं की बैठक में जनपद न्यायाधीश जितेंद्र कुमार सिन्हा, जिला संयुक्त बार एसोसिएशन के अध्यक्ष धीरेंद्र मिश्र एडवोकेट, महासचिव आनंद मिश्रा, कुलविंदर सिंह, विवेक अवस्थी ,विवेक पांडे, अमिताभ मिश्रा आदि मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान न्यायमूर्ति को कई अधिवक्ता बगैर ड्रेस के ही मिले। इस पर उन्होंने कुछ अधिवक्ताओं से वार्ता कर उन्हें वकालत के गौरवशाली पेशे के बारे में बताया। कहा कि वकालत के पेशे की गरिमा को बनाए रखना अधिवक्ताओं की जिम्मेदारी है। बगैर ड्रेस के कचहरी आने से इस पेशे की गरिमा

- **अधिवक्ताओं ने चैंबर को स्वीकृति दिलाने समेत कई मांगें रखीं**

को ठेस पहुंच रही है। न्यायमूर्ति ने न्यायिक अधिकारियों से भी भेंट की। इस दौरान जिला जज जितेंद्र कुमार सिन्हा, अपर सत्र न्यायाधीश विजय कुमार डुंगरा कोटि, विशेष न्यायाधीश चंद्र मोहन मिश्रा, स्पेशल जज डॉक्टर शिवा पांडे, स्पेशल जज एससी एसटी एक्ट महेशा नंद झा, अपर जिला जज सुनील कुमार, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट पूजा गुप्ता, अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट अमित यादव ,न्यायिक अधिकारी दुष्यंत शर्मा आदि मौजूद रहे।

जिला कारागार का निरीक्षण करने के बाद बाहर आते उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति एवं अन्य।

जिला कारागार का किया औचक निरीक्षण बंदियों से बातचीत कर जाना हाल

उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति सुभाष विद्यार्थी ने जनपद न्यायाधीश जितेंद्र कुमार सिन्हा के साथ जिला कारागार का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कारागार में बंदियों के बैरकों, किशोर बैरक, महिला बैरक, भोजनालय, अस्पताल का निरीक्षण किया। बैरकों के निरीक्षण के दौरान उन्होंने बंदियों से बातचीत कर उनकी समस्याएं सुनी और संबंधित अधिकारियों को त्वरित निस्तारण करने के निर्देश दिए। महिला बंदियों से उपलब्ध कराई जा रही व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी ली। अस्पताल निरीक्षण के दौरान बीमार बंदियों से उनके स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली और मौजूद डॉक्टरों से निर्देश देते हुए कहा कि बीमार बंदियों की स्वास्थ्य सुविधाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाये। जेल अधीक्षक को निर्देश दिए कि मानक के अनुरूप बंदियों को सभी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाये। साफ-सफाई व्यवस्था भी देखने के साथ जेल परिसर में पौधारोपण भी किया।

पूरनपुर में व्यापारियों ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

पूरनपुर, अमृत विचार: उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के व्यापारियों ने वित्त मंत्री को संबोधित ज्ञापन एसडीएम राजेश कुमार शुक्ला को सौंपा। जिसमें आगामी बजट में व्यापारियों के हितों का ध्यान रखने के लिए 12 सूत्रीय मांगे रखी गई।

ज्ञापन में बाढ़ में व्यापारियों को भारी नुकसान का मुआवजा देने की मांग की। नगद लेनदेन की सीमा बढ़ाकर एक लाख करने की मांग की गई। आयकर में छूट को 10 लाख रुपये करने, आयकर और जीएसटी देने वाले व्यापारियों के परिवार के लिए शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाएं निशुल्क करने की मांग की गई। 20 साल तक आयकर रिटर्न भरने वाले व्यापारियों को 40 हजार रुपये प्रतिमाह पेंशन, घरेलू और कुटीर उद्योगों को 10 साल तक जीएसटी और इनकम टैक्स से छूट दिलाने की भी मांग की। नगर अध्यक्ष प्रदीप शुक्ला, रवि जायसवाल, मयंक सक्सेना, डॉ. उमाशंकर, अखिलेश शर्मा, कुलदीप, विजय पाल विक्की, गौरव पांडे, आशीष गुप्ता, विनोद सैनी, संजय गुप्ता, बृजेश शुक्ला, दलजीत सिंह, नितिन वर्मा, वसीम, सैय्यद जफर अली, आसिफ खान आदि थे।

- **व्यापारियों के हितों का ध्यान रखने के लिए 12 सूत्रीय मांगें रखीं**

पूरनपुर एसडीएम को ज्ञापन देते व्यापारी। ● अमृत विचार

प्रा. वि. बिठौरा कलाँ वि. क्षे. मरौरी न्यायपंचायत-बिठौरा कलाँ, पीलीभीत

पत्रांक : विज्ञप्ति/431-433 **नीलामी सूचना** दि. 16.07.24

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि प्रा. वि. बिठौरा कलाँ वि. क्षे. मरौरी न्यायपंचायत-बिठौरा कलाँ जिला पीलीभीत के विद्यालय प्रांगण में खड़े एक बेरी के पेड़ की नीलामी दिनांक 25.07.2024 दिन गुरूवार को समय दोपहर 2 बजे प्राथमिक विद्यालय बिठौरा कलाँ के प्रांगण में की जाएगी। वन विभाग के मूल्यांकन के अनुसार बेरी के पेड़ की न्यूनतम बोली 14,133/- से प्रारम्भ की जाएगी। जो भी सज्जन उपरोक्त वृक्ष को लेना चाहे वह प्राथमिक विद्यालय बिठौरा कलाँ में आकर नीलामी वाले वृक्ष को भली भाँति देख लें और निर्धारित नीलामी तिथि व समय पर उपस्थित होकर निर्धारित जमानत राशि 1000/- रूपये व पहचान पत्र की मूल प्रति के साथ छाया प्रति जमा कर नीलामी में प्रतिभाग कर सकते है। नीलामी से सम्बन्धित नियम व शर्तो की जानकारी के लिए विद्यालय कार्य दिवस एवं समयावधि में संपर्क किया जा सकता है।

सचिव (प्रधानाध्यापक)-विद्यालय प्रबन्ध समिति
(प्रा.वि. बिठौरा कलाँ) वि.क्षे. मरौरी, जिला पीलीभीत

कार्यालय नगर पंचायत फतेहगंज पूर्वी बरेली

पत्रांक:- 577/न.पं.फ.पू./2024-25 दिनांक : 16.07.2024

सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि निदेशक स्थानीय निकाय निदेशालय, गोमती नगर विस्तार-7, उ.प्र. कार्यालय पत्र संख्या 4/319/स्व.शौ/2022-23, लखनऊ दिनांक 06.05.2024 के क्रम में मा. उच्चतम न्यायालय में दाखिल रिट याचिका संख्या-324 ऑफ 2020 डा. बलराम सिंह बनाम यूनियन ऑफ इण्डिया में पारित आदेश दिनांक 20.10.2023 के अनुपालन में प्रदेश के नगरीय क्षेत्र में मैनुवल स्कैवेंजरों एवं अस्वच्छ शौचालयों का सर्वेक्षण नगर पंचायत फतेहगंज पूर्वी सीमान्तर्गत स्थित समस्त 10 वार्डों में किया जा रहा है। अत: कोई भी सर्वसाधारण दिनांक 23.07.2024 तक कार्यालय नगर पंचायत फतेहगंज पूर्वी में उपस्थित होकर या श्रीमती धनदेवी उर्फ शशी श्रीवास्तव कार्यालय लेखा/लिपिक मोबाईल नं. 8273107380 से सम्पर्क कर अस्वच्छ शौचालयों तथा मैनुवल स्कैवेंजरों की सूचना दे सकता है। जिससे इनका नियमानुसार सर्वेक्षण/चिन्हीकरण का कार्य पूर्ण किया जा सके।

अधिशासी अधिकारी
न.पं. फतेहगंज पूर्वी
बरेली

टैक्स दरों में कटौती हो, आयकर सीमा बढ़े और बाढ़ से नुकसान का मुआवजा मिले

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

अमृत विचार: व्यापारियों ने मंगलवार को विभिन्न मांगों को लेकर वित्तमंत्री को संबोधित ज्ञापन डीएम संजय कुमार सिंह को सौंपा। इसमें बाढ़ से हुए नुकसान को लेकर मुआवजा देने की मांग की गई है।

उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के जिलाध्यक्ष अफरोज जिलानी के निर्देश पर पदाधिकारी मंगलवार के कलेक्ट्रेट पहुंचे और ज्ञापन सौंपा। जिसमें बताया कि बीते दिनों जनपद में बाढ़ आ गई थी। व्यापारियों के गोदाम और दुकानों में भी कई फीट तक जलभराव हो गया था। इसमें काफी नुकसान हुआ। इसका मुआवजा दिलाया जाए।

इसके अलावा टैक्स दरों में कटौती, आयकर सीमा बढ़ाने, जीएसटी का सरलीकरण एवं दरों में कटौती, अनाज सहित रोज खाने वाली वस्तुओं पर टैक्स हटाने, व्यापारियों को जीवन बीमा, निरंतर टैक्स भरने वाले को पेंशन, नए व्यापार शुरू करने के लिए

डीएम संजय कुमार सिंह को ज्ञापन सौंपते व्यापारी। ● अमृत विचार

सहायता व प्रोत्साहन, बैंकों द्वारा कम से कम ब्याज दरों पर ऋण उपलब्ध कराने, बिजली दरों को कम करने, ऑनलाइन कंपनियों द्वारा सामान बिक्री को सीमित करने और मध्यम वर्ग के लोगों लिए सहूलियत आदि मांगे रखी गई। ज्ञापन देने वालों में पंकज अग्रवाल, अनिल महेंद्रु , रणवीर पाठक, शैली शर्मा, आरके शर्मा, प्रदीप श्रीवास्तव, विक्रांत मिश्रा, गौतम गुहा, आशीष सक्सेना,वीरेंद्र रस्तोगी, मुस्तकीम, ऋषि कनौजिया , आकाश सक्सेना , अतुल जायसवाल, रशीद अंसारी, मोहम्मद हसन खान,सुनील वर्मा, बबलू खान, बिंदु शर्मा, कंचन सक्सेना, आशीष लोधी, सपना यादव, सोभनी सिंह, परमजीत कौर, सौरभ यादव आदि थे।

- **व्यापार मंडल पदाधिकारियों ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर वित्तमंत्री को संबोधित ज्ञापन डीएम को सौंपा**

कार्यालय नगर पंचायत शेरगढ़-बरेली

पत्रांक : 262/न.प. शेरगढ़/वर्ष 2024-25 दिनांक : 16.07.2024

सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि निदेशक स्थानीय निकाय निदेशालय, गोमती नगर विस्तार-7, उ.प्र. कार्यालय पत्र संख्या 4/319/स्व.शौ/2022-23, लखनऊ दिनांक 06.05.2024 के क्रम में मा. उच्चतम न्यायालय में दाखिल रिट याचिका संख्या-324 ऑफ 2020 डा. बलराम सिंह बनाम यूनियन ऑफ इण्डिया में पारित आदेश दिनांक 20.10.2023 के अनुपालन में प्रदेश के नगरीय क्षेत्र में मैनुवल स्कैवेंजरों एवं अस्वच्छ शौचालयों का सर्वेक्षण नगर पंचायत शेरगढ़ सीमान्तर्गत स्थित समस्त 12 वार्डों में किया जा रहा है। अत: कोई भी सर्वसाधारण दिनांक 18 जुलाई 2024 तक कार्यालय नगर पंचायत शेरगढ़ में उपस्थित होकर श्री धर्मवीर गंगवार कार्यालय लेखा/लिपिक मोबाईल नं. 9456932292 से सम्पर्क कर शौचालय तथा मैनुवल स्कैवेंजरों की सूचना दे सकता है। जिससे इनका नियमानुसार सर्वेक्षण/चिन्हीकरण का कार्य पूर्ण किया जा सके।

अधिशासी अधिकारी **अध्यक्ष**
नगर पंचायत शेरगढ़ **नगर पंचायत शेरगढ़**
जनपद-बरेली **जनपद-बरेली**

कार्यालय ग्राम पंचायत सदापुर विकास खंड पुवायां जिला शाहजहांपुर

पत्रांक : ग्रा.पं./2024-25 **निविदा आमंत्रण सूचना** दिनांक : 16.07.24

सभी पंजीकृत फर्मों एवं आपूर्तिकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत सदापुर की कार्य योजना के अनुसार वर्ष 2024-25 में पन्द्रहवां वित्त/पंचम राज्य वित्त आयोग/ आर.जी.एस.ए./आई.सी.डी.एस./ स्वच्छ भारत मिशन ग्राम निधि 6 व केन्द्रीय वित्त एवं आयोग तथा मनरेगा योजना के अंतर्गत प्राप्त धनराशि से सीसी रोड नव निर्माण नव नाली निर्माण एवं नाली मरम्मत, खडंजा नव निर्माण एवं खडंजा मरम्मत, ठोस तरल अपशिष्ट प्रबन्ध कार्य, मिट्टी कार्य, फर्नीचर क्रय, स्ट्रीट लाइट, सोलर लाइट स्थापना / अनुरक्षण हैंड पम्प रिबोर/ अनुरक्षण हयूम पाइप क्रय, वाल पेन्टिंग, स्कूल शौचालय निर्माण/ मरम्मत, आंगनबाड़ी शौचालय निर्माण/ मरम्मत स्कूल, बाउंड्री वाल नव निर्माण एवं मरम्मत पंचायत घर नव निर्माण एवं मरम्मत, पशु शेड निर्माण, शोक पिट निर्माण, सार्वजनिक शौचालय मरम्मत अंत्येष्टि स्थल, नव निर्माण एवं मरम्मत गौशाला निर्माण व रखरखाव, वृक्षारोपण आंगनबाड़ी भवन नव निर्माण एवं मरम्मत, स्कूल कायाकल्प, वाटर हार्वेस्टिंग, पानी की टंकी निर्माण, पंचायत घर की बाउंड्रीवाल निर्माण खाद के गड्ढ़ों का निर्माण एवं अन्य कार्य कराए जाने है। उक्त वर्णित कार्यो के लिए सामग्री क्रय हेतु जिसमें ईंट, रोड़ा, सीमेन्ट, मोरिंग, सरिया, बजरी, टाइल्स, पाइप, इंटरलॉकिंग ईंट, हयूम पाइप, सोलर लाइट, ई-रिक्शा, स्ट्रीट लाइट, स्टेशनरी प्रचार-प्रसार बोर्ड व पटान हेतु मिट्टी, राख, सैनीटाइजर व फागिंग कार्य, सफाई कार्य हेतु ठेली क्रय मरम्मत, स्प्रे मशीन, सफाई किट, मास्क क्रय, पी.पी.आई. किट, दिव्यांग शौचालय, हर्बल पार्क, ओपन जिम, गौशाला निर्माण कार्य, पंचायत कार्यालय हेतु समस्त उपकरण आदि एवं अन्य सामग्री वस्तुओं की आपूर्ति के लिए सीलबन्द निविदाएं ग्राम पंचायत के कार्यालय पर अपरान्ह 3 बजे तक दिनांक 19.07.2024 तक आमंत्रित की जाती है। जिसे दिनांक 19.07.2024 को 04.00 बजे खोला जायेगा। बिना किसी अग्रिम सूचना के टेंडर को निरस्त करने का पूर्ण अधिकार ग्राम पंचायत को होगा।

ग्राम प्रधान-अमित कुमार **सचिव- राजनरायन सिंह**

क्षतिग्रस्त तटबंध का एक्सईएन ने किया निरीक्षण

पूरनपुर, अमृत विचार: बीते दिनों आई बाढ़ से चंदिया हजारा में शारदा नदी पर बना तटबंध चार जगह से कट गया था। इससे बाढ़ का पानी आबादी में घुस गया था। ग्रामीणों ने पत्र भेजकर केंद्रीय राज्य मंत्री जितिन प्रसाद से क्षतिग्रस्त हुए तटबंध को सही करने की मांग की थी। मंगलवार को बाढ़ खंड के एक्सईएन आशुतोष कुमार ने चंदिया हजारा पहुंचकर क्षतिग्रस्त तटबंध का निरीक्षण किया । उन्होंने एसडीओ व जेई को शीघ्र तटबंध सही करने के निर्देश दिए। ग्रामीणों ने बताया कि तटबंध न बनने से बाढ़ का संकट झेलना होगा।

प्रेस क्लब की बैठक में कई बिंदुओं पर हुई चर्चा

पीलीभीत,अमृत विचार: जिला पंचायत सभागार में मंगलवार को प्रेस क्लब पीलीभीत की बैठक संपन्न हुई। जिसमें कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की गई। पंद्रह अगस्त को पौधरोपण व मीडियाकर्मियों का मेडिकल चेकअप को लेकर चर्चा कर सुझाव लिए गए।

अध्यक्ष केशव अग्रवाल, महामंत्री तारिक कुरैशी, संरक्षक संदीप सिंह की अगुवाई में हुई बैठक में कई बिंदु रखे गए। वर्तमान में मीडिया लाइन से बाहर हो चुके और निष्क्रिय सदस्यों को क्लब से बाहर करने का प्रस्ताव रखा गया। इस पर कुछ पुराने सदस्यों की निष्क्रियता पर सदस्यता समाप्त कर दी गई। रिक्त पदों पर नए पदाधिकारी चुने गए। वैभव शुक्ला उपाध्यक्ष, अमित अल्प को मंत्री बनाया

- **उपाध्यक्ष व मंत्री पद पर सौंपी गई जिम्मेदारी**

गया। संगठन के विस्तार के लिए तहसील स्तर के साथियों को भी जोड़ने का प्रस्ताव रखा गया। सदस्यों की जिम्मेदारी तय की गई ।ण्इस मौके पर वरिष्ठ उपाध्यक्ष सैयद परवेज, अमित अल्प, डॉ. नीलेश कटियार, गिरजा शंकर त्रिवेदी, जिला संयुक्त बार एसोसिएशन के अध्यक्ष धीरेंद्र मिश्रा,सत्येंद्र गंगवार, आरबी सिंह, सुनील यादव, सूर्यप्रकाश शर्मा, सौरभ सिंह, रितेश बाजपेई उर्फ़ मुन्नू, शुभम मिश्रा, अदनान खान, जावेद शेख, विकास दीक्षित, प्रियांशु सक्सेना, शाहिद खान,कुलदीप कल्प,प्रांजल गुप्ता आदि मौजूद रहे।

मंडलीय अभियंता ने जल जीवन मिशन की जानी हकीकत

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

अमृत विचार: मंडलीय अभियंता ने मंगलवार को जनपद में जल जीवन मिशन के तहत हर घर नल योजना की निर्माणाधीन परियोजनाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने ब्लॉक मरौरी, अमरिया व ललौरीखेड़ा में योजना के तहत कराए जा रहे कार्यों का जायजा लिया और अधिशासी अभियंता को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

प्रमुख सचिव ने प्रदेश के सभी जिलों में जल जीवन मिशन के तहत के तहत कराए जा रहे कार्यों की हकीकत जानने के लिए मंडलीय अभियंताओं को निरीक्षण करने के निर्देश दिए थे। इसी क्रम में मंडलीय अभियंता एके सिंह ने जनपद में पहुंचकर हर घर नल योजना के तहत कराए जा रहे कार्यों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मरौरी ब्लॉक के गांव कल्यानपुर नौगवां, अमरिया के गांव पंसोली और ललौरीखेड़ा ब्लॉक के गांव कढ़इया नवादा में पहुंचकर योजना के तहत कराए जा रहे कार्यों

पंसोली गांव में निरीक्षण के दौरान महिला से जानकारी लेते मंडलीय अभियंता एके सिंह।

- **तीन ब्लॉकों में हर घर नल योजना के तहत हुए कार्यों का किया निरीक्षण**
- **अधिशासी अभियंता को जल्द कार्य पूरा कराने के दिए निर्देश**

का जायजा लिया। उन्होंने कैंपस, वॉटर टैंक, घर-घर कनेक्शनों, पाइप लाइन की स्थिति देखी। अधिकारियों से क्लोरीनेशन के बारे में जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों से भी बातचीत कर पानी सप्लाई के बारे में जानकारी की। मंडलीय अभियंता को बताया कि कल्याणपुर नौगवां और पंसोली में 90 फीसदी कार्य पूरा हो चुका है। जबकि कढ़इया नवादा गांव में शत-प्रतिशत कार्य पूरा कर लिया गया है। उन्होंने जल निगम के अधिशासी अभियंता मनीष कुमार को सभी परियोजनाओं का कार्य समय से पूरा कराने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान एई मनोज कुमार, मोहम्मद शफीक, जेई नफीस अहमद, इमामत हुसैन, आशुतोष कुमार समेत कार्यदायी संस्था के प्रोजेक्ट मैनेजर धर्मेंद्र कुमार सिंह, कृष्ण चंद्र शर्मा आदि मौजूद रहे।

कार्यालय सहायक अभियन्ता प्रथम उपखण्ड बैगुल बॉध सिंचाई खण्ड, बरेली

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि प्रथम उपखण्ड बैगुल बॉध सिंचाई खण्ड, बरेली से सम्बन्धित निम्नलिखित नीलामी दिनांक-22.07.2024 को समय पूर्वान्ह 11:30 बजे कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, सिंचाई खण्ड, 117 सिविल लाईन बरेली में अधोहस्ताक्षरकर्ता एवं नीलाम समिति के समक्ष सम्पन्न की जायेगी।

जो व्यक्ति नीलामी लेने का इच्छुक हो वह कृपया निश्चित तिथि समय व स्थल पर उपस्थित होकर नीलामी में भाग ले सकते हैं नीलामी हेतु निर्धारित की गयी तिथि को अवकाश होने की दशा में नीलामी अगले कार्यदिवस में की जायेगी।

क्रमांक	नाम नीलाम	धरोहर धनराशि	नीलामी अवधि
1	बैगुल बॉध के भीतरी भाग से .भसीडे निकालने का नीलाम।	63200.00	स्वीकृति की तिथि से 30.06.2025 तक।
2	बैगुल बॉध के अन्दर घास,पूला,बीट,सीक,आदि का नीलाम।	3450.00	स्वीकृति की तिथि से 30.06.2025 तक।

नोट-

1. उपरोक्त कॉलम 2 (नाम नीलामी) में अंकित नीलामी लेने के इच्छुक व्यक्ति नीलामी से पूर्व में नीलामी स्थल का निरीक्षण कर सुनिश्चित कर लें एवं तदानुसार ही बोली लगाये इस संबंध में विभाग का कोई उत्तरदायित्व नही होगा।
2. प्रत्येक बोली बोलने वाले व्यक्ति को नीलामी प्रारम्भ होने से पूर्व जिलाधिकारी द्वारा जारी / प्रमाणित चरित्र प्रमाण पत्र एवं उपरोक्तानुसार धरोहर धनराशि एफ0डी0आर0/ ड्राफ्ट / चौक के रूप में जो अधिशासी अभियन्ता सिंचाई खण्ड, बरेली के नाम बन्धक / जारी हो।
3. नीलामी में भाग लेने वाले प्रत्येक बोलीदाता को रू0 10.00 के स्टाम्प पेपर पर नीलामी की शर्तो का उपखण्डीय कार्यालय में / सूचना पट पर अवलोकन के उपरान्त स्वीकार होने की लिखित सहमति देनी होगी।
4. नीलामी हेतु फोटो पहचान पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
5. सर्वोच्च बोली बोलने वाले को नीलामी बोली की 25 प्रतिशत धनराशि ड्राफ्ट के रूप में तत्काल जमा करनी होगी शेष बकाया धनराशि एक सप्ताह के अन्दर खण्डीय कार्यालय में जमा करनी होगी एवं उस पर देय समस्त कर (स्टैम्प शुल्क व अन्य) जमा करना अनिवार्य होगा ताकि नीलामी की स्वीकृति प्रदान करने पर विचार किया जा सके, ऐसा न करने पर उसके द्वारा जमा धरोहर धनराशि एवं 25 प्रतिशत बोली धनराशि राजकीय हित में जब्त कर ली जायेगी।
6. अधिशासी अभियन्ता सिंचाई खण्ड, बरेली को बिना कारण बताये नीलामी को अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रहेगा। शासकीय हित में अपरिहार्य परिस्थितियों / अवश्यम्भावी घटनाओं / प्राकृतिक आपदा के घटित होने पर एक सप्ताह की पूर्व सूचना देकर नीलामी को निरस्त किया जा सकता है।
7. धरोहर धनराशि के रूप में जमा ड्राफ्ट / एफ0डी0आर0 /चौक (बन्धक अधिशासी अभियन्ता सिंचाई खण्ड, बरेली) की धनराशि को नीलामी की धनराशि में शामिल नही किया जायेगा जिस व्यक्ति के नाम नीलामी छूटेगी उसके द्वारा जमा धरोहर धनराशि जमानत के रूप में विभाग में रहेगी, जिससे यदि नीलाम लेने वाले के द्वारा नहर बन्धे या नीलाम लेने वाले स्थान में कोई क्षति पहुँचायी जाती है तो उसी धनराशि से वसूला जायेगा और उसके विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी अन्यथा नीलामी अवधि समाप्त होने के 6 माह उपरान्त वापस कर दी जायेगी।
8. नीलामी बोली में उपस्थित बोलीदाता कोविड-19 के निर्देशों का पालन करते हुये सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करेंगे एवं मात्र नीलामी बोलीकर्ता ही उपस्थित रहेगा।
9. उच्च बोलीदाता को नीलाम अधिकार अधिशासी अभियन्ता, सिंचाई खण्ड बरेली से नीलामी स्वीकृति होने के उपरान्त ही प्रदान किये जायेंगे।
10. शिकारमाही हेतु केवल निर्धारित मानक के जालों का प्रयोग ही मान्य होगा। प्रतिबन्धित साइज /भार 1.5 किग्रा0 से कम की भारतीय मेजर कार्य एवं महाशेर की मछली नही निकाली जा सकेगी। 01 जुलाई से 30 सितम्बर तक शिकारमाही पूर्ण रूप से प्रतिबंधित होगी।
11. प्रतिबंधित जल जीवों का बिल्कुल शिकार नही किया जायेगा। मछली मारने हेतु बिस्फोटक पदार्थ, जहरीली दबाओं एवं बिजली के करन्ट आदि का प्रयोग नही किया जायेगा।
12. कर्मचारियों पर अनुचित दवाव डालकर या आपराधिक बल प्रयोग की धमकी देकर जबरन सिंचन हेतु जमा की गयी बहुमूल्य जलराशि को व्यर्थ में बहाने पर तत्काल नीलामी को निरस्त कर दिया जायेगा एवं सुसंगत धाराओं मे एफ0आई0आर0 दर्ज कराकर बहुमूल्य जलराशि का मूल्य आंकलित कर सम्पूर्ण मूल्य जिलाधिकारी के माध्यम से बसूला जायेगा।
13. परिचालन में कोई हस्तक्षेप करने का अधिकार नही होगा।
14. बाजार भाव के घटाव या वढोत्तरी से होने वाले हानि या लाभ की जिम्मेदारी सिंचाई विभाग की नही होगी और न ही कोई मुआबजा सिंचाई विभाग द्वारा दिया जायेगा।
15. मत्स्य आखेट हेतु लगाये गये श्रमिक, संयत्र एवं सुरक्षा तथा श्रम कानूनों का अनुपालन नीलामी लेने वाले व्यक्ति को करना अनिवार्य होगा।
16. नीलाम लेने वाला व्यक्ति विना अनुमति सिंचाई विभाग की भूमि, भवन का प्रयोग अपने निजी व्यवसाय हेतु नही करेगा।

सहायक अभियन्ता
प्रथम उपखण्ड बैगुल बॉध
सिंचाई खण्ड, बरेली

UP-217468 दिनांक 16.07.2024
विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in पर उपलब्ध है।

कार्यालय जिला कृषि अधिकारी, बरेली

पत्रांक: 309/4-कृषि/छानस नीलामी/2024-25 दिनांक : 16.07.2024

नीलामी सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि जनपद के राजकीय कृषि बीज सम्बर्द्धन प्रक्षेत्र नबावगंज, बरेली पर वर्ष 2022-23 में विद्यायन उपरान्त प्राप्त छानस, अयोग्य बीज एवं मिक्सचर/प्रजाति के सम्मुख अंकित नीलामी हेतु उपलब्ध है, जिसके लिए सशर्त नीलामी जिला कृषि अधिकारी बरेली कार्यालय में दिनांक 30.7.2024 को अपरान्ह 2:00 बजे खुली बोली के रूप में की जायेगी।

जिसका विवरण निम्नवत् है :-

क्र.सं.	फसल/प्रजाति	छानस की मात्रा (कु. में)
01	गेहूँ छानस	129.65
02	गेहूँ मिक्सचर	7.40
03	गेहूँ अयोग्य बीज	5.00
04	चना मिक्सचर	0.02
05	धान छानस	176.90
06	धान मिक्सचर	48.30
07	धान अयोग्य बीज	40.00

उपरोक्त छानस की नीलामी निम्नलिखित शर्तो के अधीन की जायेगी :-

1. नीलामी दिनांक 30.7.2024 को खुली बोली के रूप में अपरान्ह 2:00 बजे कार्यालय जिला कृषि अधिकारी, बरेली पर की जायेगी, इच्छुक बोलीदाताओं को कार्यालय जिला कृषि अधिकारी बरेली में प्रात: 11:00 बजे तक बोली से संबंधित निम्न प्रपत्र जमा करने होंगे।
2. खुली बोली वाले इच्छुक बोलीदाताओं को बोली बोलने से पूर्व जमानत धनराशि अंकन रु. 25000/- (रुपया पच्चीस हजार मात्र) का बैकड्राफ्ट राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निर्गत पदनाम "district agriculture officer bareilly" के पक्ष में देय होगा, अनिवार्य रूप से जमा करना होगा अन्यथा वह बोली में भाग नहीं ले सकेगा।
3. बोली समाप्त होने के बाद जिसकी बोली सबसे अधिक होगी उसे कुल बोली की धनराशि के आधे भाग की धनराशि का बैंकड्राफ्ट राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निर्गत पदनाम "district agriculture officer bareilly" के पक्ष में देय होगा अगले कार्य दिवस में अधोहस्ताक्षरी कार्यलय में प्रत्येक दशा में जमा करना होगा।
4. उपरोक्त छानस नीलामी का स्टाक राजकीय कृषि बीज प्रक्षेत्र नवाबगंज पर जाकर देखा जा सकता है।
5. बोली स्वीकृत होने के उपरान्त शेष धनराशि का बैकड्राफ्ट अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में जमा करने के उपरान्त एक सप्ताह के अन्दर स्टाक प्राप्त करना होगा।
6. यदि उक्त समय अन्तर्गत स्टाक नहीं उठाया जाता है तो प्रतिदिन रु. 2.00 प्रति कु. की दर से वसूली की जायेगी, 10 दिन बाद जमा की गयी जमानत धनराशि जब्त कर ली जायेगी।
7. स्टाक की तुलाई, ढुलाई, पल्लेदारी आदि का वहन बोलीदाता द्वारा स्वयं किया जायेगा।
8. देय मण्डी शुल्क/विकास शुल्क बोलीदाता को अलग से भुगतान करना होगा।
9. बिना किसी पूर्व सूचना के नीलामी स्वीकृत/अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार समिति के पास सुरक्षित रहेगा।
10. किसी विभाग अथवा संस्था द्वारा ब्लैक लिस्टेड फर्म के स्वामी/प्रतिनिधि नीलामी में भाग नहीं ले सकेंगे।
11. कृषि उत्पादन मण्डी समिति के लाईसेन्सधारी व्यापारी अथवा उनके द्वारा अधिकृत प्रतिनिधि (अधिकार पत्र की मूल प्रति प्रेस विज्ञप्ति के बाद की होनी चाहिए) ही नीलामी में भाग ले सकेगें। नीलामी के समय मण्डी लाईसेन्स, आधार कार्ड, पेन कार्ड एवं जी.एस.टी. पंजीयन प्रमाण-पत्र की मूल प्रति साथ लेकर आयेंगे।
12. बैंक ड्राफ्ट में आवेदक/फर्म का नाम जिसका होगा, उनको बोली में स्वयं उपस्थित रहना होगा। एवं बैंक ड्राफ्ट की तिथि प्रेस विज्ञप्ति के बाद की होनी चाहिए।

ऋतुषा तिवारी
जिला कृषि अधिकारी
बरेली

बारा बिजलीघर की एक इकाई ठप, बिजली संकट गहराया

प्रदेश में बिजली की अधिकतम मांग 29 हजार मेगावाट के पार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: गर्मी व उमस के कारण प्रदेश में बिजली की मांग फिर बढ़ रही है। मंगलवार को अधिकतम मांग 29 हजार मेगावाट पार कर गई। इस बीच, बारा बिजलीघर की एक इकाई ठप हो जाने से बिजली संकट गहरा गया। एनर्जी एक्सचेंज से बिजली आयात कर स्थिति काबू में गई, जबकि घोषित कटौती के कारण प्रदेश के गावों, तहसीलों व नगर पंचायत क्षेत्रों में लोग बिजली संकट से जूझते रहे।

उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन के सूत्रों के अनुसार बारा बिजलीघर की 660 मेगावाट क्षमता की इकाई में सुबह करीब 10 बजे तकनीकी खराबी आ गई। इससे बिजली उत्पादन ठप हो गया। इकाई को चालू करने का प्रयास किया गया, पर चालू नहीं हो सकी। इस इकाई के 19 जुलाई को चालू होने की संभावना बताई जा रही है। सूत्रों ने बताया कि ऊंचाहार बिजलीघर की 210 मेगावाट की एक इकाई बीती 11 जुलाई से बंद चल रही है, जबकि जवाहरपुर की 660 मेगावाट क्षमता की एक इकाई को मरम्मत के लिए बंद रखा गया है। इस इकाई के 22 जुलाई को चालू होने की संभावना है।

तीन इकाइयों के बंद रहने से 1383 मेगावाट बिजली उत्पादन घट गया है। सूत्रों का कहना है कि बारिश के कारण पिछले दिनों मांग में काफी कमी आ गई थी, पर मंगलवार को अधिकतम बिजली मांग 29,142 मेगावाट दर्ज हुई। गर्मी व उमस के बीच प्रदेश के गांवों में छह घंटे और तहसील व नगर पंचायत मुख्यालय क्षेत्रों में ढाई घंटे की घोषित कटौती जारी रही।

पॉवर कॉरपोरेशन का राजस्व 17 प्रतिशत बढ़ा

लखनऊ, अमृत विचार : उत्तर प्रदेश पॉवर कॉरपोरेशन में 2023-24 में लगभग 17 प्रतिशत तक राजस्व बढ़ा है। प्रदेश में बिजली कनेक्शन की संख्या करीब 3.46 करोड़ और कुल बिजली भार 73,835 मेगावाट पहुंच गया है। कॉरपोरेशन के अधिकारियों ने बताया कि प्रदेश में बेहतर बिजली आपूर्ति उपलब्ध कराने के साथ ही राजस्व में बढ़ोतरी हो रही है। वर्ष 2022-23 की तुलना में वर्ष 2023-24 में राजस्व बढ़ोतरी 17 प्रतिशत से अधिक है। 2022-23 में कॉरपोरेशन ने 59,635 करोड़ रुपए राजस्व वसूल किया था, वर्ष 2023-24 में यह 17.63 प्रतिशत बढ़कर 70,153 करोड़ रुपए पहुंच गया है। वर्ष 2022-23 में उपभोक्ताओं की संख्या करीब 2.37 करोड़ व 2021-22 में 3.16 करोड़ से अधिक थी। मौजूदा उपभोक्ताओं में 60 प्रतिशत उपभोक्ता ग्रामीण क्षेत्रों में हैं।

सरकार ने बढ़ाया छात्रवृत्ति का बजट

लखनऊ, अमृत विचार : पिछड़ा वर्ग के छात्र-छात्राओं को बेहतर शिक्षा देने के लिए विभाग ने पूर्व दशम और दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजना में बजट बढ़ा दिया है। पिछड़े वर्गों के विकास एवं उनके शैक्षिक स्तर को उठाने के लिए विभाग की ओर से छात्रवृत्ति योजना ऑनलाइन संचालित की जा रही है। इसके तहत राजकीय विद्यालय, राजकीय सहायता प्राप्त एवं मान्यता प्राप्त शिक्षण संस्थाओं में अध्ययनरत अन्य पिछड़े वर्ग के पात्र छात्र/छात्राओं को प्रतिवर्ष छात्रवृत्ति का लाभ दिया जाता है। गत वर्ष पूर्व दशम में 7 लाख 58 हजार 44 विद्यार्थियों को योजना का लाभ मिला था और 160.16 करोड़ रुपये खर्च हुए थे। जबकि दशमोत्तर में 19 लाख 58 हजार 929 को लाभ मिला था और 2026.73 करोड़ रुपये खर्च हुए थे।

इस बार शासन ने पूर्व दशम में बजट बढ़ाकर 300 करोड़ और दशमोत्तर में 2175 करोड़ रुपये बजट का प्रावधान किया है। सितंबर के अंतिम सप्ताह या अक्टूबर से छात्रवृत्ति के लिए आवेदन शुरू होंगे। विभागीय अधिकारियों का कहना है कि ऑनलाइन आवेदन से पहले विद्यालयों को सूचना दी जाएगी।

लपटों में घिरी मां चीखती रही बेटा बनाता रहा वीडियो

थाने में ममता की चीख

संवाददाता, अलीगढ़

मां को थाना परिसर में आग के हवाले कर वीडियो बनाता बेटा। ● अमृत विचार

अमृत विचार: खैर थाने में कलियुगी बेटे की करतूत ने सभी को अचंभे में डाल दिया है। जो भी सुन रहा है, वो कह रहा है कि क्या बेटा भी ऐसा होता है। एक बेटा मां की ममता को कैसे भूल सकता है। मां को तड़पता हुआ कैसे देख सकता है। आग लगाने के बाद बेटा मां का वीडियो बनाता रहा और पुलिसकर्मी आग बुझाते रहे।

पूरे घटनाक्रम की वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुआ, जिसे देखने के बाद हर मां उस कलियुगी बेटे को कोस रही है और भगवान से यही दुआ कर रही है कि ऐसी औलाद देने से तो भला बेऔलाद ही रहें। गौरतलब है कि खैर थाने में एक बेटे ने मां को ही आग के हवाले कर दिया। मां की मौत हो गई और बेटे को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया और जेल भी भेज दिया जाएगा, लेकिन इस घटना ने मां बेटे के रिश्ते को तार तार कर दिया है। मां को आग के हवाले करने से पहले बेटे के हाथ क्यों नहीं कांपे। मां ने जिस बेटे को नौ माह तक पेट में रखा और अपने खून से सींचा। उसे बड़े होने के बाद भी उसकी ही चिंता में अपना जीवन निकाल दिया।

मकान को लेकर चल रहे विवाद में भी उसे अपने ही बेटे की चिंता थी। कुछ रिश्तेदारों ने थाने पर पुलिसकर्मियों को बताया कि हेमलता हमेशा अपने बेटे का ही भला सोचती थी। वह अपने ममिया ससुर के मकान में रहती थी, जिसे खाली करने को लेकर विवाद चल रहा था। वह हर बार यह कहती थी कि वह अपने बेटे को लेकर कहां चली जाए, यह उन्हें बता दें। बेटा ऐसा करेगा, यह कभी किसी ने सोचा भी नहीं था।

थाने में पंचायत के दौरान कुछ ऐसा नहीं लगा था कि दोनों जाने के बाद यह करेंगे। पुलिसकर्मियों को खुद ऐसा यकीन नहीं हो रहा है कि आखिरकार कोई बेटा ऐसा कैसे कर सकता है।

सार-संक्षेप

वाहन चेक करने गए एआरटीओ को बंधक बनाया

फर्रुखाबाद, अमृत विचार : कायमगंज कोतवाली क्षेत्र में एक विद्यालय में वाहन चेकिंग के लिए पहुंचे एआरटीओ सुभाष चंद्र को स्कूल प्रबंधतंत्र ने बंधक बना लिया। एआरटीओ ने इस मामले की सूचना एसपी को दी। एसपी के निर्देश पर विद्यालय पहुंचे एसडीएम दोनों पक्षों को थाने ले आए। एसडीएम कायमगंज रविंद्र सिंह ने बताया कि किरण पब्लिक स्कूल में एआरटीओ सुभाष चंद्र राजपूत विद्यालय के वाहनों की जांच करने गए थे। विद्यालय की ओर से छात्रों को लाने-ले जाने के लिए पांच वाहन संचालित किये जा रहे हैं। एआरटीओ ने जैसे ही विद्यालय के अंदर प्रवेश किया विद्यालय में मौजूद मृदुल गंगवार ने विद्यालय का फाटक बंद कर दिया और एआरटीओ के साथ अभद्रता करने लगे। एसडीएम ने बताया कि इसकी सूचना उन्हें दी गई तो वह दलबल के साथ यहां पहुंचे और दोनों पक्षों को थाने ले आए हैं। कई भाजपा नेता भी कोतवाली पहुंच गए। मृदुल गंगवार ने बताया कि वह पेशे से अधिवक्ता हैं और विद्यालय की प्रबंधक के पति हैं। नगर पालिका कायमगंज के अध्यक्ष शरद गंगवार के चाचा का स्कूल है। समाचार लिखे जाने तक दोनों पक्ष थाने में बैठे हुए थे। समझौता कराने का प्रयास किया जा रहा था।

खनन निदेशालय में अग्निकांड साजिश नहीं

लखनऊ, अमृत विचार : खनन निदेशालय में लगी आग साजिश का हिस्सा नहीं थी। यह आग सर्वप्रथम भवन के बाहर एकत्रित हुए पत्तों में लगी थी, जो सुलगते-सुलगते धीरे-धीरे कक्ष तक पहुंची। आग कक्ष की खिड़कियों के पर्दे और थर्माकोल के माध्यम से आग अंदर तक पहुंची और कुछ ही देर में आग ने बृहद रूप ले लिया। अगर स्थानीय चौकी पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम तत्काल न पहुंचती तो यह अग्निकांड बड़ा हो सकता था और पूरा भवन आग की चपेट में आ सकता था। इस अग्निकांड में कोई महत्वपूर्ण दस्तावेज भी नहीं जले। विस्तृत रिपोर्ट को एसटीएफ ने शासन को सौंप दी है। बता दें कि अग्निकांड की यह घटना नौ अप्रैल को घटी थी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने घटना का तत्काल संज्ञान लेते हुए इस अग्निकांड की जांच एसटीएफ को सौंप दी थी।

रिटायर्ड कैप्टन के घर से 50 लाख रुपये की चोरी

फतेहपुर, अमृत विचार : सेना के रिटायर्ड कैप्टन के घर से 50 लाख रुपये चोरी होने का मामला सामने आया है। परिजनों को जब जानकारी हुई तो पुलिस को सूचना दी। चोरी की सूचना पर डीएसपी कोतवाली पुलिस के साथ मौके पर पहुंचे और जांच पड़ताल में जुट गए। मकान खरीदने के लिए घर पर इतना कैश रखे होने की बात बताई गई है। सदर कोतवाली क्षेत्र के वीवीआईपी कॉलोनी के रहने वाले सेना से रिटायर्ड पूर्व कैप्टन हरि शंकर सिंह चौहान के घर पर रखे 50 लाख रुपये की चोरी हो गई। सुबह जब परिवार के लोगों को जानकारी हुई तो परिवार में हड़कंप मच गया। सूचना पर सदर डीएसपी वीर सिंह, कोतवाली प्रभारी राजेन्द्र सिंह पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और जांच पड़ताल में जुट गए। सीओ सिटी वीर सिंह ने बताया कि सीसीटीवी कैमरे की मदद ली जा रही है और घर के ऊपर तक चोर कैसे पहुचा जांच पड़ताल की जा रही है। चोरी के खुलासे के लिए दो टीमों को लगाया है।

संपत्ति विवाद में छोटे भाई ने बहन कुल्हाड़ी से काट डाला

मेरठ, एजेंसी। दौराला थाना क्षेत्र के रूहासा गांव में संपत्ति बंटवारे के विवाद में छोटे भाई ने मंगलवार को कुल्हाड़ी से मारकर बड़ी बहन की हत्या कर दी और मौके से फरार हो गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. विपिन टांडा ने बताया कि थाना दौराला क्षेत्र में आज एक परिवार में संपत्ति के बंटवारे को लेकर शुरू हुए वाद-विवाद के दौरान आवेश में आकर छोटे भाई अरविंद उर्फ नीटू ने अपनी बडी बहन रीटा (53) पर कुल्हाड़ी से वार कर दिया। बुरी तरह जख्मी रीटा को अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। रीटा का विवाह बागपत जिले के बड़ौत क्षेत्र के दोघट निवासी सुनील के साथ हुआ था। एसएसपी ने बताया कि घटना के संबंध में मृतका के पिता महावीर ने बेटी की हत्या के लिए अपने बेटे के खिलाफ तहरीर दी है। घटना के बाद आरोपी और हमलावर भाई फरार हो गया, जिसकी गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं।

कब-कहां होगी चेकिंग, बस मालिकों को रहती है खबर

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

● अभियान से पहले ही व्हाट्सएप पर पहुंच जाता है ब्यौरा

अमृत विचार। उन्नाव में स्लीपर बस हादसे के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पूरे प्रदेश में डग्गामार बसों के खिलाफ सघन चेकिंग अभियान छेड़ने के निर्देश दिए हैं। लेकिन इस चेकिंग अभियान की जानकारी सार्वजनिक हो जाने से डग्गामार वाहन स्वामी चैन की बंसी बजा रहे हैं।

सड़क दुर्घटना रोकने और अवैध बसों के संचालन पर रोक लगाने के लिए परिवहन आयुक्त के निर्देश पर परिवहन अफसरों की विभिन्न टोल प्लाजा पर ड्यूटी लगाकर बसों की नियमित चेकिंग करने के लिए आदेशित किया गया है, लेकिन 13 से 31 जुलाई तक प्रदेश स्तर पर की जाने वाली चेकिंग का पूरा ब्यौरा वाट्सएप के जरिए वाहन स्वामियों तक पहुंच गया है। चेकिंग अभियान की सूचना लीक होने के संबंध में जानकारी करने पर कानपुर के सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी आलोक कुमार ने बताया कि चेकिंग अभियान का पत्र मुख्यालय से जारी हुआ है। चेकिंग अभियान लगातार चलता रहेगा। इस पत्र की सूचना सार्वजनिक होने से कोई फर्क नहीं पड़ता है।

50 हजार का इनामी गैंगेस्टर मुंबई के धारावी से गिरफ्तार

लखनऊ, अमृत विचार: यूपी एसटीएफ ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 50 हजार के इनामी गैंगेस्टर तबरेज को मुंबई के धारावी से गिरफ्तार कर लिया है। अभियुक्त के खिलाफ पूर्वांचल के पांच अलग-अलग जिलों में 20 मुकदमें दर्ज हैं। एसटीएफ अभियुक्त को चार दिन के ट्रांजिट रिमांड पर लेकर यूपी ला रही है। एसटीएफ के डीएसपी संजीव दीक्षित ने बताया कि फूलपुर आजमगढ़ निवासी तबरेज पुलिस की कार्रवाई से बचने के लिए महाराष्ट्र के धारावी में रह रहा था। एसटीएफ लंबे समय से तबरेज की तलाश कर रही थी। संजीव दीक्षित ने बताया कि तबरेज पर आजमगढ़ में चार, अंबेडकरनगर में तीन, बस्ती में तीन, गोरखपुर में चार, संतकबीरनगर में तीन और आजमगढ़ में तीन मुकदमें दर्ज हैं।

निधन के बाद भी खाते में जाती रही पेंशन

उमानाथ तिवारी, गोंडा

अमृत विचार: वृद्धावस्था पेंशन योजना में फिर बड़ी गड़बड़ी सामने आई है। पिछले वित्तीय वर्ष में ऐसे पेंशन धारकों के खाते में भी पेंशन की धनराशि भेजी जाती रही, जिनकी मृत्यु हो चुकी है। सत्यापन के दौरान इसका खुलासा हुआ है। रिपोर्ट के मुताबिक राज्य सरकार की ओर से करीब पांच हजार मृतकों के खाते में पूरे साल पेंशन भेजी जाती रही और अधिकारियों को इसकी भनक तक नहीं लगी।

अब समाज कल्याण विभाग इस धनराशि के रिकवरी की तैयारी कर रहा है। आकलन हो रहा है कि आखिर कितनी राशि इनके खातों में भेजी गई। हालांकि पिछले दिनों आगरा, इटावा, हरदोई जिलों से भी पेंशन से जुड़ी ऐसी गड़बड़ियां सामने आ चुकी हैं। यही नहीं, उप्र. में किसान सम्मान निधि तक का भी लाभ हजारों किसानों ने उठा लिया था। सत्यापन के बाद उनसे वसूली करनी पड़ी थी। दरअसल, 60 वर्ष की आयु पूरी कर चुके लोगों के लिए सरकार की तरफ से वृद्धावस्था पेंशन योजना संचालित है। पेंशन धारकों को प्रतिमाह 1000 रुपए की पेंशन दी जाती है। जिले में करीब 1.20 लाख बुजुर्ग हैं, जिन्हें प्रतिमाह पेंशन का लाभ मिलता है।

इससे पहले भी कई प्रकरण आ चुके हैं सामने

इसी साल 20 मई को आगरा में 471 मुर्दे लगभग 8 करोड़ 51 लाख की पेंशन डकार गए। मामला खुला तो परिजनों से विभाग ने 8 करोड़ 51 लाख की रकम वसूली की। बीते साल जनवरी में हरदोई में वृद्धावस्था पेंशन के सत्यापन में समाज कल्याण विभाग को पता चला कि पेंशन का लाभ उन 13 हजार से ज्यादा लोगों को मिल रहा है, जो इस दुनिया में हैं ही नहीं। बाद में ऐसे लोगों की पेंशन ब्लॉक कर दी गई थी। इटावा में भी बीते साल अगस्त माह में 2 लाख 51 हजार किसान पीएम किसान योजना का लाभ ले चुके लोंगों में से लगभग दो हजार लोगों को अपात्र पाया गया।

सत्यापन के दौरान पांच हजार पेंशनधारक मृतक पाए गए हैं। इन सबकी पेंशन रोक दी गई है। इनके खाते में भेजी गई धनराशि का आकलन कराया जा रहा है। जल्द ही रिकवरी कराई जाएगी। **-राजेश चौधरी**, समाज कल्याण अधिकारी, गोंडा

मुख्यमंत्री के निर्देश पर मंडी शुल्क से छूट के नियम सरल

राज्य ब्यूरो, लखनऊ।

● अब सात दिन में लगेगी जिलाधिकारी की रिपोर्ट

अमृत विचार: मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में मंगलवार को राज्य कृषि उत्पादन मंडी परिषद के संचालक मंडल की 170वीं बैठक संपन्न हुई। अपने सरकारी आवास पर मंगलवार को हुई इस बैठक में मुख्यमंत्री ने नव स्थापित प्रसंस्करण इकाई को मंडी शुल्क से छूट देने की व्यवस्था का सरलीकरण किए जाने के निर्देश दिए।

वर्तमान में इकाई स्थापना के दिनांक से छह माह के भीतर मंडलायुक्त के समक्ष आवेदन करना होता है, जिसे मंडलायुक्त द्वारा रिपोर्ट के लिए जिला मैजिस्ट्रेट को भेजा जाता है। इस व्यवस्था का सरलीकरण करते हुए इकाई द्वारा आवेदन सीधे जिला मैजिस्ट्रेट के समक्ष ही किया जाए और जिला मैजिस्ट्रेट द्वारा अगले सात दिनों में रिपोर्ट के लिए मंडी समिति को भेज दिया जाए। मुख्यमंत्री के मुताबिक, गोरखपुर, मुजफ्फरनगर, मेरठ, बरीपाल और मुरादाबाद की मंडी समिति में खाद्य तेलों पर यूजर चार्ज लिए जाने की व्यवस्था है। व्यापारियों के हित में इसे समाप्त किया जाना चाहिए। यदि कोई व्यापारी वर्ष भर में मंडी की दुकान से जितने मूल्य के खाद्य तेलों का व्यापार करे, न्यूनतम उतने ही मूल्य के कृषि उत्पाद, जिन पर मण्डी शुल्क या यूजर चार्ज लिया जाता है, का भी भी व्यापार करे तो उनसे खाद्य तेल पर यूजर चार्ज न लिया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि, मंडी में किसानों के लिए सुविधा और सुरक्षा के सभी प्रबंध होने चाहिए। मंडियों में साफ-सफाई, जल निकासी की अच्छी व्यवस्था हो। कहीं भी अतिक्रमण नहीं होना चाहिए। प्रकाश की समुचित व्यवस्था हो। जलभराव की स्थिति न हो। शौचालय, पेयजल के पर्याप्त इंतज़ाम रखें। यहां किसानों के लिए विश्राम कक्ष और सस्ते दर वाली कैंटीन की व्यवस्था भी कराई जाए। विभिन्न विभागीय सम्पत्तियों की नीलामी अब मैनुअल के स्थान पर ई-ऑक्शन व्यवस्था से की जाए।

हाट-पैठ होगा निर्माण और मंडियों में बनेंगे कोल्ड रूम

नगरीय क्षेत्रों में भी हाट-पैठ निर्माण कराये जाने की मांग पर ध्यान देते हुए जिन नगर पंचायत, नगर पालिका अथवा नगर निगम में स्थानीय आवश्यकता के अनुरूप अच्छे हाट-पैठ बनाए जाएं। नए अधिसूचित नगरीय निकायों को प्राथमिकता दें। हाट-पैठ बनने के बाद संबंधित मंडी समिति द्वारा इसे नगर पंचायत, नगर पालिका अथवा नगर निगम को हस्तान्तरित कर दिया जाए। कृषि फसलों की सुरक्षा के लिए मंडियों में कोल्ड रूम तैयार कराया जाए। इससे किसान अपनी फसल को लंबे समय तक सुरक्षित रख सकेंगे।

2023-24 में लगभग 1862 करोड़ रु.की आय

मंडी शुल्क को न्यूनतम करने के बाद भी राजस्व से संग्रह में मंडियों का अच्छा योगदान है। वित्तीय वर्ष 2022-23 में जहां 1553 करोड़ रु. की आय हुई थी, वहीं 2023-24 में लगभग 1862 करोड़ रु.की आय हुई। वहीं वर्तमान वित्तीय वर्ष की पहली तिमाही में लगभग 400 करोड़ रु.का राजस्व संग्रहीत हो चुका है। मंडी शुल्क न्यूनतम होने के बाद भी मंडियों से राजस्व संग्रह में हुई बढ़ोतरी सराहनीय है। यह राजस्व किसानों के हित में ही व्यय किया जाए।

डेढ साल की बच्ची से दुष्कर्म, आरोपी को किया गिरफ्तार

फिरोजाबाद, अमृत विचार: थाना नारखी के एक गांव में युवक ने डेढ़ साल की बच्ची के साथ दुष्कर्म किया। वह बच्ची को बहला फुसलाकर चरी के खेत में ले गया। बच्ची के रोने की आवाज सुनकर आए लोगों ने आरोपी को पकड़ लिया और पुलिस के हवाले किया। पुलिस ने बच्ची को अस्पताल को इलाज के लिए भर्ती कराया है। बच्ची की हालत गंभीर बनी हुई है। नारखी थाना क्षेत्र के एक गांव का रहने वाला अंकुश गांव से डेढ़ साल की बच्ची को चरी के खेल में बहला फुसलाकर ले गया। युवक ने बच्ची के साथ दुष्कर्म किया। बच्ची के रोने की आवाज सुनकर राहगीर खेत में पहुंचे और युवक को पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया। इंस्पेक्टर बैजनाथ सिंह का कहना है कि आरोपी अंकुश को गिरफ्तार कर लिया गया है।

वर्ग पहेली-133

बाएं से दाएं

1.1. गैंडा 2. सुअर 3. मुरगा।
3.1. वह कथन जिसमें किसी मत या सिद्धांत का दृढ़तापूर्वक निरूपण किया गया हो 2. ऐसी प्रतिकृति जो ठीक मूल आकृति जैसी हो।
4.1. जलता हुआ कोयला आदि 2. मंगल ग्रह, मंगलवार 3. भृंगराज, भांगरा, कटसरैया नामक पेड़ 4. कार्बन नामक रासायनिक तत्व।
6. जिसके पास टके हों अर्थात धनी, धनवान।
7.1. काला, सांवला 2. मलिन, गंदा 3. मुरझाया हुआ, कुम्हलाया हुआ।
8.1. मंत्री, (मिनिस्टर) 2. मध्यकाल में बादशाह का सलाहकार, सचिव 3. शतरंज के खेल का एक मुहरा।

ऊपर से नीचे

2.1. शारीरिक, देह से संबंधित 2. देहजनित, शरीर से उत्पन्न।
3. बहुत तेज़ चाल
4. बीच की अवधि या समय, मध्यांतर, दो घटनाओं के बीच का समय।
5. वह असामी जो दूसरों की भूमि पर खेतीबारी करता हो, काश्तकार, कृषक, हलवाहा।



वर्ग पहेली -132 का हल

1 दा		2 र	3 स	वं	ती
ढ़ा			ट		
	4 अ	ध	प	ग	5 ला
	क		टा		ठी
6 मा	ल	वा	ह	क	
	बी		ट		7 मा
8 प	र	वा			टा

सुडोकू -46

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

		7	1				2	
		2		4	8	1		
	3			9		5	6	
	1	8		7				
9	4						7	1
				5		4	3	
	5	4		1			8	
		9	6	3		7		
	7				2	9		

सुडोकू -45 का हल

9	1	2	4	7	6	3	8	5
7	6	5	9	8	3	4	2	1
8	3	4	2	5	1	7	6	9
6	8	7	1	4	2	9	5	3
2	4	9	7	3	5	8	1	6
1	5	3	6	9	8	2	4	7
5	7	1	8	2	9	6	3	4
4	2	6	3	1	7	5	9	8
3	9	8	5	6	4	1	7	2

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 17 जुलाई बुधवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-आषाढ़, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-एकादशी 21.02 तक तत्पश्चात द्वादशी।

आज का पंचांग



दिशाशूल-उत्तर। ऋतु-वर्षा।
चन्द्रबल-वृषभ, मिथुन, कन्या, वृश्चिक, मकर, कुंभ।
ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र- अनुराधा 18 जुलाई 03.13 तक तत्पश्चात ज्येष्ठा।

मेष — आज आपकी कोई मनोकामना पूरी होगी। किसी उच्च पद प्रतिष्ठित व्यक्ति से मार्गदर्शन एवं सानिध्य मिलेगा व्यापार में बड़ा उन्नति कारक परिवर्तन होने के संकेत मिल रहे हैं। नौकरी में आपकी लगन एवं ईमानदारी कार्यशैली उच्चाधिकारियों को प्रभावित करेगी।

वृष — आज व्यापार में बार-बार अपना निर्णय न बदलें। इससे आपके सहयोगियों के मध्य हताशा व असमंजस्य बढ़ेगा। रोजगार की तलाश में इधर से उधर भटकना पड़ेगा। नौकरी में अधिकारियों से उचित दूरी बनाकर रखें।

मिथुन — आज किसी सामाजिक कार्य की जिम्मेदारी मिल सकती है। रोजगार की तलाश पूरी होगी। कोर्ट कचहरी के मामले में आई बाधा किसी मित्र के सहयोग से दूर होगी। व्यापार में नए सहयोगी बनेंगे। कृषि कार्य में सरकारी योजना का लाभ मिलेगा।

कर्क — आज कार्यक्षेत्र में व्यर्थ भागदौड़ बनी रहेगी। भोग विलास में अत्यधिक रुचि रहेगी। किसी अनचाही यात्रा पर जानना पड़ेगा। जमा पूंजी धन व्यर्थ कार्यों पर खर्च होगा। किसी वरिष्ठ परिजन के कारण व्यय हो सकता है। उद्योग धंधे में नए सहयोगी बनेंगे।

सिंह — आज किसी विशिष्ट व्यक्ति से सहयोग, सानिध्य मिलेगा। राजनीति में वर्चस्व स्थापित होगा। रोजगार के अवसर मिलेंगे। किसी अधूरे कार्य के पूरे होने के योग हैं। व्यापार में आय एवं व्यय में सामान्यता रहेगी। किसी अधूरे कार्य के पूरे होने के योग हैं।

कन्या — आज आपको मनचाहे स्थान पर तैनाती मिल सकती है। भूमि के क्रय विक्रय, कृषि कार्य में लगे लोगों को परिजनों मित्रों का सहयोग मिलेगा। किसी अधूरे कार्य के पूरे होने से मनोबल में वृद्धि होगी। आपकी कार्यशैली लोगों को प्रभावित करेगी।

तुला — आज धन की कमी का सामना करना पड़ सकता है, जो भी काम करें पहले उसकी योजना बना लें। अनुचित खानपान के कारण पाचन खराब होने की आशंका है। आजीविका के क्षेत्र में कार्यरत व्यक्तियों की व्यक्तिगत समस्याएं बढ़ सकती है। नौकरी में अपने कार्य के प्रति अधिक ध्यान दें।

वृश्चिक — आज धार्मिक क्रियाकलापों में अभिरुचि बढ़ सकती है। कार्यक्षेत्र में चली आ रही विभिन्न बाधाएं कम होगी। आय के स्रोतों में वृद्धि होगी। व्यवसाय के क्षेत्र में कार्यरत व्यक्तियों को नवीन व्यवसाय के प्रति अभिरुचि बढ़ेगी।

धनु — आज आजीविका के क्षेत्र में कार्यरत व्यक्तियों की व्यक्तिगत समस्याएं बढ़ सकती है। नौकरी में अपने कार्य के प्रति अधिक ध्यान दें। व्यवसाय के क्षेत्र में सलंग्न लोगों को व्यापार में लाभ होने की अच्छी संभावना है। आपके साहसिक कार्य की कार्यक्षेत्र में चारों चर्चा होगी।

मकर — आज दिन की शुरुआत अधिक सुख एवं उन्नति कारक रहेगी। किसी लंबी दूरी की यात्रा अथवा विदेश यात्रा पर जाने के योग बनेंगे। धार्मिक क्रियाकलापों में रुचि बढ़ सकती है। व्यवसाय के क्षेत्र में कार्यरत व्यक्तियों को नवीन व्यवसाय के प्रति अभिरुचि बढ़ेगी।

कुंभ — आज शुभ समाचार मिलेगा। समाज में उच्च पद प्रतिष्ठित व्यक्तियों के साथ संपर्क करेंगे। व्यवसाय के क्षेत्र से जुड़े हुए व्यक्तियों को व्यापार में लाभ एवं उन्नति के योग बनेंगे। आजीविका नौकरी के क्षेत्र में संलग्न लोगों को परिश्रम का फल प्राप्त होगा।

मीन — आज अपनी कार्यक्षमता को बढ़ाने का प्रयास करेंगे। व्यवहार को अच्छा बनाए रखें। पढ़ाई में अधिक मुश्किल और परिश्रम करने की आवश्यकता रहेगी। कोर्ट कचहरी के मामलों में सतर्कता रखें। नई संपत्ति खरीदने के योग बन रहे हैं।

आज की फिल्में

B4U MOVIES
राम बलराम — सुबह : 09.47
बुलेट रानी — शाम : 05.12

&pictures
थलाइवी — सुबह : 11.04
राधे — शाम : 05.14

SONY PIX
द डार्क नाइट — सुबह : 11.35
जॉन रैम्बो — रात : 09.00

ZEE CINEMA
टीबीए — सुबह : 09.54
लगान — दोपहर : 03.24

colors CINEPLEX
दस — सुबह : 09.26
मद्रास कैफे — रात : 09.55

आज की सुपरहिट फिल्म

एंड पिक्चर्स पर शाम : 05.14 बजे

जोक्स ऑफ द डे

पत्नी- मेरा वजन कैसे कम होगा?
पति- अपनी गर्दन को दाएं से बाएं हिलाती रहो।
महिला- अच्छा, पर ये किस समय करूं?
पति- जब कोई खाने को पूछे।

चिंटू जंगल में जा रहा था, अचानक भालू देखकर सांस रोककर जमीन पर लेट गया।
ये देखकर भालू आया और चिंटू के कान में बोला- भूख नहीं है, वरना सारी होशियारी निकाल देता।

बरेली मंडी

वनस्पति तेल तिलहन -तुलसी 2075, राज श्री 1400, फ़ॉर्चून कि. 1765, रविन्द्रा 1975, फॉर्चुन ली. 1615, जय जवान 1525, सचिन 1515, सूरज 1550, अवसर 1650, राग गोल्ड 1605, गृहणी 1495, क्लासिक (किलो) 1715, मोर 1590, चक्र टिन 1890, ब्लू 1615, आशीर्वाद मस्टर्ड 1920, स्वास्तिक 2045 । किराना- (प्रतिकु.) हल्दी निजामाबाद 19000, जीरा 35000, लाल मिर्च 19500-25000, धनिया 9000-11000, अजवायान 15500-23000, मेथी 7400, सौंफ 9000-13000, सोंठ 41000, (प्रतिकि0) लौंग 920-1000, बादाम 580-680, काजू 2 पीस 600, किसमिस पीली 140-180, मखाना 650-900 । चावल - (प्रति कु0) डबल चाबी सेला 10150, स्पाइस 7700, शरबती कच्ची 5150, शर्बती स्टीम 5200, डायमंड मंसूरी 4700, महबूब सेला 4550, गौरी रॉयल 9300, राजभोग 7350, हरी पत्ती (1किलो,5किलो) 10600, हरी पत्ति नेचुरल नया 10500, जेनिथ 10700, गलैक्सी 7400, सूमो 3900, पतंजलि गोल्डन सेला 7900, मंसूरी पनघट 4800, खजाना 4800 । दाल दलहन-_मूंग दाल इंदौर 10900, मूंग धोवा काला क्राउन 10800, राजमा चित्रा 13700-14600, राजमा भूटान नया 12300, मलका काली 7050-7500 मलका दाल 7575-7900, मलका छाँटी 7500, दाल उड़द बिलासपुर 10200-10900, मसूर दाल छोटी 8900-9500, दाल उड़द दिल्ली 12200, उड़द साबुत दिल्ली 11900, उड़द धोवा इंदौर 13900, उड़द धोवा 11900-12900, दाल चना 8300, लाल हिंदुस्तान 8400, मलका विदेशी 7300, रूपकिशोर बेसन 9000, चना अकोला 8200, डबरा 9500-11700, सच्चा हीरा 11300, मोटा हीरा 13100, अरहर गोला मोटा 15400, अरहर पटका मोटा 16100, अरहर कोरा मोटा 16400, अरहर पटका छोटा 16000-16200, अरहर कोरी छोटी 17200 । चीनी - डालमियां 4020, पीलीभीत 4000, नवाबगंज 3990, बहेड़ी 4000 ।

सर्राफा

बरेली

गोल्ड (पक्के जेवर)	73300
गोल्ड (गिन्नी जेवर)	72300
सिल्वर (पक्की)	910 (अनुमानित)

समय पर कार्रवाई करेगा दूरसंचार मंत्रालय

दूरसंचार परिचालकों और इस क्षेत्र के अन्य भागीदारों के साथ केंद्रीय संचार मंत्री ने की चर्चा

नई दिल्ली, एजेंसी

दूरसंचार मंत्रालय, दूरसंचार परिचालकों और इस क्षेत्र के अन्य भागीदारों के साथ चर्चा के दौरान चिन्हित मुद्दों पर तय समयसीमा के भीतर कार्रवाई योजना पर काम करेगा। केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने मंगलवार को यह बात कही। उन्होंने छह समितियों में से तीन के साथ बैठक की।

बैठक में रिलायंस जियो के चेयरमैन आकाश अंबानी, भारती एयरटेल के संस्थापक तथा चेयरमैन सुनील भारती मित्तल और वोडाफोन आइडिया के प्रबंध निदेशक तथा सीईओ अक्षय मूंदड़ा सहित अन्य लोगों ने भाग लिया। सिंधिया ने कहा कि हमने इन समितियों के लिए एक मजबूत एजेंडा की पहचान की है। अब इन समितियों के सदस्य और हम मिलकर काम करेंगे। उद्योग निकाय सेल्युलर ऑपरेटर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (सीओएआई) के महानिदेशक एसपी कोचर भी बैठक में थे। सिंधिया ने कहा कि इन समितियों की पहली प्रस्तुति के लिए अलग कार्यक्रम हैं, जो कुछ सप्ताहों में होंगे। हम व्यक्तिगत मुद्दे पर विचार करेंगे, विवरण पर गहनता से ध्यान देंगे और कार्ययोजना, समयसीमा और कार्रवाई योग्य बिंदु तैयार करेंगे।

● बैठक में जियो, भारती एयरटेल और वोडाफोन आइडिया के निदेशक हुए शामिल

स्पेक्ट्रम के लिए एयरटेल, जियो, वोडाफोन आइडिया को 11,340.7 करोड़ का डिमांड नोटिस जारी

स्पेक्ट्रम नीलामी समाप्त होने के तीन सप्ताह बाद, दूरसंचार विभाग ने मंगलवार को दूरसंचार सेवा प्रदाताओं - एयरटेल, रिलायंस जियो और वोडाफोन आइडिया को 11,340.7 करोड़ रुपये से अधिक की कुल राशि के स्पेक्ट्रम के भुगतान के लिए डिमांड नोटिस भेजा। विभाग ने कंपनियों को पत्र भेज कर राशि जमा कराने को कहा है। भारती एयरटेल से 6,856.76 करोड़, वोडाफोन आइडिया से 3,510.40 करोड़ और रिलायंस जियो से 973.62 करोड़ रुपये जमाक कराने के लिए कहा गया है।

दरें बढ़ाने से कंपनियों का एआरपीयू होगा उच्च स्तर पर

मुंबई। घरेलू रेटिंग एजेंसी क्रिसिल ने कहा कि सभी निजी दूरसंचार सेवाप्रदाताओं द्वारा शुल्क दरें एक साथ बढ़ा देने से उनकी प्रति ग्राहक औसत कमाई (एआरपीयू) वित्त वर्ष 2025-26 में 225 रुपये से अधिक के उच्चतम स्तर पर पहुंच जाएगी। एजेंसी ने कहा कि उच्च लाभप्रदता और कम पूंजीगत व्यय से दूरसंचार कंपनियों के क्रेडिट प्रोफाइल में भी सुधार होगा। 2023-24 की तुलना में 2025-26 में दूरसंचार कंपनियों का एआरपीयू 25 प्रतिशत बढ़ जाएगा। क्रिसिल के उप मुख्य रेटिंग अधिकारी मनीष गुप्ता ने कहा कि अगले वित्त वर्ष के अंत तक उद्योग का एआरपीयू पिछले वित्त वर्ष के 182 रुपये की तुलना में 225-230 रुपये के दशक के उच्चतम स्तर पर पहुंच जाना चाहिए।

सेबी ने पेटीएम को भेजा चेतावनी पत्र

SECURITIES AND EXCHANGE BOARD OF INDIA

● शेयरधारकों की मंजूरी के बिना पीपीबीएल के साथ संबंधित लेनदेन से जुड़ा मामला

नई दिल्ली, एजेंसी

पेटीएम की मूल कंपनी वन97 कम्युनिकेशंस को सेबी से प्रशासनिक चेतावनी पत्र मिला है। मामला 2021-22 में ऑडिट समिति या शेयरधारकों की मंजूरी के बिना पेटीएम पेमेंट्स बैंक्स (पीपीबीएल) के साथ संबंधित लेनदेन से जुड़ा है। कंपनी ने बीएसई को दी सूचना में कहा कि उसने सेबी के नियमों के अनुपालन में काम किया है।

फिनटेक कंपनी ने कहा कि वह अनुपालन मानकों को बनाए रखने और पारदर्शिता को लेकर प्रतिबद्ध है और सेबी को जवाब देगी। सेबी ने 15 जुलाई को लिखे पत्र में कहा कि उसने वन97 कम्युनिकेशंस और उसकी सहयोगी पेटीएम पेमेंट्स बैंक लिमिटेड (पीपीबीएल) से संबंधित वित्तीय तथा अन्य सूचनाओं के खुलासे के संदर्भ में जांच की है। पत्र के अनुसार इस संदर्भ में जांच के दौरान निम्नलिखित गैर-अनुपालन देखे गए 2021-22 में कंपनी और/या इसकी अनुषंगी कंपनियों ने पीपीबीएल के साथ अतिरिक्त संबंधित पक्ष लेनदेन (आरपीटी) या तो लेखा परीक्षा समिति या शेयरधारकों की उचित मंजूरी के बिना किए। पेटीएम ने बीएसई को दी गई सूचना में सेबी के पत्र की विषय-वस्तु साझा की। बाजार नियामक के पत्र के अनुसार, कंपनी ने दावा किया कि उसने शेयरधारकों के संदर्भ के लिए कंपनी तथा उसकी अनुषंगी कंपनियों द्वारा पीपीबीएल के साथ किए गए लेनदेन का संचयी संख्यात्मक मूल्य प्रदान किया था।

सेबी ने रीट, इनविट नियमों में किया संशोधन

नई दिल्ली। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) निवेश ट्रस्ट रीट और इनविट के लिए यूनिट आधारित रोजगार लाभ योजना लेकर आया है। इसकी रूपरेखा के तहत सेबी ने ट्रस्ट के माध्यम से योजना को लागू करने के तौर-तरीकों को रखा है। इसमें कर्मचारी लाभ ट्रस्ट द्वारा यूनिट प्राप्त करने का तरीका और रीट (रियल एस्टेट इन्वेस्टमेंट ट्रस्ट) और इनविट (इन्फ्रास्ट्रक्चर इन्वेस्टमेंट ट्रस्ट) की तरफ से कर्मचारी लाभ ट्रस्ट को यूनिट के आवंटन का तरीका है। सेबी ने दो अलग-अलग अधिसूचनाओं में कहा है कि यूनिट-आधारित कर्मचारी लाभ योजना कर्मचारी यूनिट विकल्प योजना की तरह होगी। कर्मचारी यूनिट विकल्प योजना के तहत निवेश प्रबंधक कर्मचारी लाभ ट्रस्ट के माध्यम से अपने कर्मचारियों को यूनिट विकल्प प्रदान करता है। योजना का क्रियान्वयन कर्मचारी लाभ ट्रस्ट (ईबी ट्रस्ट) से किया जाएगा।

तीसरे दिन भी तेजी, सेंसेक्स-निफ्टी शिखर पर

मुंबई, एजेंसी

शेयर बाजारों में मंगलवार को लगातार तीसरे दिन तेजी रही और बीएसई सेंसेक्स 52 अंक चढ़कर उच्चतम स्तर पर बंद हुआ। एनएसई निफ्टी भी नये शिखर 24,600 अंक के ऊपर पहुंच गया। दैनिक उपयोग का सामान बनाने वाली कंपनियों, दूरसंचार और आईटी शेयरों में लिवाली तथा विदेशी संस्थागत निवेशकों के पूंजी प्रवाह से बाजार में तेजी बनी रही।

सेंसेक्स 51.69 अंक यानी 0.06 प्रतिशत चढ़कर उच्चतम स्तर 80,716.55 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 233.44 अंक यानी 0.28 प्रतिशत की बढ़त के साथ रिकॉर्ड 80,898.30 अंक तक गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 26.30 अंक यानी 0.11 प्रतिशत की तेजी के साथ नये शिखर 24,613 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 74.55 अंक यानी 0.30 प्रतिशत चढ़कर रिकॉर्ड 24,661.25 अंक तक गया था। रिलायंस इंडस्ट्रीज और कोटक बैंक में नुकसान से लाभ सीमित हुआ और दोनों सूचकांक दिन के उच्चस्तर से नीचे आये। सेंसेक्स और निफ्टी शुक्रवार से रिकॉर्ड तेजी पर हैं। इसका प्रमुख कारण विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) की लिवाली है। एफआईआई केंद्रीय बजट पेश होने से पहले भारतीय शेयरों में लिवाल बने हुए हैं। शेयरों के उच्च मूल्यांकन के बावजूद प्रमुख कंपनियों के तिमाही परिणाम से बाजार को समर्थन मिला है। अमेरिकी फेडरल रिजर्व के प्रमुख जेरोम पावेल के अनुसार केंद्रीय बैंक ज्यादा आश्वस्त है कि मुद्रास्फीति दो प्रतिशत लक्ष्य की ओर वापस आ रही है।

● सेंसेक्स 52 अंक चढ़कर उच्चतम स्तर तो निफ्टी ने भी 24,600 अंक का बनाया रिकॉर्ड

हलवा समारोह : बजट तैयारियां अंतिम चरण में

नई दिल्ली, एजेंसी

आम बजट 2024-25 के लिए तैयारी प्रक्रिया के अंतिम चरण को चिह्नित करने वाला हलवा समारोह नार्थ ब्लॉक स्थित वित्त मंत्रालय में आयोजित हुआ, जिसमें वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी मौजूद रहे। बजट की तैयारी में शामिल अधिकारियों की लॉक-इन प्रक्रिया शुरू होने से पहले हर साल हलवा समारोह होता है। इस वर्ष आम बजट 23 जुलाई, 2024 को पेश किया जाएगा।

वार्षिक वित्तीय विवरण (बजट), अनुदान की मांग (डीजी), वित्त विधेयक आदि सहित सभी केंद्रीय बजट दस्तावेज भी डिजिटल सुविधा के सबसे सरल रूप का उपयोग करके संसद सदस्यों और जनता द्वारा बजट दस्तावेजों तक परेशानी मुक्त पहुंच के लिए केंद्रीय बजट मोबाइल ऐप पर उपलब्ध होंगे। ऐप को केंद्रीय बजट वेब पोर्टल से भी डाउनलोड किया जा सकता है। 23 जुलाई को संसद में वित्त मंत्री द्वारा बजट भाषण पूरा होने के बाद बजट दस्तावेज मोबाइल ऐप पर उपलब्ध होंगे। समारोह में वित्त मंत्रालय के सचिव और बजट तैयारी में शामिल अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी थे। वित्त मंत्री ने बजट प्रेस का दौरा किया और तैयारियों की समीक्षा की।

हलवा बांटतीं केंद्रीय वितमंत्री निर्मला सीतारमण।

बजट में राजकोषीय घाटा लक्ष्य घटाकर 5% कर सकती है सरकार

नई दिल्ली। सरकार राजस्व में आए उछाल के दम पर बजट में चालू वित्त वर्ष के लिए राजकोषीय घाटे के लक्ष्य को घटाकर सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का 4.9-5 प्रतिशत कर सकती है। रेटिंग एजेंसी इक्रा ने मंगलवार को यह संभावना जताई। सरकार ने इस साल फरवरी में अंतरिम बजट पेश करते समय वित्त वर्ष 2024-25 के लिए राजकोषीय घाटा जीडीपी का 5.1 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया था। इक्रा की मुख्य अर्थशास्त्री अदिति नायर ने कहा कि केंद्र सरकार 11.1 लाख करोड़ के पूंजीगत व्यय लक्ष्य से कोई समझौता किए बगैर राजकोषीय घाटा अनुमान को 5.1 प्रतिशत से घटाकर 4.9-5 प्रतिशत निर्धारित कर सकती है। 11.8 लाख करोड़ के अंतरिम बजट अनुमान की तुलना में चालू वित्त वर्ष के लिए शुद्ध बाजार उधारी में 35,000-55,000 करोड़ की कमी आने की भी बहुत संभावना है।

राष्ट्रीय

एक नजर

जल प्रदूषण मामले में ईडी ने पूर्व विधायक की शराब कंपनी पर मारा छापा

जालंधर। ईडी ने मंगलवार को फिरोजपुर जिले में मिट्टी और भूजल के कथित प्रदूषण के मामले से जुड़ी धन शोधन जांच के तहत पंजाब में शिअद के पूर्व विधायक दीप मल्होत्रा के स्वामित्व वाली एक शराब कंपनी के खिलाफ छापेमारी की। सूत्रों ने बताया कि एजेंसी ने पंजाब, दिल्ली और मध्य प्रदेश में शराब कंपनी के 7 परिसरों पर छापेमारी की। कंपनी मालब्रोस इंटरनेशनल प्राइवेट लिमिटेड का स्वामित्व शराब व्यवसायी दीप मल्होत्रा, गौतम मल्होत्रा और उनके परिवार के पास है। पिछले साल फरवरी में ईडी ने गौतम मल्होत्रा को दिल्ली आबकारी नीति से जुड़े कथित धन शोधन मामले में गिरफ्तार किया था।

मणिपुर में केसीपी (एन) के 5 उग्रवादी गिरफ्तार

इंफाल। मणिपुर के थौबल जिले में प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन कंगलीपक कम्युनिस्ट पार्टी (नोंगड्रेनखोम्बा) के पांच सदस्यों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बताया कि सुरक्षाबलों ने उग्रवादियों द्वारा अपहृत व्यक्ति को खोंगजोम टेकचाम इलाके में अभियान के दौरान छुड़ा लिया तथा उनके पास से हथियार व गोला बारुद बरामद किए। गिरफ्तार लोगों की पहचान कोनसाम रोहित सिंह (23), यांगलेम बिकास मेइती (24), थांगजाम चन्बा सिंह (27), मोइरांगथेम आनंद सिंह (37) और केइशाम नेल्सन सिंह (28) के रूप में की गयी है। उनके पास से 9 एम एम की चार पिस्तौल, 18 से अधिक कारतूस, चार पहिया वाहन और सात मोबाइल फोन जब्त किए गए हैं। जिरिबाम जिले के मोंगबुंग गांव में एक जवान की हत्या के बाद सुरक्षा बलों ने तलाश ली तथा हथियार बरामद किए।

एमपी : पुलिस हिरासत में दूल्हे की मौत के बाद हंगामा, कलेक्ट्रेट में महिलाओं ने उतारे कपड़े

महिलाओं और पुलिस में हुई छीनाझपटी, एक का सिर फूटा, टीआई को भी लगी चोट

गुना (मप्र), एजेंसी

पुलिस हिरासत में पारदी समाज युवक की मौत होने पर कलेक्ट्रेट पहुंचे परिजन और कुछ महिलाएं ने कलेक्टर डॉ. सतेंद्र सिंह से मुलाकात के बाद परिसर में हंगामा शुरू कर दिया। इस दौरान कुछ महिलाओं ने अपने कपड़े उतारने शुरू कर दिए, जिससे मौके पर हड़कंप मच गया। पुलिस से हुई छीनाझटकी में एक महिला के सिर पर चोट लगने से खून निकलने लगा। कैंट थाने के टीआई दिलीप राजौरिया को हल्की चोट लगी। कलेक्टर ने कुछ महिलाओं को दोबारा बुलाकर उनकी बात सुनी, जिसके बाद हंगामा शांत हुआ।

महिलाओं ने बताया कि पुलिस के अनुसार देवा की मौत हार्ट अटैक से हुई। कम उम्र के अटैक कैसे आ सकता है? पुलिस ने देवा और उसके चाचा से मारपीट की है। महिलाओं ने देवा के चाचा गंगाराम को जिला अस्पताल में भर्ती कराने की मांग की।

मध्य प्रदेश के गुना जिले के कलेक्ट्रेट परिसर में हंगामा करतीं महिलाएं।

ये रहा मामला : 14 जुलाई को देवा की बरात गोकुल सिंह चक्क जानी थी पर देवा और उसके चाचा गंगाराम को झांगर चौकी पुलिस ने चोरी के मामले में पकड़ा था। रात में देवा की मौत की सूचना पर परिजन और कुछ महिलाएं जिला अस्पताल पहुंची। वहीं, देवी की मौत की खबर के बाद दुल्हन ने खुद पर पेट्रोल डालकर आत्मदाह की कोशिश की। सोमवार को परिजन पोस्टमॉर्टम भोपाल में कराने की मांग पर अड़े रहे।

पूछताछ के लिए लिया हिरासत में : एएसपी मान सिंह ठाकुर ने बताया थी कि म्याना इलाके के भिड़रा गांव में हुई चोरी के संबंध में पूछताछ के लिए देवा और गंगाराम को हिरासत में लिया गया था। दोनों को चोरी के सामान की बरामदगी के लिए पुलिस ले जा रही थी। देवा के सीने में दर्द उठा, जिसके बाद पुलिस उसे म्याना अस्पताल ले गई। जहां जिला अस्पताल ले जाया गया और 45 मिनट बाद उसकी मौत हो गई। एएसपी के बताया कि देवा पर अलग-अलग थानों में सात मामले हैं।

बिहारः वीआईपी प्रमुख सहनी के पिता की दरभंगा में हत्या, मुख्यमंत्री ने जताया शोक

दरभंगा-पटना, एजेंसी

विकासशील इंसान पार्टी (वीआईपी) के प्रमुख मुकेश सहनी के पिता जीतन सहनी की बिहार के दरभंगा जिले में उनके पैतृक घर पर मंगलवार को चाकू मारकर हत्या कर दी गई। दरभंगा एसएसपी जगुनाथ रेड्डी ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि पुलिस टीम जांच कर रही है। जीतन सहनी के शरीर पर चाकू से वार के निशान हैं। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने घटना को दुखद बताया तथा पीड़ित परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की। उन्होंने पुलिस महानिदेशक को जांच कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

नीतीश ने पूर्व मंत्री मुकेश सहनी से फोन पर बातचीत कर उन्हें सांत्वना दी। एसएसपी रेड्डी के अनुसार, बिरौल अनुमंडल पुलिस के पदाधिकारी, बिरौल थानाध्यक्ष एवं अन्य पुलिसकर्मी घटनास्थल पर हैं। जांच के लिए दरभंगा के ग्रामीण पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में विशेष अनुसंधान दल का गठन किया गया है। घटना स्थल पर प्रयोगशाला के दल और श्वान दस्ते की मदद से जांच की जा रही है।

बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय सिन्हा ने घटना को निंदनीय बताया है। बिहार के भाजपा प्रमुख चौधरी ने एक्स पर कहा, मुकेश सहनी के पिताजी की हत्या अत्यंत ही दुर्भाग्यपूर्ण एवं निंदनीय घटना है।

सहनी की हत्या की राहुल-प्रियंका ने की कड़ी निंदा

नई दिल्ली। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी तथा पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने वीआईपी के संस्थापक तथा पूर्व मंत्री मुकेश सहनी के पिता जीतन सहनी की हत्या पर शोक व्यक्त करते हुए इस घटना को निंदनीय बताया है। दोनो नेताओं ने ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति और उनके पीड़ित परिजनों को यह दुख सहने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की और कहा कि इस अपराध के दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिए और सहनी परिवार को न्याय मिलना चाहिए। श्री गांधी ने कहा "विकासशील इंसान पार्टी के संस्थापक, बिहार के पूर्व मंत्री और इंडिया गठबंधन के हमारे साथी मुकेश सहनी जी के पिता जीतन सहनी जी की निर्मम हत्या का समाचार अत्यंत पीड़ादायक है।

नीति आयोग का पुनर्गठन : शिवराज पदेन तो नड्डा विशेष आमंत्रित सदस्य

नई दिल्ली, एजेंसी

● उपाध्यक्ष और पूर्णकालिक सदस्यों में नहीं किया गया है कोई भी बदलाव

सरकारी शोध संस्थान नीति आयोग का पुनर्गठन किया गया है। इसमें कृषि और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान को पदेन सदस्य और विशेष आमंत्रित सदस्य के रूप से स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा को शामिल किया गया है। आयोग के उपाध्यक्ष और पूर्णकालिक सदस्यों में कोई बदलाव नहीं किया गया है।

मंत्रिमंडल सचिवालय से मंगलवार देर शाम जारी अधिसूचना के अनुसार, सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी के अलावा भारी उद्योग और इस्पात मंत्री एच डी कुमारस्वामी और सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्यम (एमएसएमई) मंत्री जीतन राम मांझी आयोग में विशेष आमंत्रित सदस्य बने हैं। विशेष आमंत्रित अन्य सदस्यों में पंचायती राज, मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी मामलों के मंत्री राजीव रंजन सिंह, सामाजिक न्याय एवं सशक्तीकरण मंत्री डॉ. वीरेन्द्र कुमार, मंत्री के राममोहन नायडू, मंत्री जुएल ओराम, मंत्री अन्नपूर्णा देवी, खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री चिराग पासवान तथा सांख्यिकी और कार्यक्रम क्रियान्वयन तथा योजना राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) राव इंद्रजीत सिंह भी शामिल हैं।

पंजाब में हथियार तस्करी के आरोप में तीन गिरफ्तार

अमृतसर। राज्य विशेष अभियान प्रकोष्ठ (एसएसओसी) अमृतसर ने तीन हथियार तस्करों को गिरफ्तार कर तीन पिस्तौल बरामद की हैं। डीजीपी पंजाब गौरव यादव ने मंगलवार को बताया कि अमृतसर के छोटा हरिपुरा के सुखदेव सिंह उर्फ मट्टू, साहिल उर्फ मस्त और गुरु नानक पुरा के प्रभजोत सिंह उर्फ प्रभ को गिरफ्तार किया है। टीमों ने तीन मैगजीन और छह कारतूस भी बरामद किए हैं। यह घटनाक्रम एसएसओसी अमृतसर द्वारा विदेशी आतंकवादी लखबीर उर्फ लांडा द्वारा समर्थित हथियार तस्करी मॉड्यूल का भंडाफोड़ करने के एक दिन बाद सामने आया है।

राहुल के पास मानहानि की शिकायत पर शीघ्र निर्णय पाने का अधिकार

मुंबई, एजेंसी

● बंबई हाईकोर्ट ने आरएसएस पर की कथित टिप्पणियों पर की सुनवाई

बंबई हाईकोर्ट ने कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी के पास राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के खिलाफ उनकी कथित टिप्पणियों के लिए 2014 की मानहानि की शिकायत पर गुण-दोष पर शीघ्र निर्णय पाने का वैध अधिकार है। न्यायमूर्ति पृथ्वीराज चह्वाण की एकल पीठ ने 12 जुलाई को दिए आदेश में कहा कि संविधान का अनुच्छेद 21 हर किसी को त्वरित सुनवाई का अधिकार प्रदान करता है और एक स्वतंत्र व निष्पक्ष सुनवाई आवश्यक है।

कोर्ट ने आरएसएस कार्यकर्ता को आपराधिक मानहानि की लंबित शिकायत में नए और अतिरिक्त दस्तावेज जमा करने की अनुमति देने वाले मजिस्ट्रेट के आदेश को रद करने की राहुल की याचिका को स्वीकार करते हुए ये टिप्पणी की। राजेश कुंटे ने 2014 में भिवंडी में मजिस्ट्रेट अदालत में मानहानि की शिकायत की थी, जिसमें दावा कि था कि कांग्रेस नेता ने झूठा और अपमानजनक बयान दिया था कि महात्मा गांधी की हत्या के लिए संघ जिम्मेदार है।

कांग्रेस ने की रत्न भंडार पर श्वेतपत्र जारी करने की मांग

भुवनेश्वर। ओडिशा में विपक्षी दल कांग्रेस ने मंगलवार को मांग की कि राज्य सरकार पुरी के श्रीजगन्नाथ मंदिर के रत्न भंडार पर श्वेत पत्र जारी करे। पार्टी ने कहा कि श्वेत पत्र में पूर्व में तैयार किए रत्न भंडार के कीमती सामान के रिकॉर्ड और इस साल तैयार की जाने वाली सूची का विवरण होना चाहिए। पार्टी के मुख्यालय में ओडिशा प्रदेश कांग्रेस कमेटी (ओपीसीसी) के पूर्व अध्यक्ष, प्रसाद हरिचंदन ने कहा कि उनकी पार्टी सूची बनाने और मरम्मत कार्य के लिए रत्न भंडार को फिर से खोलने की मांग कर रही है। अब भाजपा सरकार ने इस दिशा में कदम उठाया है। रत्न भंडार को 46 वर्षों के बाद रविवार को बहुमूल्य वस्तुओं की सूची बनाने और इसकी संरचना की मरम्मत के लिए पुनः खोला गया।

● पत्र में पूर्व के रिकॉर्ड और इस साल तैयार होने वाली सूची का विवरण मांगा

कंचनजंघा दुर्घटनाः जांच के दौरान मिलीं कई कमियां

नई दिल्ली। रेलवे सुरक्षा आयुक्त ने कहा है कि स्वचालित सिग्नल क्षेत्रों में ट्रेन परिचालन के प्रबंधन में कई स्तरों पर खामियों और लोको पायलट एवं स्टेशन मास्टर को उचित परामर्श नहीं दिए जाने के कारण कंचनजंघा एक्सप्रेस दुर्घटना का होना तय ही था। पश्चिम बंगाल के दार्जिलिंग जिले में 17 जून को एक मालगाड़ी के पीछे से टक्कर मारने के कारण सियालदह जाने वाली कंचनजंघा एक्सप्रेस के तीन डिब्बे पटरी से उतर गए थे। इस दुर्घटना में मालगाड़ी के लोको पायलट समेत 10 लोगों की मौत हो गई थी। रेलवे सुरक्षा आयुक्त (सीआरएस) ने इस दुर्घटना की जांच संबंधी अपनी रिपोर्ट में स्वचालित ट्रेन-सुरक्षा प्रणाली (कवच) को सर्वोच्च प्राथमिकता पर लागू करने की भी सिफारिश की है।

मजदूरों के राशनकार्ड का एक माह में सत्यापन करें राज्य

नई दिल्ली, एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट ने राशनकार्ड जारी करने के लिए ई-श्रम पोर्टल पर पंजीकृत प्रवासी मजदूरों के सत्यापन में देरी के लिए मंगलवार को राज्यों को फटकार लगाई और उन्हें यह कवायद चार सप्ताह के भीतर पूरा करने का निर्देश दिया। शीर्ष अदालत ने केंद्र को उन राज्यों को खाद्यान्न जारी करने का भी निर्देश दिया, जिन्होंने प्रवासी मजदूरों का सत्यापन पूरा कर लिया है।

सत्यापन में देरी को दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए न्यायमूर्ति सुधांशु धूलिया और न्यायमूर्ति अहसानुद्दीन अमानुल्लाह की पीठ ने कहा कि यदि राज्य निर्धारित समय के भीतर सत्यापन प्रक्रिया पूरी करने में विफल रहते हैं तो वह संबंधित सचिवों को तलब करेगी। पीठ ने कहा कि सत्यापन चार महीने में क्यों पूरा नहीं हो सका? ये तो हद हो गई। चार महीने बाद भी आप यह कर रहे हैं और यह कहने की हिम्मत कर रहे हैं कि इसके लिए और दो महीने चाहिए हम निर्देश देते हैं कि पूरा सत्यापन चार सप्ताह में पूरा किया जाए।

● प्रवासी मजदूरों के सत्यापन में देरी पर राज्यों को लगाई फटकार

बिहार-तेलंगाना ने पूरा किया कार्य

शीर्ष अदालत ने कहा कि बिहार और तेलंगाना ही ऐसे राज्य हैं जिन्होंने प्रवासी मजदूरों का 100 प्रतिशत सत्यापन पूरा कर लिया है। याचिकाकर्ताओं के वकील प्रशांत भूषण ने कहा कि कुछ राज्यों ने सत्यापन की प्रक्रिया पूरी कर ली है, जबकि अन्य ने या शुरू भी नहीं की है। एक और मुद्दा यह भी है कि राशन कार्ड जारी होने के बाद भी ये राज्य इन श्रमिकों को राशन जारी नहीं कर रहे हैं और राज्यों कहना है कि केंद्र सरकार ने इन लोगों के लिए अतिरिक्त राशन आवंटित नहीं किया है। अदालत ने मामले की अगली सुनवाई 27 अगस्त के लिए सूचीबद्ध कर दी। अदालत ने निर्देश दिया था कि वे योजनाओं का लाभ उठाने के लिए ई-श्रम पोर्टल पर पंजीकृत आठ करोड़ प्रवासी मजदूरों को दो महीने के भीतर राशन कार्ड उपलब्ध कराएं।

हादसे में मृत व्यक्ति के परिवार को 1.98 करोड़ देने का आदेश

नई दिल्ली। दिल्ली में मोटर दुर्घटना दावा न्यायाधिकरण ने बीमा कंपनी को 32 वर्षीय मृत व्यक्ति के परिवार को 1.98 करोड़ रुपये से अधिक का भुगतान करने का निर्देश दिया है। 2016 में एक किशोर द्वारा चलाई जा रही मर्सिडीज की टक्कर से इस व्यक्ति की मौत हो गई थी।

न्यायाधिकरण ने किशोर के पिता को फटकारते हुए कहा कि अपने नाबालिग बेटे को गाड़ी चलाने से रोकने के बजाय इसे अनदेखा करना मौन सहमति को दर्शाता है। पीठासीन अधिकारी पंकज शर्मा पीड़ित सिद्धार्थ शर्मा के माता-पिता द्वारा दायर मुआवजे के दावे की सुनवाई कर रहे थे। 4 अप्रैल 2016 को सिविल लाइंस इलाके में सिद्धार्थ को मर्सिडीज ने टक्कर मार दी थी। दुर्घटना चालक की लापरवाही और जल्दबाजी से हुई थी।

रंगदारी मांगने पर एनआई ने दाखिल किया आरोपपत्र

पटना। एनआईए ने बिहार में कारोबारियों से रंगदारी वसूलने और नक्सली विचारधारा का प्रचार करने के मामले में भाकपा-माओवादी के सदस्य के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल किया है। एजेंसी ने बताया कि आरोपी अनिल यादव उर्फ छोटा संदीप बिहार के औरंगाबाद जिले का है और यहां की एनआईए अदालत में दाखिल पूरक आरोपपत्र में उसे नामजद किया गया है। एनआईए ने मगध क्षेत्र में भाकपा (माओवादी) द्वारा नक्सलवाद को उभारने की कोशिश करने के मामले में 26 सितंबर को प्राथमिकी दर्ज की थी।

खेल छोड़ने के कगार पर था : जेना

नई दिल्ली, एजेंसी

एशियाई खेलों के रजत पदक विजेता भाला फेंक खिलाड़ी किशोर जेना ने कहा है कि वह लगातार खराब प्रदर्शन के बाद 2023 में खेल को छोड़ने की कगार पर थे लेकिन उन्होंने अपने पिता की सलाह मानी और अपने करियर में वापसी करने में सफल रहे। जेना ने स्वीकार किया कि तोक्यो ओलंपिक में नीरज चोपड़ा के स्वर्ण पदक ने उन्हें भाला फेंक में और अधिक हासिल करने के लिए प्रेरित किया था लेकिन वह प्रभावी प्रदर्शन करने में नाकाम रहे और पिछले साल जुलाई में विश्व चैंपियनशिप से पहले खेल को छोड़ने के बारे में सोचने लगे थे।

ओलंपिक 9 दिन शेष

जेना ने कहा, जब नीरज ओलंपिक में जीता तो हमने जश्न मनाया और उसकी जीत का आनंद लिया। लेकिन ईमानदारी से कहूं तो उस जीत से मैं हताश भी था क्योंकि मैं भी उसी खेल का हिस्सा था। मैंने महसूस किया कि यह मेरे लिए खेल में कुछ हासिल करने का समय था। अपनी रैंकिंग में गिरावट के बाद मैंने लेबनान राष्ट्रीय चैंपियनशिप में हिस्सा लिया और वहां भाले को 78 मीटर की दूरी तक ही फेंक पाया। अपना सब कुछ झोंकने के बावजूद मैं काफी कुछ हासिल नहीं कर पाया।

मुझे संदेह होने लगा कि क्या इतनी कड़ी मेहनत करने का कोई मतलब है। मैंने अपने पिता को फोन किया जिन्होंने मुझे श्रीलंका में अगली प्रतियोगिता में हिस्सा लेने के लिए प्रेरित किया। जेना ने लेबनान में (21 जुलाई को) 78.96 मीटर के प्रयास से जीत हासिल की जो किसी भी मानक से मामूली प्रदर्शन था। जेना 2022 के अंत तक 80 मीटर के आंकड़े को पार नहीं कर पाए। उनका 80 मीटर से अधिक का पहला थ्रो मार्च 2023 में तिरुवनंतपुरम में इंडियन ग्रां प्री के दौरान आया जहां उन्होंने 81.05 मीटर की दूरी तय की। मैंने तय किया कि श्रीलंका में होने वाला टूर्नामेंट (30 जुलाई) मेरा आखिरी प्रयास होगा जिसके बाद मैं इसे छोड़ दूंगा और काम तथा परिवार को प्राथमिकता दूंगा। भगवान की कृपा से मैंने अच्छा प्रदर्शन किया और 84.38 मीटर की थ्रो फेंकी जिससे मुझे विश्व चैंपियनशिप के लिए क्वालीफाई करने का मौका मिला।

मानसिक द्वंद्व से पार पाकर मोदगिल ने बनाई ओलंपिक में जगह

नई दिल्ली। पिछले साल एशियाई खेल और विश्व चैंपियनशिप के लिए भारतीय टीम में जगह नहीं बनाने से निराश निशानेबाज अंजुम मोदगिल ने मानसिक द्वंद्व से पार पाकर पेरिस ओलंपिक में जगह बनाई। विश्व की पूर्व नंबर एक खिलाड़ी मोदगिल ने विश्व चैंपियनशिप और राष्ट्रमंडल खेलों में पदक जीते हैं लेकिन तोक्यो ओलंपिक में वह अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाई थी। वह 50 मीटर राइफल 3 पोजीशन में 15वें और 10 मीटर एयर राइफल में 18वें स्थान पर रही थी। पेरिस ओलंपिक में वह केवल 50 मीटर 3 पोजीशन में भाग लेगी। मोदगिल ने स्वीकार किया कि विश्व चैंपियनशिप और एशियाई खेलों के लिए भारतीय टीम में नहीं चुने जाने के बाद उनकी आंखें खुल गई। इसके बाद उन्होंने अपनी मानसिक दृढ़ता और अभ्यास पर ध्यान दिया। उन्होंने कहा तोक्यो के बाद तीन साल मेरे लिए उतार-चढ़ाव वाले रहे। मैंने मुश्किल दौर देखा और मैं मजबूत वापसी करना चाहती थी।

लक्ष्य सेन को मिला बेहतर ड्रॉ का मौका, खुलकर खेलेगा : विमल

नई दिल्ली, एजेंसी

भारतीय बैडमिंटन स्टार लक्ष्य सेन के कोच विमल कुमार का मानना है कि उसे अपने पहले ओलंपिक में अच्छा ड्रॉ मिला है जिसमें अंडरडॉग होने के कारण वह खुलकर खेल सकेगा। दुनिया के 19वें नंबर के खिलाड़ी लक्ष्य को ओलंपिक पदक जीतने के लिए इंडोनेशिया के जोनाथन क्रिस्टी, पिछले ओलंपिक में सेमीफाइनल खेलने वाले ग्वाटेमाला के केविन कोर्डोन और बेल्जियम के जूलियन कारागी जैसे दिग्गजों से ग्रुप एल में पार पाना होगा।

भारत के पूर्व कोच विमल ने फ्रांस के मार्सेले से कहा मुझे लगता है कि ड्रॉ अच्छा है। उन्होंने कहा वह कई बार जोनाथन क्रिस्टी से करीबी मुकाबले हार चुका है। यह बराबरी का मामला है। दूसरे चरण में जाने के लिये मौकों को भुनाना होगा। मेरे हिसाब से लक्ष्य के पास खोने के लिए कुछ नहीं है। वह अंडरडॉग रहेगा जिससे खुलकर खेल सकेगा। लक्ष्य को बड़े मैचों का खिलाड़ी बताते हुए विमल ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि वह एशियाई खेलों के पूर्व चैंपियन क्रिस्टी को हरा सकेगा। ओलंपिक में भारत के लिये साइना नेहवाल (2012 में कांस्य) और पीवी सिंधू (2016 में रजत और 2020 में कांस्य) पदक जीत चुकी हैं। विमल ने कहा पिछले तीन सप्ताह से यू योंग सुंग इन चीजों पर उसके साथ काम कर रहे हैं। लक्ष्य ओलंपिक खेलने जा रहे पोपोव बंधुओं क्रिस्टो और टोमा जूनियर के साथ भी अभ्यास कर रहे हैं। लक्ष्य अपने कोच के साथ 22 जुलाई को पेरिस रवाना होंगे।

खेल डायरी

बावा का विश्व जू. स्क्वाश में पदक पक्का, अनाहत बाहर

चेन्नई। शौर्य बावा ने विश्व जूनियर में भारत का पदक पक्का कर दिया है अमेरिका के ह्यूस्टन में चल रही स्क्वैश चैंपियनशिप में सोमवार रात उन्होंने बालक वर्ग के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। बावा इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में पहुंचने वाले दूसरे भारतीय बने हैं, इससे पहले 2014 में कुश कुमार विश्व जूनियर स्क्वैश चैंपियनशिप के अंतिम चार में पहुंचे थे। 17/32 वरीयता प्राप्त दिल्ली के 18 वर्षीय खिलाड़ी ने मलेशिया के लो वा-सर्न (17/32) को हराने के लिए रैली की। लड़कों के क्वार्टर फाइनल में 2-11, 11-4, 10-12, 11-8, 12-10 से भारत का पदक पक्का हो गया। 80 मिनट तक चले रोमांचक मुकाबले में बावा निर्णायक पांचवें गेम में 6-9 और 7-10 से पिछड़ गए। उन्होंने उल्लेखनीय रूप से संघर्ष किया और उतार-चढ़ाव भरे मुकाबले में रोमांचक जीत दर्ज की। अंतिम चार चरण में बावा का मुकाबला मिस्र के शीर्ष वरीय मोहम्मद जकारिया से होगा। इस बीच, हमवतन अनाहत सिंह (5/8) लड़कियों के क्वार्टर फाइनल में तीसरे स्थान से हार गईं। 16 वर्षीय भारतीय राष्ट्रीय चैंपियन मिस्र के नादियान से पांच सेट के करीबी मुकाबले में एल्हम्मामी (3/4) से हार गए।

कर्नाटक विधानसभा ने विश्वविजेता टीम को दी बधाई

बेंगलुरु। कर्नाटक विधानसभा ने मंगलवार को सर्वसम्मति से एक प्रस्ताव पारित कर भारतीय क्रिकेट टीम और पूर्व मुख्य कोच राहुल द्रविड़ को टी-20 विश्व कप में उनकी ऐतिहासिक जीत के लिए बधाई दी। प्रस्ताव को विधानसभा अध्यक्ष यूटी खादर ने पढ़ा, जिन्होंने विश्वकप में उत्कृष्ट उपलब्धि के लिए टीम की सराहना की। रोहित शर्मा के नेतृत्व और द्रविड़ के मार्गदर्शन में भारतीय क्रिकेट टीम ने फाइनल में दक्षिण अफ्रीका को सात रन से हराकर आईसीसी ट्रॉफी के लिए अपना 11 साल का इंतजार खत्म किया था। पूर्व भारतीय कप्तान और तत्कालीन कोच कर्नाटक के राहुल द्रविड़ ने टीम की सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। प्रस्ताव में द्रविड़ और टीम इंडिया को उनकी उल्लेखनीय उपलब्धि के लिए बधाई दी गई, जिससे देश को खुशी और गर्व हुआ है। खादर ने कहा कर्नाटक के लोगों की ओर से हम रोहित और कोच राहुल द्रविड़ के नेतृत्व में टीम को देश के लिए विश्व कप जीतने के लिए बधाई देते हैं। यह प्रस्ताव भाजपा विधायक और पूर्व मंत्री एस सुरेश कुमार ने पेश किया, जिन्होंने सरकार से द्रविड़ की उपलब्धि को पहचानने और टीम को उनकी जीत के लिए बधाई देने का आग्रह किया। प्रस्ताव को विधानसभा द्वारा सर्वसम्मति से पारित किया गया।

पंजाब एफसी ने पांच खिलाड़ियों को किया रिटेन

मोहाली। पंजाब एफसी ने आगामी 2024-25 सीजन से पहले पांच भारतीय खिलाड़ियों को आज रिटेन करने की घोषणा की है। युवा मिडफील्डर आशीष प्रधान, रिकी शाबोंग, मंगलेंथांग किपगेन, अनुभवी डिफेंडर सुरेश मैतेई और गोलकीपर रवि कुमार ने कई साल के अनुबंध पर हस्ताक्षर करते हुए क्लब में अपना कार्यकाल बढ़ा दिया है। वे पिछले सीजन में क्लब के लिए प्रमुख खिलाड़ी थे और क्लब ने इन खिलाड़ियों पर अपना भरोसा बरकरार रखा है। रवि और आशीष ने अपना अनुबंध मई 2026 तक बढ़ा दिया है, जबकि सुरेश और रिकी ने मई 2027 तक दो साल का अनुबंध किया है। क्लब ने किपगेन का अनुबंध मई 2028 तक बढ़ा दिया है। रवि ने पिछले आईएसएल सीजन में 16 मैच खेले थे और तीन क्लीन शीट रखते हुए 47 बचाव किए। सेंटर बैक सुरेश मैतेई ने टीम के डिफेंसिव प्रदर्शन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और 14 बार टीम के लिए खेला है और एक बार सहायता भी की है। आशीष प्रधान, रिकी शाबोंग और मैंगलेंथांग किपगेन ने ग्राउंड के मध्य में मज़बूती और रचनात्मकता जोड़ते हुए क्रमश: 17, 10 और चार टीम के लिए प्रदर्शन किया है।

मेस्सी के लिए फिटनेस बनी राह का रोड़ा

फिटनेस टेस्ट में मेस्सी फेल, छठा विश्व कप खेलने को लेकर संशय, यूरो कप फाइनल में हुए थे चोटिल

ब्यूनस आयर्स, एजेंसी

अपने करियर में पहली बार फुलटाइम से पहले कोपा अमेरिका फाइनल से चोट के कारण बाहर हुए लियोनेल मेस्सी अपने आंसुओं पर काबू नहीं रख सके और अपने आखिरी किले में से एक फतेह करने के बावजूद वह फिटनेस टेस्ट पास नहीं कर पाए।

मेस्सी को पैर की चोट के कारण कोलंबिया के खिलाफ फाइनल मैच से 64वें मिनट में बाहर जाना पड़ा। अर्जेंटीना ने लगातार दूसरी बार कोपा अमेरिका खिताब जीता। मेस्सी के फिटनेस टेस्ट में नाकाम रहने के कारण 2026 विश्व कप में उनकी भागीदारी को लेकर भी अनिश्चितता की स्थिति है। 37 वर्ष के मेस्सी चोट के कारण पिछले साल इंटर मियामी और अर्जेंटीना के काफी मैचों से बाहर रहे थे। कोपा अमेरिका में भी कई ग्रुप मैचों से उन्हें बाहर रहना पड़ा। मेस्सी ने मैच के बाद मीडिया से बात नहीं की और ना ही उनकी टीम ने चोट की गंभीरता के बारे में बताया। अर्जेंटीना के 35 पार के धुरंधर एंजेल डि मारिया (36) और निकोलस ओटामेंडी (36) के अलावा स्थानापन्न गोलकीपर फ्रेंको अरमानी (37) का यह आखिरी टूर्नामेंट था। अर्जेंटीना को सितंबर में चिली और कोलंबिया के खिलाफ विश्व कप क्वालीफाइंग मैच खेलने हैं।

> शुक्र है कि मैं ठीक हूं और मुझे उम्मीद है कि मैं जल्द ही फिर से मैदान पर वह काम करूंगा जो मुझे सबसे ज्यादा पसंद है। मैं बहुत खुश हूं, खासकर इसलिए क्योंकि हमने लक्ष्य हासिल कर लिया है और फिडे डि मारिया हमें छोड़ गए हैं, लेकिन एक और ट्रॉफी के साथ।
>
> **-लियोनेल मेस्सी, खिलाड़ी, अर्जेंटीना**

भगदड़ में कोलंबिया महासंघ के अध्यक्ष समेत 27 गिरफ्तार

मियामी गार्डन्स। कोलंबिया फुटबॉल महासंघ के अध्यक्ष और उनके बेटे समेत 27 लोगों को अर्जेंटीना और कोलंबिया के बीच कोपा अमेरिका फाइनल में दर्शकों की भीड़ पर नियंत्रण की कोशिशों में गिरफ्तार किया गया। स्थानीय पुलिस अधिकारी आंद्रे मार्टिन ने बताया कि हार्ड रॉक स्टेडियम पर हुए फाइनल के दौरान दर्शकों के उपद्रव पर काबू पाने की कोशिशों में रेमन जेसुरन और उनके बेटे रेमन जमील जेसुरन को भी हिरासत में लिया गया।

<< रियल मैड्रिड के राष्ट्रपति फ्लोरेंटिनो पेरेज ने किलियन एमबाप्पे को नए मैड्रिड खिलाड़ी के रूप में पेश किया।

रियल मैड्रिड से जुड़े एमबाप्पे

मैड्रिड। स्टार फुटबॉलर काइलियान एमबाप्पे ने मंगलवार को खचाखच भरे सेंटियागो बर्नब्यु स्टेडियम में अंतत: रियल मैड्रिड की जर्सी पहनकर अपना बचपन का सपना पूरा किया। क्लब के सबसे नए खिलाड़ी को आधिकारिक रूप से पेश करने के लिए आयोजित समारोह के दौरान फ्रांस के 25 साल के स्टार के स्वागत के लिए बर्नब्यु स्टेडियम में लगभग 80 हजार प्रशंसक मौजूद थे। एमबाप्पे ने स्पेन की दिग्गज टीम के साथ पांच साल का करार किया है। फ्रांस का यह खिलाड़ी जब क्लब अध्यक्ष फ्लोरेंटिनो पेरेज के साथ स्टेडियम पहुंचा तो मैड्रिड के प्रशंसकों ने उनकी खूब हौसला अफजाई की। नौ नंबर की जर्सी पहने हुए एमबाप्पे ने मुस्कुराते हुए अपने प्रशंसकों की ओर हाथ हिलाया जो उनका नाम ले रहे थे। फिर उन्होंने पेरेज और मैड्रिड के पूर्व खिलाड़ी और कोच जिनेदिन जिदान को गले लगाया जिन्होंने एमबाप्पे को स्पेनिश क्लब में पहली बार आने के लिए आमंत्रित किया था जब वह सिर्फ एक किशोर थे।

टी-20 में हार्दिक होंगे भारत के कप्तान

नई दिल्ली, एजेंसी

- श्रीलंका के खिलाफ तीन मैचों की टी-20 शृंखला खेलेगी टीम इंडिया
- सचिव ने कहा- स्टार क्रिकेटरों को भी खेलेने होंगे घरेलू मैच

स्टार हरफनमौला हार्दिक पंड्या श्रीलंका के खिलाफ 27 जुलाई से शुरू हो रही तीन मैचों की टी-20 क्रिकेट शृंखला में भारत के कप्तान होंगे। पंड्या निजी कारणों से अगस्त में होने वाली तीन मैचों की वनडे शृंखला नहीं खेलेंगे।

बीसीसीआई के एक सीनियर सूत्र ने बताया हार्दिक पंड्या भारतीय टी-20 टीम के उपकप्तान थे। वह पूरी तरह फिट हैं और तीन मैचों की टी-20 शृंखला के लिए उपलब्ध भी लिहाजा वह कप्तान होंगे। रोहित शर्मा ने विश्व कप जीतने के बाद टी-20 क्रिकेट को अलविदा कह दिया। टी-20 शृंखला 27 से 30 जुलाई तक पल्लेकेले में खेली जाएगी जबकि वनडे दो से सात अगस्त तक कोलंबो में होंगे। टीम की घोषणा अगले कुछ दिन में होगी। अभी यह तय नहीं है कि उपकप्तान शुभमन गिल होंगे या सूर्यकुमार यादव। वनडे शृंखला के बारे में अधिकारी ने बताया कि पंड्या ने निजी कारणों से ब्रेक मांगा है और नियमित कप्तान रोहित शर्मा को इसकी जानकारी दे दी है।

बीसीसीआई सचिव जय शाह ने साफ तौर पर कहा है कि अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट नहीं खेलने पर सभी स्टार क्रिकेटरों को भी घरेलू क्रिकेट खेलना होगा।

रोहित, विराट कोहली और जसप्रीत बुमराह को छूट दी गई है। बीसीसीआई चाहता है कि बाकी सभी टेस्ट विशेषज्ञ अगस्त में दलीप ट्रॉफी का कम से कम एक मैच खेलें। इसके बाद टीम को बांग्लादेश और न्यूजीलैंड से टेस्ट शृंखला खेलनी है।

हरमनप्रीत टी-20 रैंकिंग में 12वें और शेफाली 15वें स्थान पर पहुंचीं

दुबई, एजेंसी

भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर और सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ हाल में समाप्त हुई शृंखला में शानदार प्रदर्शन के दम पर आईसीसी टी-20 रैंकिंग में क्रमशः 12वें और 15वें स्थान पर पहुंच गई हैं।

हरमनप्रीत तीन पायदान आगे बढ़ी हैं। उनके कुल 613 रेटिंग अंक हैं। शेफाली को दो स्थान का फायदा हुआ है। वह न्यूजीलैंड की अमेलिया केर और इंग्लैंड की डैनी वायट के साथ 15वें स्थान पर हैं। सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना पांचवें स्थान पर बनी हुई हैं और वह भारतीय खिलाड़ियों में शीर्ष पर काबिज हैं। गेंदबाजों की सूची में अनुभवी दीप्ति शर्मा तीसरे स्थान पर बनी हुई हैं। राधा यादव आठ पायदान चढ़कर 15वें, पूजा वस्त्राकर छह पायदान ऊपर 23वें और श्रेयंका पाटिल नौ पायदान ऊपर चढ़कर 60वें स्थान पर पहुंच गईं हैं। इंग्लैंड की स्पिनर सारा ग्लेन ने 768 अंकों के साथ अपने करियर की नई सर्वोच्च रेटिंग हासिल की है। उन्होंने न्यूजीलैंड के खिलाफ मौजूदा टी-20 अंतर्राष्ट्रीय शृंखला के चार मैचों में आठ विकेट चटकाए हैं। वह पहले की तरह दूसरे स्थान पर बनी हुई हैं। उनकी साथी सोफी एक्लेस्टोन शीर्ष पर काबिज हैं।

बॉलीवुड हलचल

स्त्री 2 का नया पोस्टर रिलीज

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेत्री श्रद्धा कपूर और राजकुमार राव की आने वाली फिल्म स्त्री 2 का नया पोस्टर रिलीज हो गया है। श्रद्धा कपूर और राजकुमार राव की हॉरर-कॉमेडी फिल्म स्त्री सुपरहिट साबित हुई थी। जल्द ही स्त्री का सीक्वल स्त्री 2 प्रदर्शित होने वाली है। अमर कौशिक के निर्देशन में बनी स्त्री 2 का नया पोस्टर रिलीज हो गया है। श्रद्धा कपूर ने सोशल मीडिया पर फिल्म स्त्री 2 का एक पोस्टर साझा करते हुए ट्रेलर रिलीज की जानकारी दी है। श्रद्धा कपूर ने बताया कि स्त्री 2 का ट्रेलर 18 जुलाई को जारी किया जाएगा। अपने एक्स अकाउंट पर श्रद्धा ने नया पोस्टर साझा करते हुए लिखा, एक बड़ी सूचना, ओ स्त्री आ रही है 2 दिन में। स्त्री 2 का ट्रेलर 2 दिन में जारी होगा। इस स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त, 2024 को लीजेंड वापस आ रहे हैं।

जाह्नवी कपूर की फिल्म उलझ का ट्रेलर रिलीज

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेत्री जाह्नवी कपूर की आने वाली फिल्म उलझ का ट्रेलर रिलीज हो गया है। जाह्नवी कपूर इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म उलझ को लेकर चर्चा में हैं। फिल्म उलझ का ट्रेलर रिलीज कर दिया है। उलझ में जाह्नवी के किरदार का नाम सुहाना भाटिया है, जो हार्वर्ड यूनिवर्सिटी से पढ़ी होती हैं और उन्हें सबसे युवा डिप्टी हाई कमिश्नर के रूप में नियुक्त किया जाता है। ट्रेलर में दिखाया गया है कि कैसे लंदन की एंबेसी में एक खबरी होता है, जिसकी वजह से हर मौजूदा शख्स शक के घेरे में होता है। जिसके बाद जाह्नवी कपूर उस खबरी को ढूंढने के लिए एड़ी से चोटी का दम लगाती हैं और खुद ही उनके जाल में फंस जाती हैं। जंगली पिक्चर्स प्रस्तुत, सुधांशु सारिया के निर्देशन में बनी फिल्म उल्झ में जान्हवी कपूर के अलावा गुलशन देवैया, मियांग चेंग भी अहम भूमिका में नजर आएंगे। यह फिल्म 02 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

फिल्म 'किंग' में शाहरुख खान के सामने विलेन बनेंगे अभिषेक बच्चन!

मुंबई। बॉलीवुड के जूनियर बी अभिषेक बच्चन फिल्म किंग में विलेन के किरदार में नजर आ सकते हैं। सिद्धार्थ आनंद की कंपनी मारफ्लिक्स पिक्चर्स और शाहरुख खान की होम प्रोडक्शन कंपनी रेड चिलीज एंटरटेनमेंट की आने वाली फिल्म किंग में शाहरूख खान और उनकी बेटी सुहाना की मुख्य भूमिका है। चर्चा है कि फिल्म किंग में अभिषेक बच्चन की भी एंट्री हो गई है। फिल्म किंग का निर्देशन सुजॉय घोष करेंगे। अभिषेक विलेन बनने जा रहे हैं। अभिषेक बच्चन औ शाहरुख खान इसके पहले कभी अलविदा न कहना और हैप्पी न्यू ईयर जैसी फिल्मों में काम कर चुके हैं। किंग की शूटिंग की तैयारियां इन दिनों लंदन में तेजी से चल रही हैं। शूटिंग नवंबर महीने में शुरू होगी और यह फिल्म अगले साल दिसंबर में रिलीज हो सकती है।

बदलाव जरूरी पेरिस खेलों में 30 से भी अधिक वर्षों के बाद क्ले कोर्ट पर होगी ओलंपिक की टेनिस स्पर्धा

लाल बजरी पर भिड़ने को तैयार टेनिस के दिग्गज

पेरिस, एजेंसी

ओलंपिक के दौरान अधिकांश खेलों में प्रतिस्पर्धा की सतह नहीं बदलती लेकिन टेनिस ऐसा खेल है जिसकी सतह टूर्नामेंट के साथ बदल सकती है। पेरिस खेलों के दौरान 30 से भी अधिक वर्षों के बाद ओलंपिक की टेनिस स्पर्धा लाल बजरी (क्ले कोर्ट) पर होगी। टेनिस मुकाबले उसी रोलां गैरो पर होंगे जिसने जून की शुरुआत में फ्रेंच ओपन की मेजबानी की थी।

खिलाड़ियों ने फ्रेंच ओपन के बाद जुलाई की शुरुआत में होने वाले विंबलडन के लिए खुद को घास के कोर्ट के अनुकूल ढाला और अब एक बार फिर उन्हें बेहद कम समय में क्ले कोर्ट से सामंजस्य बैठाना होगा। विंबलडन खत्म होने के दो हफ्ते बाद 27 जुलाई से रोलां गैरो ओलंपिक की टेनिस स्पर्धा की मेजबानी करेगा और कुछ खिलाड़ियों के लिए यह अधिक चिंता की बात है। शीर्ष 10 में शामिल अमेरिका की जेसिका पेगुला ने कहा, यह निश्चित तौर पर रोमांचक होगा लेकिन सभी को ऐसा करना पड़ेगा। हम सभी एक ही नाव में सवार हैं। पेगुला को महिला एकल के अलावा अमेरिकी ओपन चैंपियन कोको गॉफ के साथ महिला युगल में भी हिस्सा लेना है। पेगुला ने कहा मुझे आम तौर पर कोर्ट बदलने के साथ खेल बदलने में परेशानी नहीं होती। मुझे यहां के कोर्ट पसंद हैं। पेरिस में जब मौसम गर्म होता है तो कोर्ट से गेंद काफी अच्छी तरह आती है। कजाखिस्तान की एलेना रिबाकिना ने कहा मैं पहली बार घास के कोर्ट पर खेलने के बाद क्ले कोर्ट पर खेलूंगी। यह आसान नहीं होता। शारीरिक तौर पर यह आसान नहीं होता, मानसिक तौर पर भी।

सुमित को करियर की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग

नई दिल्ली। ओलंपिक के लिए क्वालीफाई कर चुके सुमित नागल एटीपी टेनिस एकल रैंकिंग में करियर के सर्वश्रेष्ठ 68वें स्थान पर पहुंच गए हैं। सोमवार को जारी नवीनतम एटीपी रैंकिंग में 26 साल के नागल को पांच स्थान का फायदा हुआ है। उनकी पिछली सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग 71 थी। नागल इस तरह दुनिया के 71वें नंबर के पूर्व खिलाड़ी शशि मेनन को पीछे छोड़कर 1973 से सर्वोच्च रैंकिंग वाले भारतीय खिलाड़ियों की सूची में चौथे स्थान पर पहुंच गए। पिछले कुछ समय में प्रभावी नतीजों की बदौलत नागल की रैंकिंग में सुधार हुआ है और साथ ही वह पेरिस ओलंपिक के एकल वर्ग में क्वालीफाई करने में भी सफल रहे।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उ.प्र.), पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, कार्यकारी संपादक- नवीन गुप्ता* 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल-amritvichar120@gmail.com, info@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

ओमान की मस्जिद में गोलीबारी पांच की मौत, कई लोग घायल

दुबई, एजेंसी

- पाकिस्तान की सरकार का दावा घटना में उसके चार नागरिक मारे गए और 30 घायल हो गए
- ओमान की सरकारी समाचार एजेंसी ने बताया कि तीन हमलावर मारे गए

ओमान की एक शिया मस्जिद में कई हमलावरों द्वारा की गई गोलीबारी में पांच लोगों की मौत हो गई और एक पुलिस अधिकारी सहित कई अन्य घायल हो गए। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पाकिस्तान की सरकार ने दावा किया है कि इस घटना में उसके चार नागरिक मारे गए हैं और 30 घायल हो गए हैं।

रॉयल ओमान पुलिस ने एक बयान में कहा कि यह गोलीबारी ओमान की राजधानी मस्कट के वादी कबीर इलाके में सोमवार रात को हुई। ओमान की सरकारी समाचार एजेंसी ने बताया कि तीन हमलावर मारे गए।

एजेंसी ने जानकारी दी इस घटना में विभिन्न देशों के 28 नागरिक घायल हो गए हैं। गोलीबारी की यह घटना आशूरा की पूर्व संध्या पर हुई। आशूरा पैगंबर मुहम्मद के नवासे इमाम हुसैन की शहादत की याद में मनाया जाता है। पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि वह इमाम बारगाह अली बिन अबू तालिब मस्जिद पर हुए कायराना आतंकवादी हमले की कड़ी निंदा करता है।

पाकिस्तान के सूचना कार्यालय द्वारा जारी एक अलग बयान में कहा गया कि सरकार इस बात से खुश है कि ओमान सरकार ने हमलावरों को मार गिराया है और पाकिस्तान ने मुहर्रम के पवित्र महीने में इस जघन्य अपराध के लिए जिम्मेदार लोगों को न्याय के कठघरे में लाने में सहायता की पेशकश की है।

ओमान की पुलिस ने कहा है कि इलाके में सुरक्षा बढ़ाने के लिए सभी जरूरी कदम उठाए गए हैं। सोशल मीडिया पर हमले से जुड़े कई वीडियो वायरल हो रहे हैं।

नेपाल के नए उप प्रधानमंत्री से मिले भारतीय राजदूत

काठमांडू, एजेंसी

- द्विपक्षीय हितों एवं आपसी चिंताओं से संबंधित मामलों पर चर्चा की

नेपाल में भारतीय राजदूत नवीन श्रीवास्तव ने मंगलवार को नवनियुक्त उप प्रधानमंत्री प्रकाश मान सिंह और विदेश मंत्री डॉ. आरजू राणा से मुलाकात की और द्विपक्षीय हितों एवं आपसी चिंताओं से संबंधित मामलों पर चर्चा की। श्रीवास्तव ने शहरी विकास मंत्री सिंह और राणा से उनके कार्यालयों में मुलाकात की। दोनों ने प्रधानमंत्री के.पी. शर्मा ओली के नेतृत्व वाली नेपाल कम्युनिस्ट पार्टी-एकीकृत मार्क्सवादी लेनिनवादी (सीपीएन-यूएमएल) और नेपाली कांग्रेस की गठबंधन सरकार के हिस्से के रूप में सोमवार को पदभार ग्रहण किया। मंत्रालय के सूत्रों ने बताया, बैठक के दौरान श्रीवास्तव और सिंह ने द्विपक्षीय हितों और आपसी चिंताओं से संबंधित मामलों पर चर्चा की।

इस अवसर पर राजदूत श्रीवास्तव ने उप प्रधानमंत्री सिंह को सफल कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भारत आपसी सहयोग बढ़ाने के लिए तैयार है। बैठक के बाद मंत्रालय में सचिव मणिराम गेलल ने मीडियाकर्मियों को बताया, इस अवसर पर उप प्रधानमंत्री सिंह और राजदूत श्रीवास्तव ने नदी प्रदूषण नियंत्रण और ठोस अपशिष्ट प्रबंधन में भारत के संभावित सहयोग पर चर्चा की।

आरक्षण को लेकर हिंसा, चार की मौत

ढाका, एजेंसी

- बांग्लादेश में प्रदर्शनकारियों के बीच रातभर हुई हिंसक झड़प में 100 से अधिक लोग घायल
- सैकड़ों पुलिसकर्मी रात भर देश भर के सार्वजनिक विश्वविद्यालय परिसरों में तैनात रहे

ढाका में सरकार समर्थक छात्र संगठन और छात्र प्रदर्शनकारियों के बीच हिंसक झड़प के दौरान पुलिस ने बरसाईं लाठियां। ● एजेंसी

बांग्लादेश के प्रमुख शहरों में सरकारी नौकरियों में आरक्षण की व्यवस्था में सुधार की मांग कर रहे प्रदर्शनकारियों और पुलिस के बीच हुई झड़प में मंगलवार को तीन विद्यार्थियों सहित कम से कम चार लोगों की मौत हो गई और 100 से अधिक अन्य लोग घायल हो गए।

अधिकारियों को मंगलवार को चार प्रमुख शहरों में अर्धसैनिक बल बॉर्डर गार्ड बांग्लादेश (बीजीबी) के जवानों को बुलाने के लिए मजबूर होना पड़ा। इससे पूर्व सैकड़ों पुलिसकर्मी रात भर देश भर के सार्वजनिक विश्वविद्यालय परिसरों में तैनात रहे। यह झड़पें सोमवार को तब शुरू हुईं, जब सत्तारूढ़ अवामी लीग के छात्र मोर्चे के कार्यकर्ता प्रदर्शनकारियों के सामने आ गए। प्रदर्शनकारी इस बात पर जोर दे रहे थे कि मौजूदा आरक्षण व्यवस्था सरकारी सेवाओं में मेधावी छात्रों के नामांकन को काफी हद तक रोक रही है। मीडिया खबरों के अनुसार, हिंसा में उत्तरपूर्वी रंगपुर में स्थित विश्वविद्यालय के एक छात्र, राजधानी ढाका में एक छात्र और दक्षिणपूर्वी चटगांव में एक छात्र व एक राहगीर सहित दो लोगों की मौत हो गई।

एक नजर

26 सितंबर को संरा महासभा के सत्र को संबोधित करेंगे मोदी

संयुक्त राष्ट्र। संयुक्त राष्ट्र द्वारा जारी वक्ताओं की अनंतिम सूची के अनुसार, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी यहां उच्च स्तरीय संयुक्त राष्ट्र महासभा सत्र को संभवत: 26 सितंबर को संबोधित करेंगे। संयुक्त राष्ट्र महासभा के 79वें सत्र की उच्च स्तरीय आम बहस 24 से 30 सितंबर तक होगी। संयुक्त राष्ट्र द्वारा सोमवार को जारी वक्ताओं की अनंतिम सूची के अनुसार, भारत के राष्ट्राध्यक्ष 26 सितंबर की दोपहर में उच्च स्तरीय सत्र को संबोधित करेंगे। यह अंतिम सूची नहीं है। संयुक्त राष्ट्र उच्च स्तरीय सत्र से पहले के सप्ताहों में वक्ताओं की अद्यतन अनंतिम सूची जारी करता है।

भारत का समर्थन गर्व का विषय : यूएनआरडब्ल्यूए

यरुशलम। गाजा पट्टी में फलस्तीनी शरणार्थियों के लिए काम करने वाली एजेंसी ने मंगलवार को वृहद राजनीतिक और वित्तीय चुनौतियों के बावजूद भारत के निरंतर समर्थन को गर्व का विषय बताया। भारत ने फलस्तीनी शरणार्थियों के लिए संयुक्त राष्ट्र की राहत एवं कार्य एजेंसी (यूएनआरडब्ल्यू) के मुख्य कार्यक्रम और सेवाओं के लिए सोमवार को 25 लाख अमेरिकी डॉलर की सहायता दी।

रूसी विदेश मंत्री लावरोव पहुंचे न्यूयॉर्क

न्यूयार्क। रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव न्यूयॉर्क पहुंच गए हैं और वह 16-17 जुलाई को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की मंत्रिस्तरीय बैठक की अध्यक्षता करेंगे। स्पूतनिक संवाददाता ने मंगलवार को बताया कि गत एक जुलाई को रूस ने एक महीने के लिए संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की अध्यक्षता संभाली। लावरोव आज बहुपक्षीय सहयोग पर होने वाली वार्ता में शामिल होंगे और बुधवार को वह फिलिस्तीनी मुद्दे सहित मध्य पूर्व की स्थिति पर मंत्रिस्तरीय बैठक की अध्यक्षता करेंगे।

अमेरिका में बर्ड फ्लू के चार नए मानव मामले

लॉस एंजिल्स। अमेरिका के कोलोराडो प्रान्त में बर्ड फ्लू संक्रमण के चार नए मानव मामलों की पुष्टि की गई है जिससे वर्ष 2022 से इसके कुल नौ मामले दर्ज हो गये। अमेरिका के रोग नियंत्रण और रोकथाम केंद्र (सीडीसी) ने यह जानकारी दी। सीडीसी द्वारा जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार, राज्य द्वारा शुक्रवार को चार अनुमानित सकारात्मक मामले दर्ज किए गए और सीडीसी ने रविवार को संक्रमण की पुष्टि की।

मॉरीशस की प्रगति में रहेगा भारत का समर्थन: जयशंकर

विशेष द्विपक्षीय संबंधों को आगे बढ़ाने यात्रा पर आए विदेश मंत्री

पोर्ट लुईस (मॉरीशस), एजेंसी

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने 7वीं पीढ़ी के मॉरीशस नागरिकों को ओवरसीज सिटिजन ऑफ इंडिया कार्ड वितरित किए। साथ में मॉरीशस के प्रधानमंत्री प्रविंद कुमार जगन्नाथ।

विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने मंगलवार को मॉरीशस की प्रगति और समृद्धि की दिशा में भारत के निरंतर और सतत समर्थन की पुष्टि की। जयशंकर विशेष द्विपक्षीय संबंधों को आगे बढ़ाने के लिए मॉरीशस के नेतृत्व के साथ सार्थक बातचीत के लिए दो दिवसीय यात्रा पर यहां आए हैं। हिंद महासागर के इस द्वीपीय देश की यह यात्रा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के तीसरे कार्यकाल में पुनः नियुक्ति के बाद जयशंकर द्वारा की गई पहली द्विपक्षीय बैठकों में से एक है।

जयशंकर ने मॉरीशस के प्रधानमंत्री प्रविंद जगन्नाथ की उपस्थिति में आयोजित एक कार्यक्रम में कहा, मॉरीशस के साथ भारत के संबंध मजबूत और बहुआयामी साझेदारी में तब्दील हो गए हैं। मॉरीशस के साथ द्विपक्षीय संबंध विदेशों में भारत के सफल विकास सहयोग का एक आदर्श उदाहरण है। इस कार्यक्रम में भारत द्वारा वित्तपोषित 12 उच्च प्रभाव सामुदायिक विकास परियोजनाओं का उद्घाटन, शिक्षा, संस्कृति, आव्रजन अभिलेखागार के डिजिटलीकरण तथा अंतरिक्ष एवं नवाचार के क्षेत्र में सहयोग पर समझौता ज्ञापनों का आदान-प्रदान किया गया। जयशंकर और जगन्नाथ ने मॉरीशस में सातवीं पीढ़ी के भारतीय मूल के लोगों को ओसीआई कार्ड भी सौंपे। यह यात्रा भारत एवं मॉरीशस के संबंधों के महत्व को रेखांकित करती है और यह भारत की पड़ोस प्रथम की नीति, विजन सागर और ग्लोबल साउथ (अल्प विकसित देशों) के प्रति प्रतिबद्धता को प्रतिबिंबित करती है। मॉरीशस स्थित भारतीय उच्चायोग की वेबसाइट के अनुसार, ऐतिहासिक, जनसांख्यिकीय और सांस्कृतिक कारणों से भारत के पश्चिमी हिंद महासागर में स्थित द्वीपीय राष्ट्र मॉरीशस के साथ घनिष्ठ एवं दीर्घकालिक संबंध हैं। उसने कहा कि विशेष संबंधों का एक प्रमुख कारण यह तथ्य है कि द्वीप की 12 लाख की आबादी में लगभग 70 प्रतिशत भारतीय मूल के लोग हैं।

गुरुद्वारा में हमले की जांच घृणा अपराध के रूप में की जा रही

लंदन। दक्षिण-पूर्व इंग्लैंड में पिछले हफ्ते एक गुरुद्वारा में हुए हमले की जांच घृणा अपराध के रूप में की जा रही है। स्थानीय पुलिस ने यह जानकारी दी। इस घटना के सिलसिले में 17 वर्षीय एक किशोर को गिरफ्तार किया गया और उसपर कई आरोपों के तहत मामला दर्ज किया गया है। केंट पुलिस ने कहा कि किशोर मेडस्टोन क्राउन कोर्ट में पेश हुआ। उसे गंभीर शारीरिक नुकसान पहुंचाने के साथ-साथ हिंसा की धमकी देने, धारदार हथियार से व्यक्ति को धमकी देने और सार्वजनिक स्थान पर धारदार वस्तु रखने को लेकर आरोपित किया गया।

ग्रेवसेंड स्थित श्री गुरुनानक दरबार गुरुद्वारा में 11 जुलाई को हुई घटना को लेकर उसे अदालत ने जमानत दे दी और एक मानसिक स्वास्थ्य संस्थान के अधिकारियों ने उसे तुरंत हिरासत में ले लिया। केंट पुलिस के लिए नॉर्थ केंट डिवीजनल कमांडर, मुख्य अधीक्षक एंगी चम्पन ने कहा, यह एक अलग-थलग घटना है। शुरूआती जांच से पता चलता है कि यह आतंकवाद से जुड़ी घटना नहीं है। उन्होंने कहा, घटना की जांच घृणा से प्रेरित अपराध के तौर पर कर रहे हैं। जांच के दौरान सहयोग करने के लिए स्थानीय समुदाय का मैं शुक्रिया अदा करना चाहती हूं।

इजराइल की गाजा पर बमबारी में 60 की मौत

दीर अल बलाह (गाजा पट्टी), एजेंसी

इजराइल द्वारा सोमवार-मंगलवार की दरमियानी रात एवं मंगलवार को गाजा पट्टी के मध्य क्षेत्र पर की गई बमबारी में महिलाओं और बच्चों सहित 60 से अधिक लोगों की मौत हो गई। इनमें से एक हमला इजराइल द्वारा घोषित सुरक्षित क्षेत्र में भी किया गया। इजराइल ने सबसे घातक हमला दोपहर में किया जो मुवासी के दक्षिणी शहर खान यूनिस के बाहर एक गैस स्टेशन के पास हुआ।

खान यूनिस के नसर अस्पताल के अधिकारियों ने बताया कि हमले में 17 लोगों की मौत हुई है। यह हमला उसी इलाके में हुआ, जहां गाजा के स्वास्थ्य अधिकारियों ने कहा था कि शनिवार को हुए हमले में 90 से ज्यादा से फलस्तीनियों की मौत हो गई थी। इजराइल ने कहा था कि हमला हमास के शीर्ष सैन्य कमांडर मोहम्मद देइफ को निशाना बनाकर किया गया था। एक अन्य हमला नुसरियात और जोवाइदा के शरणार्थी शिविरों पर किया गया, जिनमें 10 महिलाओं और चार बच्चों सहित कम से कम 24 लोगों की मौत हो गई। एक अन्य गोला नुसरियात के एक स्कूल पर गिरा जिसमें लोगों ने शरण ले रखी थी। इस हमले में कम से कम नौ लोगों की मौत हो गई। चिकित्सा अधिकारियों और एसोसिएटेड प्रेस के संवाददाताओं के मुताबिक खान यूनिस और दक्षिणी गाजा में सोमवार रात को किए गए दो हमलों में 12 लोगों की मौत हुई है। पश्चिमी तट पर भी हिंसा बढ़ गई है। मंगलवार को एक फलस्तीनी ने एक इजराइली पुलिसकर्मी को चाकू से हमला कर मामूली रूप से घायल कर दिया। जवाब में एक दूसरे अधिकारी ने गोली चलाई जिससे हमलावर की मौत हो गई।

लेबनान पर इजराइली हमलों में दो मारे गए

बेरूत। लेबनान के दक्षिणी सीमावर्ती गांवों पर सोमवार को इज़रायली हवाई हमलों में दो नागरिक मारे गए और चार अन्य घायल हो गए। लेबनान के सैन्य सूत्रों ने बताया कि इज़राइली सेना ने सात कस्बों और गांवों पर नौ हवाई हमले किए और दस सीमावर्ती कस्बों और गांवों पर लगभग 50 गोले दागे। सूत्रों ने बताया कि इज़रायली युद्धक विमान ने सीमा क्षेत्र के मध्य भाग में बिंट जेबिल शहर में एक घर पर दो हवा से सतह पर मार करने वाली मिसाइलों से हमला किया, जिसमें दो नागरिक मारे गए और परिवार का तीसरा व्यक्ति घायल हो गया।

नेपाल भूस्खलन मामले में अब तक 14 शव निकाले गए

काठमांडू। नेपाल में यात्रियों की दो बसों के बीते शुक्रवार को भूस्खलन के मलबे के साथ बह जाने की घटना में बचावकर्मियों ने अब तक 14 शव निकाले हैं, जिनमें से छह शव भारतीय नागरिकों के हैं। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि दोनों बसों में कुल 65 यात्री सवार थे। आठ शवों की शिनाख्त कर उन्हें परिजनों को सौंप दिया गया है। इसमें से छह भारतीय नागरिक हैं। अन्य की शिनाख्त के प्रयास जारी हैं।

नेपाल की राजधानी को देश के दक्षिणी हिस्सों से जोड़ने वाले मुख्य राजमार्ग पर काठमांडू से करीब 120 किलोमीटर पश्चिम में सिमलताल के पास शुक्रवार की सुबह दो बसें भूस्खलन के मलबे के साथ बह गई थीं। चितवन जिला प्रशासन कार्यालय ने दोनों बसों में सवार कुल 65 लोगों के नाम और विवरण के साथ एक सूची प्रकाशित की। एक बस में 38 लोग और दूसरी में 27 लोग सवार थे। एक बस से किसी तरह बाहर निकलने के बाद तीन लोग बच गए। पुलिस और सेना के सैकड़ों बचावकर्मियों ने मंगलवार को नदी और निचले इलाकों में खोज की, लेकिन उन्हें अभी तक दोनों लापता बसों का कोई सुराग नहीं मिल पाया है।

मैक्रों ने प्रधानमंत्री का इस्तीफा स्वीकार किया

पेरिस। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने प्रधानमंत्री का इस्तीफा मंगलवार को स्वीकार कर लिया, लेकिन उन्हें कार्यवाहक सरकार का प्रमुख बनाए रखा है। राष्ट्रपति कार्यालय ने एक बयान में कहा कि मैक्रों ने मंगलवार को प्रधानमंत्री गेब्रियल एटल और अन्य मंत्रियों का इस्तीफा स्वीकार कर लिया।

बयान में कहा गया है कि एटल और सरकार के अन्य सदस्यों को नई सरकार नियुक्त होने तक मौजूदा मामलों को संभालना है। मैक्रों नए प्रधानमंत्री का नाम कब घोषित करेंगे, निश्चित समयसीमा नहीं है। फ्रांस इस महीने के आखिर में पेरिस ओलंपिक खेल की मेजबानी करने जा रहा है। चुनाव में खराब प्रदर्शन के बाद एटल ने पिछले सप्ताह अपना इस्तीफे दे दिया। मैक्रों ने उनसे अगले निर्णय तक अस्थायी रूप से सरकार के प्रमुख के रूप में बने रहने को कहा।

वेल्स सरकार के प्रमुख वॉन गेथिंग देंगे इस्तीफा

लंदन, एजेंसी

- चुनाव प्रचार अभियान के लिए चंदे की राशि से जुड़े विवाद को लेकर फैसला लिया

वेल्स सरकार के प्रमुख वॉन गेथिंग ने मंगलवार को कहा कि उनके चुनाव प्रचार अभियान के लिए चंदे की राशि से जुड़े विवाद के सिलसिले में वह पद से इस्तीफा देंगे। गेथिंग ने कहा, मैंने आज सुबह, वेल्स लेबर पार्टी के नेता और सरकार के प्रमुख के तौर पर इस्तीफा देने का यह मुश्किल फैसला लिया। गेथिंग ने अपनी सरकार के चार मंत्रियों के इस्तीफे के बाद उनके भी त्यागपत्र की मांग किये जाने पर यह घोषणा की।

गेथिंग ने मार्च में वेल्स सरकार का प्रमुख चुने जाने के साथ इतिहास रच दिया था क्योंकि वह ब्रिटेन में किसी सरकार के पहले अश्वेत प्रमुख बने थे। वह चुनाव प्रचार अभियान के दौरान चंदा के रूप में 2,55,000 अमेरिकी डॉलर उस कंपनी से लेने को लेकर आलोचना का सामना कर रहे हैं जिसका मालिक पर्यावरणीय नियमों और स्वास्थ्य एवं सुरक्षा नियमन के उल्लंघन का दोषी पाया गया था। इस्तीफे से संबंधित बयान में गेथिंग ने कहा कि उन्हें उम्मीद थी कि गर्मियों के मौसम के दौरान मेरे नेतृत्व में पुनर्निर्माण और नवीकरण होगा। उन्होंने कहा, मुझे महसूस हुआ कि यह संभव नहीं है। वेल्स की आबादी लगभग 30 लाख है। यह ब्रिटेन के चार हिस्सों में एक है।

भारतवंशी गुर्गों वाले मादक पदार्थ गिरोह का भंडाफोड़

लंदन। ब्रिटेन की अपराध एजेंसी ने दो साल की जांच के बाद भारतीय मूल के गुर्गों से जुड़े एक संगठित आपराधिक गिरोह का भंडाफोड़ किया है। एजेंसी ने कहा कि वह विदेश में राजनीतिक लोगों से उनके संबंधों की जांच जारी रखेगी। नेशनल क्राइम एजेंसी (एनसीए) ने कहा कि रिकिन्दर हरे (36), नीलेन बलराज (34) और हितेश वडोलिया (54) गिरोह चला रहे थे और अपराध से अर्जित नकदी का धनशोधन करने और प्रतिबंधित श्रेणी ए और बी के मादक पदार्थों के वितरण के लिए जिम्मेदार हैं।

एनसीए के मुताबिक आरोपी 15 लाख ब्रिटिश पौंड के सरकारी अनुदान को धोखाधड़ी कर हड़पने के प्रयास के मामले में भी वांछित थे। बलराज को सोमवार को 13 वर्ष और छह महीने कारावास की सजा सुनाई गई। वहीं पिछले महीने हरे को एक वर्ष के कारावास की सजा सुनाई गई थी।

ट्रंप राष्ट्रपति उम्मीदवार घोषित

मिल्वौकी, एजेंसी

रिपब्लिकन नेशनल कन्वेंशन के पहले दिन रिपब्लिकन राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और उप राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार सीनेटर जे डी वेंस।

अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने आगामी राष्ट्रपति चुनाव में रिपब्लिकन पार्टी के उम्मीदवार बनने के लिए पार्टी के प्रतिनिधियों का आवश्यक बहुमत हासिल कर लिया है। उन्होंने विस्कॉन्सिन के मिल्वौकी में रिपब्लिकन नेशनल कन्वेंशन में प्रतिनिधियों का बहुमत हासिल किया है। ट्रंप अमेरिका के फ्लोरिडा प्रांत के प्रतिनिधियों से हासिल बहुमत से ही राष्ट्रपति उम्मीदवार की दौड़ में शामिल हुए हैं, जिसकी घोषणा उनके पुत्र एरिक ट्रंप ने की।

उल्लेखनीय है कि ट्रंप की 2016 में हिलेरी क्लिंटन के खिलाफ अपनी जीत और 2020 में वर्तमान राष्ट्रपति जो बाइडेन से अपनी हार के बाद वह लगातार तीसरे चुनाव में रिपब्लिकन पार्टी का नेतृत्व करेंगे। इससे पहले सोमवार को ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ के माध्यम से घोषणा की कि उन्होंने ओहियो के सीनेटर जे डी वेंस को अपना उप राष्ट्रपति पद का उम्मीदवार चुना है। वेंस, जो 2022 में अमेरिकी सीनेट के लिए चुने गए और जनवरी 2023 में पद की शपथ ली।

देश से जुड़े मुद्दों पर वेंस का रुख ट्रंप जैसा : बाइडन

वाशिंगटन। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने रिपब्लिकन पार्टी की ओर से उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार ओहायो के सीनेटर जे डी वेंस पर टिप्पणी करते हुए कहा कि देश से जुड़े मुद्दों पर उनका रुख ट्रंप के जैसा ही है। प्रचार के सिलसिलेवार कार्यक्रम के लिए नेवाडा रवाना होने से कुछ समय पहले एंड्रयूज वायु सेना अड्डे पर संवाददाताओं से बातचीत में बाइडन ने कहा, देश से जुड़े मुद्दों पर वेंस का रुख ट्रंप जैसा ही है। मुझे दोनों में कोई फर्क नजर नहीं आता।

खगोल विज्ञान शनि ग्रह के चंद्रमा टाइटन से होगी शुरुआत, नासा की जेट प्रोपल्शन लेबोरेटरी ने यह परियोजना तैयार की

बैलूनयान के जरिए होगा ग्रहों की जमीन से आसमान का अध्ययन

संवाददाता, नैनीताल

बैलून अंतरिक्ष यान का डिजाइन।

अमृत विचार: हमारे सौर मंडल के ग्रहों का अध्ययन रोबोट व हैलीकॉप्टर के जरिए होते आया है। जिसे विस्तार देते हुए अब बैलूनयान को शामिल किया जा रहा है, जो जमीन से लेकर आसमान का अध्ययन करने में कारगर साबित होगा। नासा की जेट प्रोपल्शन लेबोरेटरी ने यह परियोजना तैयार की है।

बैलून लोकोमोशन फॉर एक्सट्रीम टेरेन की खासियत यह है कि यह उड़ने के साथ चलने फिरने में भी सक्षम होगा। इस अवधारणा पर प्रारंभिक शोध 2018 में नासा इंस्टीट्यूट फॉर एडवांस्ड कॉन्सेप्ट्स द्वारा शुरू हुआ। शोध से पता चला कि गुब्बारे की स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए एक ही समय में दो विपरीत पैरों की आवश्यकता होगी। साथ ही जमीन भौतिक अवस्था को भी ध्यान में रखना होगा। ताकि प्रत्येक परिस्थितियों में पर गुब्बारे को सुरक्षित खड़ा रख सके। गुब्बारे को इस तरह से बनाया जाएगा, जो पृथ्वी के समान स्थितियों में वायुमंडल में तैर सकता हो। गुब्बारे के परीक्षण के लिए मंगल ग्रह भेजे जाने का विचार किया गया, लेकिन मंगल से बेहतर परिस्थितियां टाइटन पर हो सकती हैं। टाइटन दोनों परिस्थितियों में सर्वश्रेष्ठ है। जिसमें जमीनी व आसमानी वातावरण अनुकूल होगा।

टाइटन में देखने परखने के लिए कई दिलचस्प स्थान हैं, जिनमें क्रायोवोल्कैनो और मीथेन की झीलें शामिल हैं। जो टाइटन के वातावरण की जांच कर कई रहस्य उजागर कर सकेगा। इस योजना को लेकर अभी भी बहुत सारे डिज़ाइन पर विचार किया जा रहा है।

उन्नत होगी बैलून तकनीक

नैनीताल : नासा के वैज्ञानिकों का मानना है कि बैलून तकनीक उन्नत होगी। पिछले छह साल पहले इस पर विचार आया और इसे सफल बनाने के लिए शोध किया गया। दूसरे ग्रहों के वातावरण को अध्ययन में शामिल किया गया। प्रारंभिक तैयारियों के साथ इसे अमली जामा पहनाने की है। जिस पर जल्द कार्रवाई होने की उम्मीद है।

सौर मंडल का दूसरा सबसे बड़ा उपग्रह है टाइटन

नैनीताल : शनि ग्रह का चंद्रमा टाइटन हमारे सौर मंडल का दूसरा सबसे बड़ा चन्द्र है जो बृहस्पति के ग्यानिमेड चांद से थोड़ा ही छोटा है। टाइटन का व्यास 5150 किलोमीटर है। साथ ही ये हमारे पड़ोसी ग्रह मंगल से भी थोड़ा ही छोटा है। इस चांद में वायुमंडल की उपस्थिति ही सबसे मुख्य विशेषता है।

सैन्य छावनी पर हमले में 8 पाकिस्तानी सैनिक और 10 आतंकी मारे गए

पेशावर। पाकिस्तान के अशांत खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में एक प्रमुख सैन्य छावनी पर हुए हमले में पाकिस्तानी सेना के कम से कम आठ सैनिकों की मौत हो गई जबकि सुरक्षा बलों ने सभी 10 आतंकवादियों को मार गिराया। सेना ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

एक बयान में कहा गया है कि हमला करने वाले सभी 10 आतंकवादियों को भी मार गिराया गया। ये आतंकी सोमवार को बन्नू छावनी में घुसने की कोशिश कर रहे थे। बयान के मुताबिक, हमले का प्रयास असफल होने पर आंतकियों ने विस्फोटकों से लदे वाहन को छावनी की दीवार से टकरा दिया, जिससे दीवार का एक हिस्सा ढह गया और आस-पास के बुनियादी ढांचे को नुकसान पहुंचा।

जेल में बंद इमरान खान से पूछताछ करेगी पुलिस

लाहौर, एजेंसी

पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान से पंजाब पुलिस जेल में पूछताछ करेगी। इससे पहले आतंकवाद रोधी अदालत ने नौ मई हिंसा से जुड़े मामलों में खान की 10 की दिन की हिरासत उसे सौंप दी थी। पंजाब पुलिस ने लाहौर में एक वरिष्ठ सैन्य अधिकारी पर हमले सहित आतंकवाद के 12 मामलों में खान को रविवार को गिरफ्तार किया था। इससे पहले उन्हें और उनकी पत्नी बुशरा बीबी को इद्दत मामले में बरी कर दिया गया था।

खान रावलपिंडी की अडियाला जेल से सोमवार शाम को व्हाट्सएप पर वीडियो कॉल के जरिए लाहौर की आतंकवाद निरोधक अदालत की कार्यवाही में शामिल हुए और अपने खिलाफ लगे आरोपों को खारिज कर दिया। उनको गिरफ्तार का कारण यह सुनिश्चित करना था कि क्रिकेटर से राजनीतिक नेता बने खान जेल में ही बने रहें। खान ने कहा कि उन्होंने किसी को भी हिंसा के लिए नहीं उकसाया और कहा कि उनकी पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं के साथ घोर अन्याय हुआ है।

प्रतिबंध हताशा में उठाया कदम : मीडिया

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के प्रमुख अखबारों ने मंगलवार को जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी पर सरकार द्वारा लगाए गए प्रतिबंध की आलोचना करते हुए इसे हताशा और भयवश लिया गया राजनीतिक फैसला करार दिया और इसे वापस लेने की मांग की।